ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 2, अंक 273, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वा क्षुद्रग्रह 16
भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज 15

## 1200 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 23000 के करीब

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी

**नया रिकॉर्ड**

भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी 369.85 अंक यानी 1.64 प्रतिशत बढ़कर 22,967.65 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1.75 प्रतिशत उछलकर 22,993.60 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच निवेशकों की संपत्ति भी गुरुवार को 4.28 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

# छठे चरण में राजा भैया और धनंजय सिंह के बाहुबल की भी परीक्षा

## राजा भैया खुलकर अब सपा तो धनंजय भाजपा के साथ, दोनों ने ही साफ कर दिया कि वे चुनाव में तटस्थ नहीं

अजय दयाल, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की राजनीति में बाहुबली कहलाने वाले दो दिग्गजों के अचानक बदले मिजाज से चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। अब तक कई मौकों पर भाजपा के साथ खड़े राजा भैया ने अचानक सपा को समर्थन दे दिया तो वहीं, बसपा से नाराज धनंजय सिंह खुलकर भाजपा उम्मीदवारों का साथ देंगे। ऐसे में लोकसभा चुनाव के 6वें चरण में इन दोनों के प्रभाव की ही नहीं भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, विधायक और एमएलसी समेत भाजपा के सात सांसदों की भी अग्निपरीक्षा होनी है।

25 मई शनिवार को राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। हालांकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और पूर्व सांसद धनंजय सिंह का एक क्षेत्र विशेष में ही प्रभाव है लेकिन इन दिनों ठाकुर राजनीति पर चल रही गुणा-गणित के बीच दोनों के अब एक दूसरे के सामने होने से पूर्वांचल की राजनीति का प्रभावित होना स्वाभाविक है। खासकर प्रतापगढ़, कौशांबी और जौनपुर के साथ आसपास की लोकसभा सीटों का मुकाबला दिलचस्प होगा।

**भाजपा के सात सांसदों की अग्निपरीक्षा**

छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों में से सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव ''निरहुआ'' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है।

**कल इन 14 सीटों पर होगा मतदान :** सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज (एससी), आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (एससी) और भदोही सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा।

राजनीति के चश्मे से देखा जाए तो राजा भैया की छवि क्षत्रिय नेता के रूप में भी है। प्रतापगढ़, कौशांबी में उनका प्रभाव है। उप्र. के चुनावी परिदृश्य में राजा भैया, धनंजय सिंह ही नहीं अन्य क्षत्रिय नेताओं जैसे बृजभूषण शरण सिंह, ब्रजेश सिंह, अभय सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में क्षत्रियों को साधने की जुगत लगा रहे सत्तासीन दल के लिए राजा भैया का विपक्ष के साथ खड़ा होना चुनौती है। संभवतः यही कारण रहा कि राजा भैया के प्रभाव को कम करने की कोशिशें तेज हैं। पहले धनंजय सिंह को आगे किया अब कौशांबी की चायल सीट से सपा की बागी विधायक पूजा पाल को सामने लाने की तैयारी है। यह लड़ाई अब राजा भैया बनाम अनुप्रिया पटेल होकर आगे मिर्जापुर तक भी पहुंच चुकी है। राजा भैया ने एमएलसी, राज्यसभा, राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का साथ दिया और बदले में चाहा अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में मनमुताबिक उम्मीदवार जो मिला नहीं। वहीं, धनंजय ने अपनी जगह बसपा से पत्नी श्रीकला के लोस चुनाव का टिकट लिया जो कि ऐन वक्त पर कट गया। बसपा से नाराज धनंजय, गृहमंत्री अमित शाह से मिले और भाजपा के हो गए।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

# प्रधानमंत्री के साथ यह देश के भविष्य का भी चुनाव : मोदी

## प्रधानमंत्री ने हरियाणा में की चुनावी रैली, विपक्ष को सांप्रदायिक-जातिवादी बताया

महेंद्रगढ़ (हरियाणा), एजेंसी

- विपक्ष पर तंज, गाय के दूध देने से पहले घी को कर रहे झगड़ा



महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट की गई गदा। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का है, लेकिन आप केवल प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे बल्कि देश के भविष्य का भी चुनाव करेंगे। दावा किया कि इंडिया गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों-आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है। लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है।

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पहले ही बहाना बनाना शुरू कर दिया है कि हार के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए।

**हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे, यह मोदी की गारंटी**

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा। नब्बे के दशक के मध्य में राज्य में भाजपा के लिए काम करने के अपने दिनों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है, मेरे आपके साथ गहरे संबंध हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है कि हम हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने कांग्रेस के पापों को धोने के लिए कड़ी मेहनत की है।

**थाने के फोर्स के साथ पहुंचीं सीओ को उपद्रवियों ने दौड़ाया**

# रनियां में दो गुटों के बीच पथराव-फायरिंग, 16 घायल

संवाददाता, रनियां (कानपुर देहात)

**अमृत विचार:** रनियां के आर्यनगर प्रथम और फत्तेपुर रोशनाई गांव के कुछ युवकों के बीच बुधवार को मामूली मारपीट के बाद गुरुवार को बवाल हो गया। दो गुटों के बीच मारपीट, पथराव और फायरिंग के साथ बमबामी हुई, जिसमें 16लोगों के घायल होने की सूचना है। बवाल की सूचना पर थाने के फोर्स के साथ पहुंचीं सीओ को उपद्रवियों ने दौड़ा लिया। बाद में चार थानों के फोर्स के पहुंचने पर हालात काबू में हुए। देर रात तक भारी फोर्स तैनात रहा और दोनों गुटों के बीच तनाव के हालात हैं।

बुधवार को आर्यनगर में गोलगप्पे के ठेले वाले से फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों का मामूली बात पर विवाद हो गया था, लेकिन थोड़ी बाद मामला शांत हो गया था। एक पक्ष ने तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ नामजद, दस अज्ञात पर मारपीट का मामला दर्ज कराया था। मारपीट का केस दर्ज होने पर गुरुवार की शाम करीब चार बजे फिर राजेंद्रा चौराहे पर आर्यनगर और फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के साथ ही फायरिंग और बमबाजी शुरू हो गई। महिलाओं ने छतों से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद उपद्रवियों ने रास्ते से गुजरने वाले लोगों पर भी हमला बोल दिया और सड़क किनारे दुकानों में तोड़फोड़ कर दी। एक पत्रकार के ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय रनियां थाने की पुलिस के साथ पहुंची तो महिलाओं ने ईंट-पत्थर चलाते हुए दौड़ा लिया। मौके की नजाकत भांपते हुए सीओ लौट गईं। इस बीच हालात बेकाबू रहे। फोर्स गांव के बाहर खड़े तमाशबीन बना रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बवाल बढ़ने पर दोनों पक्षों की ओर से भीड़ भी बढ़ती गई। आर्यनगर के लड़कों ने फत्तेपुर रोशनाई के एक दुकानदार की दुकान में भी तोड़फोड़ शुरू की तो दुकानदार को अपनी लाइसेंसी बंदूक से मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने छत के ऊपर पहुंचकर गोली चलाने की धमकी दी। इस बीच दोनों पक्षों के बीच संघर्ष में चार लोगों के घायल होने की सूचना है। बाद में सीओ तनु उपाध्याय चार थानों के फोर्स के साथ पहुंचीं और किसी तरह हालात काबू में किया। देर रात तक हालात तनावपूर्ण बने रहे। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। देर रात कानपुर देहात के अपर पुलिस अधीक्षक के पीएसी के साथ गांव पहुंचने की सूचना है। फिलहाल इस बवाल को लेकर कोई भी पुलिस अधिकारी घायलों के बारे में कुछ भी जानकारी देने की स्थिति में नहीं है। सीओ तनु उपाध्याय का कहना है कि दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है।



बचाव में गोली चलाने की धमकी के साथ बंदूक ताने खड़ा दुकानदार।

- चार थानों की पुलिस पहुंचने के बाद काबू हुए हालात

## एक नजर

### राज्यपाल के खिलाफ ईसी में शिकायत

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल के राज्यपल सीवी आनंद बोस के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बोस ने कोलकाता में एक कार्यक्रम में भाजपा के चिह्न वाला एक बिल्ला लगाकर पार्टी के लिए प्रचार किया।

### सलमान ने याचिका से नाम हटाने को कहा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है।

### मुठभेड़ में माओवादी को मार गिराया

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले में गुरुवार दोपहर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ राजधानी से लगभग 90 किमी दूर खूंटी-चाईबासा-रांची सीमा के पास एक जंगल में हुई। रांची के आईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि मुठभेड़ में एक माओवादी संगठन का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया।

### मोबाइल कनेक्शन के सत्यापन का निर्देश

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को छह लाख से अधिक मोबाइल कनेक्शन के सत्यापन का निर्देश दिया है। ये ऐसे कनेक्शन हैं, जिन पर संदेह है कि ये गलत दस्तावेजों से प्राप्त किए गए हैं। विभाग ने कंपनियों को 60 दिन में इन नंबरों के सत्यापन को कहा है। विभाग ने 6.80 लाख मोबाइल कनेक्शन की पहचान की है। संदेह है कि ये गलत और जाली पहचान पत्र जैसे केवाईसी दस्तावेजों से लिए गए हैं।

## सुरक्षा बलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर-16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल गुरुवार सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई में सात नक्सली मारे गए।

# काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नई दिल्ली/जमशेदपुर, एजेंसी

- 16 साल की उम्र में हासिल की यह उपलब्धि
- पिता के साथ 20 मई को एवरेस्ट पर पहुंचीं



काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की।

जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी को फतह किया। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नौसेना अधिकारी की बेटी काम्या मुंबई के 'नौसेना बाल विद्यालय' में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस सफलता के साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की और नेपाल की ओर से एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की पहली भारतीय पर्वतारोही बन गई है। भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर काम्या की तस्वीरें साझा की।

## विनायक समूह की कई फर्मों पर आयकर विभाग का छापा

**संवाददाता, रुद्रपुर :** आयकर चोरी की आशंका के चलते लखनऊ इनकम टैक्स विभाग की टीम ने शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापेमारी कर दस्तावेज जब्त किए। आवास पर भी कई परिजनों को नजरबंद कर पूछताछ की जा रही है। गुरुवार को सुबह दस बजे लखनऊ से आई इनकम टैक्स विभाग की टीमें भारी पुलिस बल के साथ शहर पहुंचीं। टीमों ने गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट और विनायक प्लाई सहित कई फर्मों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। गल्ला मंडी में डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, आईटीओ दीपक सिंह व मुकेश सिंह ने मार्ट में घुसते ही वहां रखे दस्तावेज जब्त कर लिए। छह अलग-अलग टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म एवं उनके संचालकों के आवासों पर भी दबिश दी।

# सांसद की हत्या को दोस्त ने दी थी सुपारी

कोलकाता, एजेंसी

- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या का राजफाश

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी।

बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह एक सुनियोजित हत्या थी। सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था। उन्होंने कहा कि अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है। लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे।

# कांग्रेस ने कहा- निर्वाचन आयोग का सत्तापक्ष की ओर झुकाव का मतलब खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मतदान केंद्र वार डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार को निंदनीय बताया
- निर्वाचन आयोग ने कहा था-बिना सोचे-समझे डेटा जारी करने से बनेगी भ्रम की स्थिति

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र वार वोटिंग प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ झुक जाएगी तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम पैदा होगा। आयोग ने कहा कि मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इससे भ्रम हो सकता है क्योंकि इससे तस्वीरों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी थी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आयोग के किसी दस्तावेज में नाम तक नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी, न कोई प्रतिबंध लगाया और न कोई दोषारोपण किया।

**इंसानियत** — बिना किसी मदद के सैकड़ों शवों का अंतिम संस्कार कर चुके शरीफ गाजी

# अंतिम संस्कार के इंतजार में न पड़ा रहे कोई लावारिस शव

केपी शर्मा, बदायूं

- पुलिस भी लेती है मदद, मुस्लिम को दफन, हिंदू को देते हैं मुखाग्नि

**अमृत विचार :** कोई रिश्ता है न नाता, अमीरी-गरीबी की परवाह नहीं। शरीफ गाजी के लिए सिर्फ इतना काफी है कि इस शव का कोई वारिस नहीं। बस वह जुट जाते हैं और शव के धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इसमें किसी की मदद नहीं लेते। वह ऐसे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करा चुके हैं। पुलिस भी उनसे मदद लेती है। अब लोग उन्हें जेसीबी वाले शरीफ भाई के नाम से पहचानते हैं। उन्हें लावारिस शवों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं।



शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी शरीफ गाजी के पिता रियाकत अली क्रेन चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके निधन के बाद शरीफ गाजी ने भी क्रेन चलानी शुरू की। शरीफ गाजी बताते हैं कि साल 1991 में शहर की एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उस युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

दो दिन तक शव रखा रहा। उन्होंने सुना तो अच्छा नहीं लगा। इंसानियत कचोटने लगी। इसके बाद शव के अंतिम संस्कार का फैसला किया। अपने पैसे से सामान जुटाकर शव का अंतिम संस्कार किया। तभी से उन्हें लावारिस शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार करने का जूनून सवार हो गया। अब तक गिनती नहीं की कि कितने शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

**धर्म के अनुसार करते हैं अंतिम संस्कार**

जिले में जहां भी लावारिश शव मिलता शरीफ गाजी खुद वहां पहुंच जाते हैं और शव का अंतिम संस्कार करते हैं। पुलिस लावारिस शव बरामद करती है तो पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शरीफ भाई को याद करती है। शरीफ गाजी का कहना है कि मरने वाला जिस धर्म का होता है उसका अंतिम संस्कार उसी के अनुसार करते हैं। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने से दिली सुकून मिलता है। उनका कहना है कि शरीर एक मिट्टी है। उनके धर्म में मिट्टी को मिट्टी से मिलाना शबाब का काम होता है। शव का अच्छे से अंतिम संस्कार करना या दफन करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं।

**33 साल से नहीं ली किसी की मदद**

नेक कार्य के लिए जिला प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य की सराहना होती है। कुछ लोग तो उन्हें मुर्दों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं। वह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने के अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन भी कराते हैं। वह लगभग 33 साल से यह काम कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्होंने किसी की मदद नहीं ली। हां जो अपनी इच्छा से लकड़ी देता है तो ले लेते हैं लेकिन किसी के पास मदद के लिए नहीं जाते।

# जारी है तेज गर्मी का सितम, हो रही आंखों की नमी कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हैलट इमरजेंसी पर्चा काउंटर के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

- भीषण गर्मी व तेज धूप की तपिश से सूख रहा आंखों का पानी
- हैलट अस्पताल की ओपीडी में पहुंच रहे रोज 60 से 70 मरीज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और झुलसाने वाली तेज धूप की तपिश आंखों के लिए दुश्मन साबित हो रही है। दोपहर में काफी समय तक बाहर रहने से लोगों की आंखों का पानी सूख रहा है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति लापरवाही बरतता है तो आंखों में अल्सर होने की भी आशंका हो सकती है, इसलिए बचाव बेहद जरूरी है।

लंबे समय तक बाहर रहने की वजह से गर्म हवाओं से आंखों में नमी बनाए रखने वाली आंसू की परत (टियर फिल्म) सूख रही है। इस कारण लोगों को आंखों से संबंधित समस्याएं हो रही हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलट अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में पहुंचने वाले 150 नेत्र रोगियों में से 60 से 70 मरीज ड्राई आई की समस्या से ग्रस्त हैं। गर्मी में देर तक बाहर रहने वाले लोगों की आंखों में चुभन, कड़ापन, सूजन, मांसपेशियों में अकड़न और यहां तक की जख्म आंख की ऊपरी परत में हो रहे हैं। नेत्र रोग विभाग के प्रो. परवेज खान ने बताया कि आंखों में चिकनाई यानी आंसू की परत सूखने की समस्या लेकर 60 से 70 मरीज आ रहे हैं। आंखों में नमी बनाए रखने वाली आंसू की यह परत आंखों को सुरक्षा प्रदान करती है। टियर फिल्म में गड़बड़ी की वजह से आंसू नहीं बनते हैं बनते हैं तो जल्द सूख जाते हैं।

### थकान व भारीपन की भी हो रही दिक्कत



प्रो. परवेज खान।

प्रो. परवेज खान ने बताया कि गर्म हवा की वजह से आंखों की नमी सूखने से सूजन हो रही है। साथ ही आंखों में लालीपन, जलन व खुजली की समस्या भी बढ़ी है। ऐसे में मरीज को थकान और भारीपन की समस्या भी हो रही है। सूरज से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों (अल्ट्रा वायलेट-रे) से आंखों में कार्नियल बर्न हो रहा है। इस वजह से कुछ लोग धुंधला दिखने की बात कह रहे हैं। जबकि कुछ मरीजों की आंख की ऊपरी परत में जख्म भी देखे जा रहे हैं। आंख में अल्सर भी हो सकता है।

### हैलट में कंप्यूटर खराब तीमारदार हुए परेशान

**कानपुर।** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी पर्चा काउंटर का गुरुवार सुबह कंप्यूटर खराब हो गया। इस कारण काउंटर पर मरीजों की भीड़ एकत्र हो गई। इमरजेंसी पर्चा काउंटर पर पर्चा न बनने की जानकारी पर प्रमुख अधीक्षक और सीएमएस मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे तक तीमारदार परेशान रहे। हैलट अस्पताल की इमरजेंसी और बाल रोग विभाग में भर्ती होने वाले मरीजों के पर्चे व भर्ती फाइल इमरजेंसी काउंटर पर बनते हैं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे इमरजेंसी काउंटर का एक कंप्यूटर अचानक से खराब हो गया, जिस वजह से इमरजेंसी के पर्चे और फाइल बनने में समस्या खड़ी हो गई। बाद में कंप्यूटर ठीक किया गया और एक बजे पर्चे व फाइल बनना शुरू हो सके। इसी बीच प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह और सीएमएस डॉ. निलेश चंद्र त्रिपाठी ने जायजा भी लिया और काम सुचारू करवाया।

### ऐसे रखें अपनी आंखों को सुरक्षित

- गर्मी में अच्छी क्वालिटी के सन ग्लास लगाएं।
- घर पर एसी की जगह कूलर का इस्तेमाल करें।
- एसी में अधिक समय तक न रहें।
- आंखों में लुब्रीकेंट के आई ड्राप डालें।
- थोड़ी-थोड़ी देर में पानी से आंख धोते रहें।
- पानी खूब पीएं, जिससे डिहाइड्रेशन न होने पाए।
- आंखों में नमी के लिए जैल वाला आई ड्राप डालें।

# पुराने विवाद में पुजारी और ट्रस्टी में हाथापाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दबौली दुर्गा मंदिर में लंबे समय से चल रहा विवाद
- रतनलालनगर पुलिस ने चार को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** दबौली स्थित दुर्गा मंदिर में पुजारी और ट्रस्टी के बीच काफी समय से चल रहा विवाद गुरुवार को खुलकर सामने आ गया। पुजारी व उसके तीन पुत्रों और ट्रस्ट के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। गोविंद नगर पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया।

दबौली में प्रख्यात दुर्गा मंदिर का निर्माण पूर्व पार्षद कैलाश पाल समेत मोहल्लेवासियों ने दशकों पहले कराया था। ट्रस्टी कैलाश पाल ने अशोक कुमार दीक्षित को मंदिर के पुजारी के तौर पर नियुक्त किया था। अशोक कुमार दीक्षित लंबे समय से मंदिर की देखरेख व पूजा का कार्य कर रहे थे। बीमारी के कारण उनके बेटे निर्मल दीक्षित ने उनका कार्यभार संभाल लिया था। वहीं कैलाश पाल के भतीजे ललित पाल का आरोप है कि पुजारी अशोक दीक्षित मंदिर में अपने रिश्तेदारों व अन्य लोगों को साथ मंदिर के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। जिसको लेकर गुरुवार को ललित पाल व अशोक दीक्षित के बीच विवाद शुरू हो गया। कुछ ही देर में अशोक के पुत्र निर्मल, अजय और अमन पहुंच गए।

दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। हंगामे की सूचना पर रतनलाल चौकी प्रभारी अरविंद मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को हिरासत में लिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि चार लोग हिरासत में लिए गए हैं। अभी किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फांसी लगाने वाले युवक ने दम तोड़ा

**कानपुर।** बेकनगंज थानाक्षेत्र के तलाक महल में रहने वाले 30 वर्षीय मोहम्मद आवेश ने 16 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में दलेलपुरवा में गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। परिजनों ने फंदे पर छटपटाते देखा तो लोगों की मदद से उतारकर उसे सिविल लाइंस के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार देर रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### गाड़ी खड़ी करने को लेकर पड़ोसियों में मारपीट

**कानपुर।** हनुमंत विहार थानाक्षेत्र में आटो खड़ी करने को लेकर पड़ोसियों का आपस में विवाद हो गया। एयरफोर्स कर्मी ने पड़ोसी पर घर में घुस कर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों पक्षों को मेडिकल कराया। नारायणपुरी निवासी कुलदीप गुप्ता वायुसेना में हैं। बताया कि महाराजपुर निवासी आटो चालक राजेश कुमार सिंह उनके मकान में किराए पर रहता है। गुरुवार दोपहर राजेश आटो खड़ी कर घर आया था। तभी पड़ोसी युवक अपने बेटे के साथ आया और राजेश संग मारपीट करने लगा। उन पर भी हमला बोल दिया। बीच बचाव में पत्नी व बच्चों संग अभद्रता की। हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### युवक के खाते से उड़ाए 15 हजार, रिपोर्ट

**कानपुर।** साइबर ठग ने युवक के खाते से 15 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के विमान नगर निवासी रामसजीवन यादव के अनुसार 25 जनवरी उनके पास मैसेज आया कि फोन के माध्यम से खाते 15 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। जिस पर उन्होंने साइबर सेल और बैंक में जाकर शिकायत की। बैंक से उन्हें जनाकारी मिली कि किसी गणेश मीणा को रुपये ट्रांसफर किए गए गए हैं। जांच के बाद साइबर सेल ने चकेरी थाने में मामला भेजा। जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ।

### हैलट में ऑटोमैटिक मशीन से होगी सफाई

**कानपुर।** हैलट अस्पताल में पहली बार ऑटोमैटिक तकनीक से गंदगी साफ की जाएगी। इसके लिए हैलट में इमरजेंसी और वार्ड में सक्षम वैक्यूम क्लीनर मशीन आई है। प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह के मुताबिक मशीन ऑटोमैटिक होने के साथ ही पूरी तरह इलेक्ट्रिक भी है। इससे गंदगी को साफ करने में कर्मचारी को काफी मदद मिलेगी।

# अब संघर्ष होगा आर-पार, व्यापारी लंबा आंदोलन करने को तैयार

## कलक्टरगंज चावल मंडी में व्यापारियों की हुई आपात बैठक, नगर निगम को चेताया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारी, कर्मचारी अपने परिजनों सहित अनशन करेंगे
- कलक्टरगंज में कामर्शियल काम्पलैक्स का विरोध तेज



व्यापारियों ने बैठक कर आंदोलन की घोषणा की। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सौ वर्षों से अधिक समय से कलक्टरगंज बाजार में बसे, तीन पीढ़ियों से व्यापार करने वाले व्यापारियों को उजाड़ने का प्रयास किया गया तो व्यापारी, कर्मचारी व उनके परिजन सड़कों पर उतरकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा। यह बात भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल की चावल मंडी मे हुई अति आवश्यक बैठक में व्यापारियों ने कही। उन्होंने कहा कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी में कामर्शियल काम्पलैक्स का हर कीमत पर विरोध किया जाएगा।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल की गुरुवार को कलक्टरगंज चावल मंडी में हुई बैठक में व्यापारियों ने कहा कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी की जगह नजूल की है या नगर निगम की, इसकी जांच होनी चाहिए। अगर व्यापारियों को मंडी से उजाड़ने का प्रयास किया गया तो व्यापारी, कर्मचारी व उनके परिजन सड़क पर उतरकर धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। व्यापारियों ने कहा कि कलक्टरगंज के चार व्यापारियों की हार्ट अटैक पड़ चुका है, जिसमें दो व्यापारियों की मृत्यु हो चुकी है। व्यापारियों का किराया 2009 तक जमा किया जा चुका है। तय हुआ कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी में व्यापारियों को केवल स्थान का स्वामित्व चाहिए। इसके लिए जरूरत पड़ी तो अनिश्चित कालीन अनशन करेंगे।

बैठक में हरिश्चंद्र जायसवाल, केके गुप्ता, पंकज गुप्ता, शंकर लाल राठौर, राजा गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, सिद्दू जायसवाल, सुनील साहू, धर्मेंद्र गुप्ता, सरवन गुप्ता, रूद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, विजय गुप्ता, रमेश अग्रहरी, घनश्याम गुप्ता, अजय गुप्ता, विनोद पांडे आदि रहे।

### अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कलक्टरगंज बाजार में तीन पीढ़ियों से व्यापार करने वाले व्यापारियों को उजाड़ने का प्रयास किया गया तो अनिश्चितकालीन अनशन किया जाएगा। नगर निगम का तानाशाही भरा रवैया है जिसका हर कीमत पर व्यापारी समाज विरोध करेगा।

### सब मिल आंदोलन करेंगे

कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्र ने कहा कि व्यापारियों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। हम सभी मिलकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। कलक्टरगंज में कामर्शियल काम्पलैक्स बनने से यहां के हजारों व्यापारियों का व्यापार खत्म हो जाएगा। उनके परिवार कैसे चलेंगे, इस पर विचार करना चाहिए।

### परिजनों के साथ संघर्ष करेंगे

कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र शुक्ला व संयोजक अनुराग जायसवाल महामंत्री पवन गुप्ता ने कहा कि हमारी रोजी-रोटी का सवाल है। हम सब परिजनों के साथ संघर्ष करने को तैयार हैं। नगर निगम का प्रस्ताव सरासर अन्याय है। बाजार में बैनर लगाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# महिला की मौत पर जाजमऊ थाना घेरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ के वाजिदपुर इलाके में बुधवार देर रात हुआ था सड़क हादसा
- परिजनों ने कार्रवाई की मांग पर काटा हंगामा, एसीपी ने आश्वासन देकर शांत किया



थाने के अंदर हंगामा कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के वाजिदपुर इलाके में सड़क हादसे में महिला की मौत के बाद गुरुवार को परिजन इलाके के लोगों के साथ जाजमऊ थाने पहुंचे और घेराव किया। उन लोगों ने हंगामा कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार करने की मांग की। कार्यवाहक एसीपी कैंट ने कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद मामला शांत हुआ।

जाजमऊ के वाजिदपुर डबल पुलिया के पास बुधवार देर रात तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी थी। जिससे ई रिक्शा सवार वाजिदपुर निवासी 45 वर्षीय सुनीता की मौत हो गई थी। जबकि चालक प्रकाश उर्फ लंबू समेत उसमें सवार सूरज, हरिकेश, और रिंकू घायल हो गए थे। घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला था। पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती करा कार को कब्जे में लिया था। गुरुवार दोपहर मृतका के परिजन समेत इलाके के लोग जाजमऊ थाने पहुंचे। जहां पर उन्होंने थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर मौके पर चकेरी, कैंट और रेलबाजार थाने का फोर्स पहुंच गया। साथ ही कार्यवाहक एसीपी कैंट आशुतोष कुमार पहुंचे। उन्होंने परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर पीड़ित से तहरीर ली। जिसके बाद मामला शांत हुआ। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### चोरी की बाइक व तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** कैंट पुलिस ने चोरी की बाइक और तमंचा और कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश राय ने बताया कि योगेश कुमार निवासी ग्वालटोली को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत पुलिस लालकुर्ती में संदिग्ध वाहन सवारों को रोक-रोकर पूछताछ की जा रही थी, टोकने पर वह भागने लगा तभी गिरफ्तार कर लिया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से पत्नी की मौत, पति घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र की घटना
- महिला को रौंदते हुए भाग निकला ट्रैक्टर चालक

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में दवा लेकर लौट रहे बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे दंपति बाइक समेत काफी दूर जाकर घिसटते हुए चले गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक भागने के चक्कर में महिला को रौंदता हुआ फरार हो गया। उसकी मौत हो गई। पति भी घायल है।

चकेरी के ओमपुरवा निवासी अल्ताफ केस्को में ड्राइवर हैं। उनकी 28 वर्षीय पत्नी सलमा की बुधवार दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई। भाई शकील के अनुसार वह पति के साथ रमईपुर स्थित एक वैद्य के यहां दवा लेने गई थीं। दोपहर में बाइक से लौटते समय सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र स्थित गल्ला मंडी के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपति सड़क पर गिर पड़े। हादसा होते ही ट्रैक्टर चालक सलमा को रौंदते हुए भाग निकला। सेन पश्चिमपारा पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# दो दिन पूर्व पत्नी लापता पति ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा दो यादव मार्केट में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में दो दिन से लापता पत्नी का कोई सुराग न मिलने पर पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

साकेत नगर निवासी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि उनका बड़ा बेटा राधा मोहन (40) एक कार कंपनी में ड्राइवर था। राधामोहन, पत्नी रश्मि व दो बच्चे अरू व चीकू के साथ बर्रा दो यादव मार्केट में किराए के मकान पर रहता था। भाई शिवमोहन के मुताबिक दो दिन पूर्व रश्मि घर से लापता हो गई थी, काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल रहा था। गुरुवार सुबह राधा मोहन अरू और चीकू को घर छोड़ कर चले गए, इसके बाद कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर मकान मालिक ने खिलड़की से झांककर देखा तो शव लटका दिखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

# कल्याणपुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया

**कानपुर।** कई वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पति पत्नी के विवाद में मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट से पत्नी ने गुजारा भत्ता मांगा था। कोर्ट ने पति को गुजारा भत्ता देने के लिए पति की आदेशित किया था। लेकिन अंबेडकरपुरम निवासी पति ऋषि शुक्ला कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था जिसके बाद कोर्ट ने ऋषि शुक्ला के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। तीन नंबर चौकी प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने ऋषि शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने युवक को उड़ाया

- रावतपुर थानाक्षेत्र के नमक फैक्ट्री चौराहे पर हुई घटना

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार स्कार्पियो सवार ने सड़क पर साथी का इंतजार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। इसके बाद मौके से भाग निकला। हैलट में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



नरसिंह तकाई।

मूलरूप से कुशीनगर अकतहा गांव निवासी 40 वर्षीय नरसिंह तकाई वर्मा परिवार के साथ एम ब्लॉक काकादेव में रहते थे। परिजनों ने बताया कि वह पेंटिंग के साथ गांव में खेती किसानी करते थे। बेटे पीयूष ने बताया कि गुरुवार सुबह वह करीब साढ़े छह बजे घर से निकले थे। नमक फैक्ट्री चौराहे पर उन्हें किसी साथी के साथ काम पर जाना था। वहां स्थित यूको बैंक के पास वह साथी का इंतजार करने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो उसे टक्कर मारकर फरार हो गई। इस संबंध में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज का कहना था कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं 15565336H दिनेश कुमार मिश्रा पिता स्व0 अवधराज मिश्रा निवासी ग्राम डेहरा पोस्ट विशेश्वरगंज जनपद अमेठी यूपी है मेरी पत्नी जिनका नाम ओजस्विनी मिश्रा है। अब उन्हें भविष्य में सभी रिकार्डो में ओजस्वी मिश्रा के नाम से जाना व हुआ पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम बब्लू व अनिल कुमार है तथा मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं। **बब्लू उर्फ अनिल कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी– ग्राम भवानीगढ़ पो0 कैथोली, जिला मैनपुरी।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया पुत्र श्री दिलीप चौरसिया है। पूर्व में मेरा नाम चंदन चौरसिया था जो कि L.I.C. में मेरा नाम चंदन चौरसिया अंकित है। बाउन्ड नं. 219033675, 236375674, 226241520, 213773604, मेरा आधार, पैन रोहित चौरसिया के नाम से है। अत: L.I.C. पालिसी में भी चंदन चौरसिया की जगह रोहित चौरसिया के नाम जाना जाये। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है, इसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। **निवासी– 283/701/398 आरती नगर, मानक नगर, लखनऊ– 226011**

**सूचना**

कुसंगति के कारण मैं अपने पुत्र सारुक अली वह अपनी बहू काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है , वह अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जाबिर अली पुत्र कादर बक्श ग्राम छेड़ीपुर थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी L.I.C. पालिसी सं0– 2751580661 दिनांक 15/04/2013 में मैने त्रुटिवश अपना नाम पारूल अंकित करा दिया है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुराग मौर्या है। जो कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: उपरोक्त L.I.C. में मेरा सही नाम अंकित किया जाये। **अनुराग मौर्या पुत्र राम सुचित मौर्या निवासी– ग्राम गोढिया पो0 तिवारीपुर परगना व त0 सलोन रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव अपने बेटे रोहित श्रीवास्तव की पत्नी प्रिया श्रीवास्तव से काफी परेशान रहता हूं। उनके चाल चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनका चाल चलन ठीक न होने के कारण में मैं अपने बेटे रोहित व उनकी पत्नी प्रिया को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वें स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के लोगों से उनका कोई लेना देना नही है। **सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव निवासी– मो0 जोशियापुरा थाना– कोतवाली नगर बहराइच।**


विकास की ओर | चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन में टीवीएस और ईसीएस सिस्टम लगा रहा मेट्रो, वेंटिलेशन होगा सही

# भूमिगत स्टेशनों के फेफड़े बनेंगे 'टीवीएस' और 'ईसीए'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



टीवीएस और ईसीएस सिस्टम लगाने का कार्य 90 फीसदी पूरा हो गया।

**अमृत विचार।** मेट्रो के कॉरिडोर-1 आईआईटी से नौबस्ता के अंतर्गत भूमिगत मेट्रो नेटवर्क में 18 मीटर नीचे सुरक्षित यात्रा के लिए यूपीएमआरसी अत्याधुनिक प्रणालियों का प्रयोग कर रहा है। भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में अत्याधुनिक टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) और एन्वॉयरमेंट कंट्रोल सिस्टम (ईसीएस) लगाए जा रहे हैं। यह सिस्टम यात्रियों के लिए फेफड़ों के रूप में कार्य करेंगे।

ये टनल के अंदर वेंटिलेशन सिस्टम दुरुस्त रखेंगे। चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन में उक्त दोनो सिस्टम्स इंस्टॉल करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। इन्हें इंस्टॉल करने का लगभग 90 प्रतिशत तक काम पूरा किया जा चुका है। जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा।

**18** मीटर नीचे सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे यात्री

### तापमान को सामान्य बनाए रखने में मदद करता

टीवीएस सिस्टम की भूमिका आपातकालीन स्थितियों में महत्वपूर्ण होती है। यह सिस्टम टनल के अंदर ट्रेन के रुक जाने की स्थिति में तापमान को सामान्य बनाए रखने में मदद करता है। फायर सेफ्टी के लिहाज से भी यह अहम है। आग लगने जैसी दुर्घटना के दौरान यह सिस्टम धुएं की आवाजाही को नियंत्रित करता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षित निकासी के साथ आग पर काबू पाने में मदद मिलती है।

### स्टेशनों के अंदर हवा की गुणवत्ता बनाता

ईसीएस सिस्टम भूमिगत स्टेशनों के अंदर हवा की गुणवत्ता बनाए रखने में भूमिका निभाता है। यह सिस्टम ट्रेनों और उपकरणों से निकलने वाली गर्मी को नियंत्रित कर यात्रियों और कर्मचारियों के लिए आरामदायक तापमान व आर्द्रता बनाए रखने का कार्य करता है।

### गर्मी व धुएं की आवाजाही को करेंगे नियंत्रित

भूमिगत सेक्शन में परिचालन के दौरान पसीने और पानी के रिसाव से उत्पन्न होने वाली नमी और विभिन्न स्रोतों से निकलने वाली गर्मी व धुएं की आवाजाही को नियंत्रित करने में दोनों सिस्टम अपनी-अपनी भूमिका अदा करते हैं। टीवीएम और ईसीएस सिस्टम की मदद से ही भूमिगत टनल और स्टेशनों में यात्रियों के लिए सुरक्षित व आरामदायक वातावरण तैयार किया जाता है।

### आपातकालीन स्थितियों में टीवीएस की भूमिका

- आग लगने के दौरान धुएं की आवाजाही को नियंत्रित करता है जिससे यात्रियों को निकलने में मदद मिलती है।
- टनल के अंदर ट्रेन के रुक जाने की स्थिति में टीवीएस सिस्टम टनल के अंदर तापमान को सामान्य बनाए रखता है।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

| 38.4° | 28.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 18 | सूर्यास्त 06 : 54 |

# माल रोड पर फूटा फौव्वारा, 12 मोहल्लों में पानी की सप्लाई बंद

## केस्को के कार्य की वजह से जलनिगम की पेयजल लाइप फटने का आरोप

**जलसंकट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माल रोड में आरबीआई गेट के सामने गुरुवार देर शाम जलनिगम की पेयजल लाइन से फव्वारा छूट गया। बड़ी पेयजल लाइन फटने से निकली तेज धार से सड़क कई जगह से धंस गई और मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। अधिकारियों ने सूचना पर पेयजल लाइन को बंद करा दिया। इस दौरान फूलबाग जोनल पंपिंग स्टेशन को बंद कराना पड़ा। इससे फूलबाग, इटावा बाजार, पटकापुर समेत एक दर्जन मोहल्लों में पानी की सप्लाई ठप हो गई। जलनिगम का आरोप है कि केस्को की खोदाई कार्य की वजह से पेयजल लाइन डैमेज हुई है। अब शुक्रवार को खोदाई कार्य शुरू होगा। पेयजल सप्लाई सुचारू होने में कई दिन लग सकते हैं।


माल रोड पर पेयजल लाइन फटने से सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

भीषण गर्मी की वजह से पहले ही जलसंकट है। ऐसे में जगह-जगह टूट रही पेयजल लाइनें पानी की किल्लत को बढ़ा रही हैं।

गुरुवार को शाम करीब सात बजे गंगा बैराज से आ रही जलनिगम की मुख्य पेयजल लाइन फट गई। सड़क से तेज फव्वारा छूटने की वजह से सड़क धंस गई, आरबीआई गेट और संतोषी माता मंदिर के सामने सड़क पर जलभराव हो गया। पेयजल लाइन से तेजी से पानी बहने की वजह से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर जलनिगम के अधिकारियों ने पेयजल लाइन बंद करा दी। इसके बाद पानी की फव्वारा कम हो सका। जलनिगम के अधिकारियों ने बताया कि पेयजल लाइन को बंद कर दिया गया है। केस्को ने कार्य के दौरान पाइप लाइन को तोड़ा है। हालांकि कल खोदाई कर मरम्मत कार्य शुरू होगा। जलकल जीएम एके त्रिपाठी ने बताया कि पाइप लाइन फटने से फूलबाग जोनल पंपिंग स्टेशन को बंद कर दिया गया है। पाइप लाइन की मरम्मत के बाद पानी की सप्लाई सुचारू हो जायेगी।


फजलगंज शनिदेव मंदिर चौराहे पर भरा पानी। अमृत विचार

### सरोजनी नगर में 10 इंच की पेयजल लाइन फटी

कानपुर। सरोजनी नगर में गुरुवार को जलकल की 10 इंच की पेयजल लाइन अचानक फट गई। जिसकी वजह से फजलगंज शनिदेव मंदिर चौराहे पर जलभराव हो गया। जलभराव के बीच से ही दिनभर राहगीर निकलते रहे। नाले और सीवर के साथ पानी मिलने की वजह से काले रंग का हो गया। इससे दुर्गंध से स्थानीय कारोबारी परेशान रहे। जलकल जोन 6 के जेई सुशील कुमार मौर्य ने बताया कि देर रात खोदाई कार्य शुरू होगी और मरम्मत शुरू कर दी जायेगी। सरोजनी नगर और लाजपत नगर के कुछ हिस्सों में पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है शुक्रवार को मरम्मत के बाद पानी की सप्लाई शुरू कर दी जायेगी।

## एक नजर

### जांच की रिपोर्ट आएगी मोबाइल पर

**कानपुर।** हैलट अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने पर अभी तीमारदार या मरीज को काउंटर पर रिपोर्ट लेने जाना पड़ता है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। तीमारदार या मरीज पर्चे पर जो मोबाइल नंबर लिखवाएंगे उस पर ही पूरी जांच रिपोर्ट पहुंच सकेगी। यह व्यवस्था हैलट अस्पताल में शुरू हो गई है। प्रमुख अधीक्षक के मुताबिक मरीजों की जांच रिपोर्ट अब उनके मोबाइल नंबर पर ही भेजी जाएगी। वहीं, पैथोलॉजी में दो काउंटर भी बढ़ाए गए हैं।



## युवती और अधेड़ ने फांसी लगाई

**कानपुर।** कैंट थानाक्षेत्र में एक युवती और अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना के साक्ष्य एकत्र किए। आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन भी आत्महत्या का कोई कारण नहीं बता पाए हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

कैंट के संजय नगर निवासी 22 वर्षीय शिवानी ने फांसी लगा ली। परिजनों ने कमरे में शिवानी का लटका शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस को परिजनों से पूछताछ के बाद भी आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसी तरह मैकूपुरवा निवासी 48 वर्षीय कुंवर सिंह ने भी आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच की। आत्महत्या करने का कारण पुलिस को स्पष्ट नहीं हुआ। बताया कि मृतक शराब का लती था और पत्नी भी कुछ दिन पहले मायके चली गयी थी।

# कानपुर के निवेशकों ने 2100 करोड़ कमाये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **ऑल टाइम हाई पर शेयर बाजार, बैंक और ऑटो सेक्टर के शेयर चढ़े**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि चार जून के बाद शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिलेगी। लेकिन छठे चरण के मतदान से पहले ही गुरुवार को सेंसेक्स-निफ्टी ने नया इतिहास रच दिया। शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी के चलते शहर के निवेशकों की संपत्ति आज एक झटके में करीब 2100 करोड़ रुपये बढ़ गई। गुरुवार को कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1196.98 अंक की भारी तेजी के साथ 75,418.04 पर तो निफ्टी 369.85 अंक बढ़कर 22,967.65 के स्तर पर बंद हुआ।

फार्मा और मेटल को छोड़कर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई ) के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गुरुवार को हरे निशान में बंद हुए। इससे बीएसई में पंजीकृत कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर पहली बार 420 लाख करोड़ के पार चला गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली के बावजूद बाजार नए शिखर पर पहुंचा। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि चुनावी घमासान के बीच शेयर बाजार का नया शिखर छूना भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति निवेशकों का मजबूत भरोसा दर्शाता है। बाजार बढ़ने का प्रमुख कारण आरबीआई की तरफ से सरकार को 2.1 लाख करोड़ का रिकॉर्ड लाभांश देने का ऐलान है। इससे सरकार का फिस्कल डेफिसिट (राजकोषीय घाटा) घटेगा। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बाजार को चुनावी नतीजों की चिंता कम हो गयी है।

## साइबर ठगों ने पार किए 8.69 लाख

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने एक युवक को खुद को सीयूजीएल कर्मचारी बताकर झांसे में ले लिया। इसके बाद उससे डेबिट कार्ड की डिटेल लेकर खाते से 8.69 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज रामकुटीर अपार्टमेंट निवासी शरद कुमार टंडन के अनुसार 21 मई को उनके पास किसी अंजान व्यक्ति का फोन आया था। बात कर रहे व्यक्ति ने खुद को सीयूजीएल का कर्मचारी बताया। आरोपी ने विश्वास में लेकर उनसे नेट बैंकिंग और डेबिट कार्ड की जानकारी ले ली। आरोप है, कि आरोपी ने बुधवार दोपहर खाते से कई बार में 8.69 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर सेल से शिकायत कर नवाबगंज थाने में अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज की है।

# पेयजल लाइन के लिए खोद डाली चकाचक सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रांसपोर्ट नगर में पेयजल लाइन डालने के लिये जलकल ठेकेदार और कर्मचारियों ने गुरुवार सही सलामत सड़क खोद दी। फुटपाथ पर खराब ट्रक खड़ा होने की वजह से ठेकेदार ने सड़क के बीचों-बीच ही जेसीबी से खोदाई शुरू कर दी। ट्रांसपोर्टरों ने जमकर हंगामा किया और काम को रुकवा दिया। मौके पर पहुंचे जलकल और नगर निगम के अधिकारियों ने काम कर रहे कर्मचारियों को फटकार लगाते हुये सड़क पर किये गड्ढे को बंद करने के निर्देश दिये और ट्रक हटाकर नियमानुसार पाइप लाइन डालने को कहा।

टीपी नगर में सेंट्रल बैंक वाली गली 150 फिट की रोड को जोड़ती है। यहां पानी की पाइप लाइन साढ़े आठ मीटर की रेंज में फुटपाथ पर डाली जानी थी। लेकिन, ठेकेदार के मजदूरों की लापरवाही से करीब बारह फिट सड़क की खोदाई कर दी गई। सूचना पर यूपी युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के संरक्षक श्याम शुक्ला पहुंच गए और खुदाई कार्य को रुकवाया। जेई जलकल विभाग के अश्विनी यादव और ठेकेदार विनोद मिश्रा को मौके पर बुलाया। खोदाई करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि फुटपाथ पर खराब ट्रक खड़ा था। इसलिए हमने उसके आगे से रोड की खुदाई की। संस्था के महामंत्री मनीष कटारिया, राजकुमार सारंग, राकेश जैन, केएल पारिख, अभिषेक यादव, नवीन त्रिपाठी ने एकत्र होकर काम रुकवा दिया और खोदे गये गड्ढे को भी बंद करा दिया। नगर निगम जोन 3 के एई हरी वर्मा और सुपरवाइजर शेषमनी पटेल भी मौके पहुंचे।


ट्रांसपोर्टनगर में खोदी गई सड़क। अमृत विचार

- **सेंट्रल बैंक वाली सड़क के निर्माण से पहले डाली जानी है पेयजल लाइन**
- **खराब ट्रक नहीं हटाया तो जलकल ठेकेदार ने हंगामे के बीच रोका काम**


अगर कोई खराब ट्रक नहीं हट रहा था तो काम कर रहे कर्मचारियों को संपर्क करना चाहिये था। बिना बताए ही सड़क पर खोदाई शुरू कर दी। इसको रुकवा दिया है।
**– श्याम शुक्ला संरक्षक यू0पी0युवा ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन**


बड़ी मुश्किल से सेंट्रल बैंक वाली सड़क पास हुई है। एक सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है जबकि 2012 में बनी सड़क को 100 मीटर खोद दिया गया। यह घोर लापरवाही है।
**–केएल पारिख, ट्रांसपोर्टर**


टीपी नगर में खराब गाड़ियों के खड़े होने की वजह से कई बार विकास कार्यों में रोड़ा लगता है। इनको यहां से हटाया जाना जरूरी है। ट्रैफिक पुलिस के साथ कई बैठकें हो चुकी हैं। लेकिन समस्या को समाधान नहीं होता है। **–राजकुमार, ट्रांसपोर्टर**


टीपी नगर वैसे ही काफी समय से मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। कई सड़कें खराब हैं और जो बनी हैं उन्हें भी तोड़ दिया जाता है। अधिकारियों को सामंजस्य बनाकर काम करना चाहिये।
**–राकेश जैन, ट्रांसपोर्टर**

# दरोगा ने किया दुष्कर्म, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आरोप, शादीशुदा होने की बात छिपाकर दिया शादी का झांसा**
- **विरोध करने पर खुद और एक महिला से दिलाई धमकी**

**अमृत विचार।** एक दरोगा पर पीड़िता ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दरोगा के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विभागीय जांच बैठा दी है।



बिठूर में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि पुलिस लाइन में तैनाती के दौरान उपनिरीक्षक सचिन कुमार मोरल ने उससे फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की थी। इसके बाद शादी का झांसा देकर उसे हरबंश मोहाल के लोकमन मोहाल तिलियाना में अपने कमरे में ले जाकर संबंध बनाए। कई बार अपनी मां से फोन पर बात करके शादी का भरोसा दिलाया। आरोप है, कि करीब 10 महीने तक शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। इसके बाद मुकर गया। जान से मारने की धमकी दी। कहा कि अगर अब फोन किया या संपर्क करने का प्रयास किया तो जान से मार दूंगा। पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने मामले की जांच एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह को दी। एसीपी ने जांच में सब इंस्पेक्टर पर लगे आरोप सही पाए। इसके बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर हरबंश मोहाल पुलिस ने आरोपी सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार मोरल और धमकी देने वाली महिला अभिलाषा के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का आरोप था कि दरोगा सचिन मोरल का पत्नी से विवाद चल रहा है। पत्नी ने भी दरोगा के ऊपर मुकदमा कर रखा है। इन सभी बातों को छिपाकर दरोगा ने झांसे में लिया।

> थाना हरबंश मोहाल में पीड़िता ने प्रार्थना देकर आरोप लगाया था कि मेरठ के रहने वाले सब इंस्पेक्टर ने यौन शोषण किया। दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करके विभागीय जांच बैठा दी गई है। साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तारी समेत अन्य कार्रवाई की जाएंगी।
> **–हरीश चंदर, एडिशनल सीपी**

# साइबर ठगों ने झांसा देकर 1.41 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड धारक को रुपये लौटाने का झांसा देकर लिंक भेजा, डिटेल भरवाई और 1.41 लाख की रकम उड़ा दी। पीड़ित ने साइबर सेल को सूचना देकर नजीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जवाहर नगर निवासी ओम श्रीवास्तव के अनुसार उन्होंने क्रेडिट कार्ड अप्लाई किया था। जो उन्हें 15 मई 2024 को प्राप्त हो हुआ। 17 मई को उन्होंने 656 रुपये का पेट्रोल भरवाया और कार्ड से पेमेंट किया। लेकिन उनके मोबाइल पर 46,350 रुपये कटने का मैसेज आया। जिसकी उन्होंने विकास भटनागर नाम के युवक से शिकायत की। पीड़ित के अनुसार विकास ने कुछ ग्राहकों के साथ ऐसा होने की बात कही और एक लिंक भेजा जिसमें डिटेल भरकर भेजनी थी। विकास ने रुपये वापस आने का आश्वासन दिया। जिसपर उन्होंने डिटेल भर दी और उनके खाते से फिर से 46,350 रुपये कट गए। पीड़ित के अनुसार वह बैंक गये तो 1.41 लाख रुपये के फ्रॉड की जानकारी हुई। पीड़ित ने साइबर सेल को सूचना देकर नजीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# 40 स्कूलों को आरटीई की नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **8000 की जगह सिर्फ 3000 बच्चों को ही मिला है प्रवेश**
- **अभिभावकों की शिकायत के बाद डीएम ने दिखाई सख्ती**

**अमृत विचार।** आरटीई के तहत बच्चों के प्रवेश को लेकर नामचीन स्कूलों का रवैया बेहद खराब है। आठ हजार बच्चों के मुकाबले केवल तीन हजार बच्चों के ही प्रवेश स्कूलों में लिए गए हैं। शहर के नामचीन स्कूलों में तो केवल 20 प्रतिशत बच्चों को ही प्रवेश देकर खानापूरी की गई है। अभिभावकों की शिकायत और विभागीय समीक्षा में इसका खुलासा होने पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने 40 स्कूलों को नोटिस दी है।

आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का अच्छे स्कूलों में प्रवेश के लिए आरटीई के तहत आवेदन मांगे गए थे। जिसकी तीन सूची जारी हो चुकी है, लेकिन आठ हजार बच्चों की तुलना में शहर के नामचीन स्कूलों ने केवल तीन हजार बच्चों को ही प्रवेश दिया है। अभिभावकों की लगातार शिकायत पर बेसिक शिक्षा विभाग पहले भी इन स्कूलों को चेतावनी दे चुका है।




**स्कूलों ने पत्र न मिलने का बहाना बनाया:** आरटीई की लिस्ट जारी होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग संबंधित स्कूल को बच्चों की लिस्ट भेजता है जिनका प्रवेश लिया जाना है। करीब दो दर्जन से अधिक स्कूलों ने यह बहाना बनाया कि उन्हें सूची और बेसिक शिक्षा विभाग का पत्र ही नहीं मिला। इस बारे में बेसिक शिक्षा विभाग का कहना है कि पत्र संबंधित स्कूल ने रिसीव किया है। स्कूल पूरी तरह मनमानी कर रहे हैं।

### हलीम मुस्लिम ने स्कूल से ही किनारा किया

आरटीई के तहत हलीम मुस्लिम अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भी बच्चों का प्रवेश होना था। इस संबंध में जब स्कूल को पत्र मिला तो जवाब दिया गया कि संबंधित स्कूल ही उनका नहीं है। इस पर बेसिक शिक्षा विभाग ने काफी लिखापढ़ी की थी। मगर हलीम प्रबंधन स्कूल से ही किनारा करने में जुटा रहा।

**मौसम का मिजाज** अधिकतम पारा 38 .4 रहा, दो-तीन दिन बाद आएगा इसमें उछाल और बढ़ेगी गर्मी

# पारा 40 से नीचे आया, पर भारी उमस ने शहरियों का दम फुलाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में भीषण गर्मी का सितम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हाई क्लाउड (आसमान में काफी ऊंचाई पर हल्के बादल) से पारा तो 38.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा लेकिन भारी उमस के चलते लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो रही है। अभी एक-दो दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। कल शाम तक बंगाल की खाड़ी में मानसून के पहुंचने की संभावना बढ़ गई है।

बृहस्पतिवार को सुबह से ही चटख धूप राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई थी। दिन में 11 बजे के बाद से तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चढ़ने लगा और अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। इन दिनों पश्चिमी हवाएं राजस्थान से होकर दक्षिण उत्तर प्रदेश की तरफ चल रही हैं जो तापमान को बढ़ा रही है। दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी से चलकर पूर्वी क्षेत्रों से चल रही हवा नमी को बढ़ा रही हैं। जिससे उमस बढ़ रही है। आसमान में हाई क्लाउड ने सूर्य की किरणों को मध्यम कर दिया जिससे तापमान ज्यादा नहीं बढ़ा लेकिन आर्द्रता अधिकतम 60 एवं न्यूनतम 42 फीसद थी, जिससे अधिक गर्मी का अहसास हो रहा है। तापमान और बढ़ेगा। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। उमस भरी गर्मी जारी रहेगी।


सिर ढक दूं, कहीं मेरे लाल को धूप न लग जाए। अमृत विचार

### मानसून के बन रहे आसार

बंगाल की दक्षिणी खाड़ी के कुछ हिस्सों, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के शेष हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने कि लिए परिस्थितियां अच्छी बनती जा रही हैं। डा. पांडेय ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम और इससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना एक निम्न दबाव उत्तर पूर्व दिशा में बढ़ गया है। 25 मई की शाम तक मानसून बंगाल की खाड़ी में पहुंच सकता है।

**आगामी दिनों में संभावना**

| तारीख | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| 24 मई | 41 डि.से. |
| 25 मई | 42 डि.से. |
| 26 मई | 44 डि.से. |
| 27 मई | 41 डि.से. |

### ट्रेन चालक, अटेंडेंट लू की चपेट में आए

**कानपुर।** ट्रेन चालक और अटेडेंट गुरुवार को लू की चपेट में आ गए। कंट्रोल की सूचना पर रेलवे डाक्टरों ने चेकअप किया। दोनों रेलवे कर्मियों को ट्रेन से उतारकर लोको अस्पताल भेजा गया है। गुरुवार को कंट्रोल पर सूचना मिली कि मालगाड़ी के लोको पायलट राकेश कुमार को उल्टी-दस्त के साथ बुखार है। खबर पाकर रेलवे चिकित्सक ने पहुंचकर उपचार किया और लोको अस्पताल भेजा। इसी तरह 12107 एलटीटी-सीतापुर एक्सप्रेस में एसी मैकेनिक सदगुरु मोहन की तबीयत भी बिगड़ गई। रेलवे चिकित्सकों की टीम ने चेकअप किया। कोच मैकेनिक को ड्यूटी खत्म करने का मेमो दिया गया। इसके बाद एंबुलेंस से सदगुरु को लोको अस्पताल भेजा गया। इस चक्कर में ट्रेन 35 मिनट तक प्लेटफार्म छह पर खड़ी रही।

### लू, डायरिया, डिहाइड्रेशन से करें बचाव

**कानपुर।** शहर में करीब सवा महीने से गर्मी का सितम चल रहा है। इस बार गर्मी समय से पहले ही शुरू हो गई। अप्रैल में ही इसके तीखे तेवर दिखने लगे थे। मौसम विज्ञानियों ने पहले ही अंदेशा जताया था कि इस बार गर्मी ज्यादा पड़ेगी। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे, बड़े, बूढ़े सबको गर्मी से बचाव करना जरूरी है नहीं तो गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इस मौसम में हीट वेव के प्रकोप से लू लगने, डायरिया, डिहाइड्रेशन, ड्राई आई आदि की समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्मी में बाहर निकलने से पहले खूब पानी पीकर निकलना चाहिए। समय-समय पर पानी पीते रहना चाहिए।

# यात्री का कॉलर पकड़ खींचने में टीटीई सस्पेंड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जनरल टिकट पर स्लीपर में सफर कर रहा था यात्री**
- **वीडियो वायरल होने पर अफसरों ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस में जनरल टिकट पर स्लीपर में सफर कर रहे तीन यात्रियों ने टीटीई से अभद्रता की। कहासुनी के बाद दो यात्री टीटीई को धकियाकर भाग निकले, जबकि एक को पकड़ लिया गया। टीटीई यात्री का कॉलर पकड़कर अफसरों के पास ले जा रहा था, तभी किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। रेलवे अधिकारियों ने टीटीई को सस्पेंड कर दिया।

15483 अप महानंदा एक्सप्रेस गुरुवार दोपहर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म एक पहुंची। स्लीपर कोच में टीटीई दुर्गेश टिकट चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने फिरोजाबाद जाने वाले तीन यात्रियों को जनरल टिकट पर स्लीपर में सफर करते हुए पकड़ा था। तीनों टीटीई से बहस और अभद्रता कर रहे थे। ट्रेन के रुकते ही दो यात्री उन्हें धकियाकर भागने में कामयाब हो गए, जबकि एक यात्री को टीटीई ने दबोच लिया। यात्री जुर्माना और कार्रवाई से बचने के लिए भागने का प्रयास किया तो टीटीई ने उसे पकड़ लिया।

यात्री का कॉलर पकड़े टीटीई ट्रेन से उतरकर आरपीएफ स्टेशन की ओर जाने लगे। इसी बीच किसी ने टीटीई का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

सूचना पर अधिकारी भी पहुंच गए और उसे उसी ट्रेन से आगे के लिए रवाना किया, जबकि टीटीई को सस्पेड़ कर दिया गया। इस बारे में मुख्य टिकट निरीक्षक विजय किशोर तिवारी ने बताया कि कॉलर नहीं पकड़ना चाहिए था।

# कागजों में बिजली फुल, हकीकत में पूरी रात गुल

## 24 घंटे में 584 हुए फॉल्ट, भीषण गर्मी में लोग हो रहे बेहाल, रात बीत रही जागते हुए, समय पर नहीं बन पा रहे फॉल्ट


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को अपनी छवि को धूमिल होने से बचाने के लिए सारे जतन कर कागजों में साढ़े 23 घंटे बिजली आपूर्ति की बात कर रहा है, लेकिन शहर के ऐसे कई मोहल्ले हैं, जहां पर बिजली पूरी-पूरी रात गुल हो रही है। कई मोहल्लों में बिजली दिन में भी घंटों तक नहीं रहती है। बीते 24 घंटे में 584 फॉल्ट व ट्रिपिंग ने लोगों को बेहाल कर दिया।

शहर के पोखरपुर, मायापुरी केडीए, राजीव विहार, कंघी मोहाल, हंसपुर नौबस्ता, सिद्धार्थ नगर, जाजमऊ, तिवारीपुरी, ताडबगिया, मंगला विहार प्रथम, बर्रा गांव, कर्मचारी नगर और बाबूपुरवा में बिजली पूरी रात नहीं रही। बिजली न आने की शिकायतें लोगों ने केस्को के केस्को के हेल्पलाइन नंबर 1912, एक्स पर कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉरपोशन एकाउंट पर और व्हाट्सएप नंबर 8189045247 पर की। शास्त्री नगर क्षेत्र में पूरी रात बिजली न आने की वजह से आक्रोशित लोगों ने क्षेत्र में हंगामा किया।

लोगों का कहना है कि केस्को बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने के संबंध में गंभीर नहीं है, जिस कारण भीषण गर्मी में शहर के लाखों लोगों को बिजली ना आने पर पूरी-पूरी रात जाग के गुजरनी पड़ रही है। बर्रा चार में करीब सात दिनों से दिन व रात दोनों समय काटी जा रही है।

यही हाल बर्रा विश्व बैंक, हर्ष नगर, आशोक नगर, सीसामऊ, देहली सुजानपुर, रावतपुर समेत आदि क्षेत्रों का भी है। लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर सिर्फ एक से डेढ़ घंटे या दो घंटे में बिजली आने का आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि हकीकत में बिजली घंटों तक गुल हो रही है।



### डाउन और ट्रिपिंग की संख्या

| | |
|---|---|
| 05 से 15 मिनट | 326 |
| 15 से 30 मिनट | 119 |
| 30 से एक घंटा | 89 |
| एक घंटे से अधिक | 50 |
| ट्रिपिंग की संख्या | 4 |

### 690 मेगावाट पहुंची बिजली की डिमांड

केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन के मुताबिक 22 मई को केस्को के अंतर्गत अधिकतम लोड 690 मेगावाट रहा। केस्को की संपूर्ण औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 40 मिनट रही। वही, ओल्ड गुजैनी फीडर की बिजली सिर्फ एक घंटे एचटी केबल पर कार्य करने, एबीसी लाइन डालने की वजह से एक घंटे बर्रा दो फीडर, नौबस्ता पारेषण उपकेंद्र के यार्ड में फॉल्ट होने पर 3:30 बजे से 5:30 बजे तक, एबीसी लाइन डालने के लिए चिंटल फीडर की बिजली 9:45 से 11:13 बजे तक और उसके बाद 11:33 बजे से 12:35 तक नहीं थी। 584 फॉल्ट व ट्रिपिंग हुए।

**केस 01**



विष्णुपुरी निवासी एड.अखिलेश कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। शिकायत करने पर सिर्फ केस्को अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है। उनके बताए गए समय पर बिजली नहीं आती।

**केस 02**



घंटाघर निवासी दीपक कश्यप ने बताया कि दिन के साथ रात में भी बिजली कटौती की जा रही है। बिजली न आने की जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल की जाती है, लेकिन नंबर नहीं मिलते हैं। अगर मिलते हैं तो सटीक जवाब नहीं आता।

**केस 03**



राजापुरवा निवासी विनय कुमार ने बताया कि बिजली न आने की वजह से रोगियों को काफी दिक्कत हो रही है। बिजली आती है तो भी लो वोल्टेज की समस्या रहती है, जिसकी वजह से पंखे तक नहीं चालू हो पाते हैं।

**केस 04**



बर्रा विश्व बैंक निवासी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि भीषण गर्मी में दिन के साथ ही रात में भी बिजली खूब काटी जा रही है। बिजली न आने की वजह से लोगों की नींद तक पूरी नहीं हो पा रही है, जिस वजह से उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा रहता है।

### बिजली संकट से परेशान लोग पहुंचे केस्को मुख्यालय

**कानपुर।** काकादेव, रावतपुर, शास्त्री नगर व विजय नगर में बुधवार रात बिजली नहीं आई। इसपर व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी क्षेत्रीय जनता के साथ केस्को मुख्यालय में एमडी कार्यालय पहुंचे। संतोष गहमरी ने बताया कि कार्यालय में एमडी नहीं मिले। कॉल मिलाने पर एमडी ने बात नहीं की। एमडी की जगह उनके पीएसओ आशुतोष शुक्ला ने कॉल रिसीव की, समस्या बताने पर बोले कि लोड अधिक होने के कारण समस्या बढ़ी है। समस्या का निदान पूछने पर आश्वासन मिला कि दो दिन में समस्या का समाधान हो जाएगा। संतोष ने कहा कि अगर दो दिन में समस्या का हल नहीं होगा तो आगे की रणनीति बनाएंगे। छोटे लाल, फैजुद्दीन, प्रभात पाल, सरफराज, सद्दाम जाकिर, अकबर, राजेश मिश्रा, अजीत, गुलाब यादव, राकेश झा, रमेश, अमित यादव, रमाकांत, मनोज, दीपू आदि क्षेत्रीय लोग रहे।

# फर्जीवाड़ा के आरोपी बीमा एजेंट की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीमा बांड में फर्जीवाड़ा कर 36 लाख से अधिक का लोन लेकर एलआईसी को चूना लगाने वाले बीमा एजेंट की जमानत याचिका एडीजे 24 की कोर्ट ने खारिज कर दी। आरोपी के खिलाफ एलआईसी के ब्रांच मैनेजर ने वर्ष 2022 में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में फीलखाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एलआईसी ब्रांच मैनेजर आलोक शुक्ला ने बताया था कि उनके कार्यालय में राजीव नगर, लालबंगला निवासी सुदर्शन पाल व मीरपुर कैंट निवासी आदित्य पाल बीमा एजेंट के रूप में कार्यरत थे। सुदर्शन व आदित्य ने अन्य लोगों के साथ मिलकर 341 बीमा बांड में फर्जीवाड़ा कर, कूटरचित दस्तावेज तैयार करके बैंको में खाता खुलवा कर एलआईसी से 36,27000 रुपये का लोन ले लिया था। जानकारी होने पर आलोक ने वर्ष 2022 में फीलखाना थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी सुदर्शन ने एडीजे 26 प्रमोद कुमार की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। मामले में सुदर्शन पाल के विरूद्ध आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल हो चुका है। आरोपी की पत्नी व अन्य आरोपियों के विरूद्ध विवेचना प्रचलित है। कोर्ट ने आरोपी सुदर्शन की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### एडीजीसी बोले



एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि मामले में बीमा एजेंट समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सुदर्शन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की विवेचना चल रही है। आरोपी ने पिता की बीमारी का हवाला देते हुए कोर्ट से जमानत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया है।

# इरफान केस में फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट से गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़िता ने कहा कि बहस पूरी होने के बाद भी टाला जा रहा है फैसला
- सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, जिला जज व पुलिस कमिश्नर को भेजा पत्र

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में आठ बार फैसला टलने के बाद पीड़ित परिवार का धैर्य जवाब देता जा रहा है। गुरुवार को मामले की पीड़िता नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा ने सुप्रीम कोर्ट से मामले में जल्द फैसले की गुहार लगाई। पीड़िता ने कहा कि हाईकोर्ट ने छह माह में मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी फैसला नहीं हो सका।



डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड एमपीएमएलए सेशन कोर्ट सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन है। आगजनी मामले में अभियोजन की ओर से 18 गवाह पेश किए गए हैं। मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाले का एक मार्च को ट्रालय पूरा हो चुका है। कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी, जिसके बाद से लगातार अलग-अलग कारणों से आठ बार फैसला टाला जा चुका है। अगली सुनवाई 27 मई निर्धारित की गई है। लगातार टल रहे फैसले को लेकर नजीर फातिमा की बेटी कनीज जेहरा ने सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, जिला जज व पुलिस कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर मामले में जल्द निर्णय की गुहार लगाई है। कनीज ने आरोप लगाया कि विपक्षी उनकी मां पर दबाव बना कर धमका रहे हैं।

# गाली देने पर दोस्त का कत्ल कर दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हत्यारोपी कन्हई।

- नवाबगंज के सुरेंद्र हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- रंजिश रखने वाले के घर के बाहर फेंक दिया था शव

**अमृत विचार।** नवाबगंज पुलिस ने सुरेंद्र हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। सुरेंद्र की हत्या करने वाला उसका दोस्त ही निकला। पुलिस ने बताया कि वारदात वाली रात दोस्त को नाव में बैठकर सुरेंद्र ने उसे और उसके पिता को गालियां दी थीं। इसी पर उसे गुस्सा आ गया और उसने सुरेंद्र को धक्का दे दिया था। पानी में गिरते ही सुरेंद्र गहराई में चला गया और डूब गया था। तड़के जब शव उतराकर ऊपर आ गया तो वह सुरेंद्र से रंजिश रखने वाले युवक की झोपड़ी के पास शव डाल आया ताकि हत्या का आरोप रंजिश रखने वाले युवक पर आ जाए। पुलिस के अनुसार वह साथ में उसके शव को ढुंढवाता रहा और इसके बाद पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल हुआ था।

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने खुलासा करते हुए बताया कि शिवदीनपुरवा निवासी सुरेंद्र दो मई की रात से लापता था। 17 मई को गंगा किनारे उसका हाथ-पैर बंधा शव मिला था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गांव के तीन लोगों के खिलाफ हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन पुलिस जांच में जुटी तो आरोपियों की न तो वहां लोकेशन मिली और न ही कोई ऐसा साक्ष्य मिला जो हत्या की ओर इशारा करे। वहीं सुरेंद्र के दोस्त ने बताया कि वह लौकी लदवाने के लिए उसे गंगा किनारे ले गया था लेकिन इसके बाद उसने कन्हई के साथ सुरेंद्र को छोड़ दिया और खुद घर आ गया। पुलिस कन्हई और सुरेंद्र के दोस्त से पूछताछ कर रही थी लेकिन कोई सबूत नहीं मिल रहा था। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने पुलिस से संपर्क किया और बताया कि दो मई की रात सुरेंद्र का दोस्त कन्हई किसी व्यक्ति से गंगा के दूसरी ओर झगड़ा कर रहा था। पुलिस ने कन्हई को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने बताया कि सुरेंद्र के गाली-गलौज करने के चलते उसने नाव से धक्का दिया था। जिस जगह वह गिरा वहां पानी करीब 25-30 फिट गहरा था। पानी में गिरते ही वह लापता हो गया। उसने ढूंढने की काफी कोशिश की लेकिन सुरेंद्र नहीं मिला। रात तीन बजे करीब वह फिर घटनास्थल पहुंचा तो उसे सुरेंद्र का शव उतराता मिला। जिस पर उसने सुरेंद्र से रंजिश रखने वाले एक युवक की झोपड़ी के पास शव फेंक दिया और खुद वहां से निकल गया था। डीसीपी ने बताया कि कर्नलगंज महेश कुमार की तीन टीमों ने घटना का खुलासा किया है। डीसीपी ने बताया कि मुकदमे से आरोपियों के नाम हटाए जाएंगे। खुलासा करने वाले टीम को 25 हजार इनाम घोषणा की गई है।

# महाप्रबंधक से मुख्य महाप्रबंधक बने गोविंद कुमार मिश्र

**कानपुर।** पनकी परियोजना के महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्र को उत्पादन निगम प्रबंधन ने गुरुवार को मुख्य महाप्रबंधक के पद पर नियुक्त किया। मुख्य महाप्रबंधक बनाए जाने पर उनकी पत्नी कल्पना मिश्रा, बेटी, बेटा, साथी अधिकारियों, अभियंताओं समेत पूरे स्टाफ ने बधाई दी। मुख्य महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्रा ने वर्ष 2023 में अति चुनौती पूर्ण निर्माणाधीन पनकी परियोजना के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला था, जिसके बाद पनकी परियोजना के निर्माण कार्य को गति व गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ा। इं. रामकुमार, एलपी गौतम, सौरभ विजय, पुनीत शर्मा, विनीत दुबे, भेल की ओर से वीरेंद्र सिंह व अजय अग्रवाल ने बधाई दी।



मुख्य महाप्रबंधक गोविंद कुमार मिश्र।

## सार-संक्षेप

### परिजन नहीं आए, पोस्टमार्टम रुका

**कानपुर।** कोतवाली थानाक्षेत्र में ग्रीनपार्क के पास बुधवार को कार से मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम परिजनों के न आने के कारण नहीं हो सका। परमट निवासी यश सोनवानी की कार तीन-चार दिन से ग्रीनपार्क के पास खड़ी थी। बुधवार दोपहर बाद उससे तेज दुर्गंध आने लगी। पुलिस ने आकर कार खोली तो अंदर से एक सड़ा शव बरामद हुआ। शव की शिनाख्त 30 वर्षीय अतुल निवासी जिला उन्नाव असीवन बेहटा बुजुर्ग गांव के रूप में हुई। वह ऑटो चलाता था और शराब का लती था। परिजनों ने बताया कि वह लोग लुधियाना शिफ्ट हो गए हैं। परिजनों के न आने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

### दोनों स्कूलों ने नहीं भेजी रिपोर्ट

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के चर्चित फर्जी शिक्षक नियुक्ति मामले में दो शिक्षकों को नौकरी देने वाले मदन मोहन अग्रवाल इंटर कालेज किदवई और आर्यकन्या इंटर कालेज गोविंद नगर ने अपनी रिपोर्ट शिक्षा विभाग को नहीं सौंपी है। शिक्षा विभाग उन्हें काफी पहले नोटिस जारी कर चुका है। अब दोबारा नोटिस देने की तैयारी है। अक्टूबर 2023 में एडी माध्यमिक की फेक ईमेल से डीआईओएस कानपुर नगर को एक मेल की गई थी, जिसमें सात टीजीटी और दो पीजीटी शिक्षकों का पैनल भेजा गया था। इस पर दो शिक्षकों ने नियुक्ति भी पा ली थी। बाद में पता चला कि ईमेल फर्जी था।

### झाड़ियों और पेड़ों में लगी आग

**कानपुर।** डीपीएस कल्याणपुर स्कूल के पास गुरुवार दोपहर झाड़ियों और पेड़ों में भीषण आग लग गई। आग लगने से आस-पास क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। राहगीरों व क्षेत्रीय लोगों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने बताया कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

### ट्रक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारी

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र के अफीम कोठी चौराहे पर गुरुवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और वाहनों के रुकने से जाम लग गया। आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# पैरवी हीन बंदियों की सूची तुरंत बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों पर जिला जज कानपुर प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। कुछ बंदियों ने बताया कि वह काफी समय से जेल में बंद हैं और उनकी पैरवी करने वाला कोई नहीं है। इस पर जिला जज ने जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय को निर्देशित किया कि ऐसे बंदियों की सूची तैयार कर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे उक्त मामलों का निस्तारण लीगल एड डिफेंस काउंसिल कानपुर के माध्यम से कराया जा सके।



जेल का निरीक्षण करते जिला जज प्रदीप कुमार सिंह व जेल अधीक्षक डॉ बीडी पांडेय।

जिला जज ने जेल की उच्च सुरक्षा बैरक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बैरक में पर्याप्त साफ-सफाई पाई गई। इसके अतिरिक्त जिला जज ने कारागार चिकित्सालय, पाकशाला व अन्य बैरकों का भी निरीक्षण कर जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के बैरकों से लेकर शौचालय में साफ सफाई का अत्यधिक ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता व जेल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रा और उसके भाई के साथ मारपीट, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र मे पुरानी रंजिश में आरोपियों ने पेपर देने कॉलेज आई छात्रा को मारापीटा। बहन को लेने आए भाई को भी आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मग्गनपुर गंगाबैराज निवासिनी निधि दुबे के अनुसार वह वीवीएसडी कॉलेज की छात्रा हैं। बताया कि 22 मई को कॉलेज में हिन्दी का पेपर देने गई थी। पेपर देकर कॉलेज के गेट से बाहर आने पर शनि गुप्ता निवासी भोपालेश्वर धाम ने उसे रुकने के लिए कहा। मना करने पर गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इसी बीच उनका भाई दिव्यान्शु लेने के लिए आ गया। शनि गुप्ता ने अपने साथी के साथ भाई को गालीगलौज करते हुए मारापीटा। आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। आरोप है कि लगभग एक माह पूर्व शनि गुप्ता ने स्कूटी रोक कर गाली गलौज किया गया था। जिसका उन लोगों के बीच समझौता भी हो गया था। इस संबंध में नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर शनि गुप्ता व अज्ञात लोगों के खिलाफ गालीगलौज और मारपीट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# बच्ची को दिल्ली में छोड़कर हत्यारोपी पति ने किया सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शुक्रवार को आरोपी के बयान लेने जेल जाएगी पुलिस
- भजन गायिका पत्नी की हत्या कर फरार था पति

**अमृत विचार।** पत्नी को मारपीट कर छत से फेंक कर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारे पति ने सप्ताह भर बाद गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटी को लेकर दिल्ली चला गया था, जहां उसने अपनी मां के सुपुर्द बेटी को कर दिया था। पुलिस का मानना है कि हत्यारोपी बीते कई दिनों से करीब 10 से 12 वकीलों के एक समूह के संरक्षण में था।

हंसपुरम आवास विकास निवासी राहुल तिवारी किराए के मकान में भजन गायिका पत्नी सपना तिवारी उर्फ नीलम, बेटे समर (10) व बेटी शौर्या (06) के साथ रहता था। बीते गुरुवार शाम को राहुल पत्नी को दूसरी मंजिल की छत पर ले जाकर मारपीट की, इसके बाद उसे छत से फेंक दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

मृतका के पिता ने बताया था कि राहुल शराब का लती है और कोई काम नहीं करता है। बेटी भजन गाकर परिवार का पालन पोषण करती थी, जो भी रुपये वह कमा कर लाती थी राहुल उससे छीन लेता था। मना करने पर आए दिन मारपीट करता था। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि हत्यारोपी घटना को अंजाम देने के बाद बेटी शौर्या को लेकर स्थित अपने घर पहुंच गया था। बेटी को अपनी दादी के सुपुर्द करने के बाद वह वकीलों की शरण में सरेंडर करने की फिराक में था। गुरुवार को उसने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। शुक्रवार को जेल जाकर कोर्ट में आरोपी के बयान दर्ज किए जांएगे।

**पड़ताल** पुरानी घटनाएं भूली पुलिस, नई घटनाएं बढ़ा रहीं अपराध रजिस्टर का भार, 2023 से लेकर अब तक हुईं तमाम वारदात नहीं खुलीं

# कत्ल की छह पुरानी वारदात में कमिश्नरेट पुलिस अब भी खाली हाथ

### हम नहीं भूले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कमिश्नरेट के थानाक्षेत्रों में पिछले एक वर्ष में हुईं कई सनसनीखेज वारदातों का खुलासा नहीं हो सका। समय के साथ अफसर बदल गए लेकिन दूसरे अफसरों ने चुनौतीपूर्ण रहे पुराने मामलों की जांच और खुलासों में कोई ध्यान नहीं दिया। इनमें पिछले वर्ष और इस वर्ष के कई मामले भी शामिल हैं। ये हाल तब है जब कानपुर में कमिश्नरेट है। शासन ने कमिश्नरेट का गठन 25 मार्च 2021 को किया था। 15 से ज्यादा आईपीएस की तैनाती की गई। साथ ही जिले को चार जोन में बांटा गया। लेकिन कई बड़ी वारदातें अनसुलझी हैं।



### रजाई-गद्दा दुकानदार की गला रेतकर हत्या

**केस 01** चकेरी थानाक्षेत्र में जेके फर्स्ट कालोनी में मोहम्मद असलम रजाई गद्दा का दुकानदार था। पत्नी शकीला ने पुलिस को बताया था कि वह दुकान पर ही दो अन्य कर्मचारी जगदंबा और अकील के साथ सोते थे। 16 नवंबर 2024 की रात दोनों कर्मचारियों को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था इसके बाद उन लोगों ने चापड़ से गला रेतकर हत्या की और फरार हो गए थे। दोनों आरोपी आजतक फरार हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों फरार कारीगर मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते हैं। जिस कारण उन लोगों को ट्रेस करने में परेशानी हो रही है।

### तीन बोरों में पांच टुकड़ों में मिला था युवक का शव

**केस 02** 17 जून 2023 को कर्नलगंज थानाक्षेत्र में पुलिस कमिश्नर कमांड हाउस से महज 500 मीटर की दूरी पर तीन बोरों में पांच टुकड़ों में कटा हुआ युवक का शव मिला था। इस सनसनीखेज वारदात को हल करने के लिए पुलिस की कई टीम और तेज तर्रार पुलिस कर्मी लगाए गए लेकिन उसकी शिनाख्त तक नहीं कर सके। पुलिस ने आसपास लगे तमाम सीसीटीवी की फुटेज चेक किए जिसमें एक ई रिक्शा के अलावा दूसरा कोई सुराग नहीं लगा। हाईटेक और सारी व्यवस्था ऑनलाइन होने के बाद शिनाख्त पर कफन चढ़ गया।

### फार्म हाउस में सिक्योरिटी गार्ड की हत्या नहीं खुली

**केस 03** 5 मई 2024 को सचेंडी थानाक्षेत्र में मूलरूप से हरदोई के ग्राम इकरा के रहने वाले किसान राजेंद प्रसाद तिवारी के 25 वर्षीय पुत्र ओमजी तिवारी की भैरमपुर गांव में फार्म हाउस में ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। उसका शव तख्त पर लहूलुहान पड़ा मिला था। पास में ही ईंट मिली थी। पुलिस को आंशका जताई थी कि गांव की ही किसी महिला या युवती से संबंध थे, जो उसके परिजनों को पता लग गए होंगे, तभी वारदात को अंजाम दे दिया गया। पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

### भाभी ने देवर के साथ मिलकर पति को मार डाला था

**केस 04** 28 अप्रैल 2024 को बिधनू थानाक्षेत्र के खेरसा गांव में अवैध संबंधों के चलते ट्रक ड्राइवर दिनेश बाजपेई की उसकी पत्नी राखी उर्फ संतो ने देवर मनोज के साथ मिलकर चाकू से हत्या की थी। भाभी-देवर ने मिलकर दिनेश का शव घसीटकर घर के सामने तालाब में फेंक दिया था। शव जब उतराता हुआ ऊपर आया तो उसके पैर जूट की रस्सी से बंधे हुए थे। पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### लोहा कारोबारी की गोली मारकर हत्या भी अनसुलझी

**केस 05** 10 मई 2023 को चकेरी थानाक्षेत्र के गांधीग्राम में बाइक सवार तीन बदमाशों ने 50 वर्षीय लोहा कारोबारी संजय गौड़ को दुकान में घुसकर गोली मार दी थी। इसके बाद गल्ले से पांच लाख रुपये नकद लूटकर फरार हो गए थे। परिजनों की तहरीर पर हत्या, लूट व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस और क्राइम ब्रांच ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज से प्रिंट आउट जारी किए थे, लेकिन समय बीतने के साथ 12 माह में जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है।

### दादानगर यार्ड में मिला था जला कटा शव

**केस 06** 22 अगस्त 2023 को गोविंद नगर थानाक्षेत्र में कानपुर इटावा हाईवे पर नौरेयाखेड़ा में एक शव पड़ा पाया गया था। जो जला हुआ था व हाथ पैर कटे थे। पुलिस ने पहचान न हो पाने के कारण शव को मार्चुरी में रखवा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव की यह तक पहचान नहीं हो पाई थी, कि वह पुरुष है या स्त्री।

> जिन वारदात का खुलासा पेंडिंग है, उस पर लगातार टीमें काम कर रही हैं। डीसीपी से मामलों की प्रोगरेस रिपोर्ट मांगी जाएगी।
>
> -अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर

# चेक बाउंस करा उगाही, फर्म और संचालक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नजीराबाद थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने लिखापढ़ी में समझौते के बावजूद फर्म संचालक की ओर से पूर्व में दिया चेक लगाकर बाउंस कराने और उगाही के इरादे से लीगल कार्रवाई करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रजनीश जैन हर्ष नगर स्थित एमआर एसोसिएट्स फर्म में पार्टनर हैं। उनके अनुसार ओबराय इंटरप्राइजेज के संचालक जगजीत सिंह से उन्हें आरटीजीएस के जरिये 45 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए थे। सिक्योरिटी के तौर पर उन्होंने कुछ चेक जगजीत को दिए थे। वाद-विवाद के चलते जगजीत ने 20 लाख रुपये की एक चेक इंडियन ओवरसीज बैंक में लगा दी जो कि बाउंस हो गई। इस पर जगजीत ने वर्ष 2018 में कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया। जिस पर उन्होंने जगजीत को 45 लाख रुपये देने और कानूनी कार्रवाई खत्म करने को राजी कर लिया। इस दौरान उन्होंने लिखित समझौता भी किया जिसमें जिक्र था कि अब उनकी हर्ष के प्रति कोई देनदारी नहीं है।

बाद में उन्होंने फर्म का जीएसटी नंबर और पैन भी सरेंडर कर दिया। आरोप है, कि 22 फरवरी 2024 को जगजीत ने उनका एक पुराना चेक इंडियन बैंक में लगाकर बाउंस करा दिया और जबरन धन उगाही की साजिश रची। उन्होंने नोटिस भेजे तो आरोपी ने लिए नहीं। पीड़ित की तहरीर पर ने ओबराय इंटरप्राइजेज और जगजीत सिंह ओबराय के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत सबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।


प्लेटफार्म छह पर खाली खड़ी स्पेशल ट्रेन। अमृत विचार


टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में शौचालय के बाहर बैठे यात्री।


टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में जमीन पर लेटे यात्री। अमृत विचार

# स्पेशल ट्रेनें बनीं बैलगाड़ी, रेंग-रेंग कर रुला रहीं

## लेटलतीफी से समर टूर वालों की बढ़ी सिरदर्दी, सफर में ही बीत रहा घूमने का समय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रूटीन ट्रेनों में शौचालय में भी बैठने की जगह नहीं, आरक्षित सीटों पर भी कब्जा

**अमृत विचार।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया, मगर ये ट्रेनें तकलीफ दे रहीं हैं। सेंट्रल स्टेशन से प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक स्पेशल ट्रेनें गुजर रही हैं, लेकिन लेटलतीफी के रिकार्ड के कारण यात्री सफर करने को तैयार नहीं हैं। लंबे रूट की रूटीन ट्रेनें दम घोटने वाली भीड़ साथ लेकर चल रही हैं। आलम यह है कि शौचालय तक यात्रियों से भरे होते हैं। ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को टॉयलेट की भी सुविधा नहीं मिल पा रही है।

समर स्पेशल ट्रेनों ने यात्रियों का पूरा शेड्यूल बेपटरी कर दिया है। यात्रियों के अनुसार सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है, मगर स्पेशल ट्रेनें रूला रही हैं। रेंग-रेंग कर चलती हैं। ट्रेन कब कहां रोक दी जाए, पता ही नहीं चलता है। घंटों के हिसाब से ट्रेनें खड़ी रहती हैं। हर एक ट्रेन गुजारने के लिए स्पेशल ट्रेनों को ही रोका जाता है। यही कारण है कि लोग भीड़ के बाद भी रूटीन ट्रेनें ही पसंद कर रहे हैं।

### स्लीपर कोचों में जनरल यात्रियों का कब्जा

रुटीन की ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं है। स्थिति यह है कि लोगों को शौचालय में बैठकर सफर करना पड़ रहा है। स्लीपर कोच में जनरल टिकट वाले यात्रियों की भीड़ रहती है। ऐसे में यात्री न तो आरक्षित सीट पर लेट पा रहे हैं और न ही ठीक से बैठकर यात्रा कर पा रहे हैं। गर्मियों में परिवार के साथ टूर पैकेज तैयार कर समर स्पेशल ट्रेनों से सफर करने वाले ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण अपने टिकट निरस्त करा रहे हैं। एक-एक दिन में 2000 से यात्री टिकट निरस्त कराते हैं। अपनी कमी छिपाने के लिए रेलवे कनेक्टिंग आरक्षण की वजह से दूसरी ट्रेनों में यात्रियों को सफर की छूट दे रही है।

गुरुवार को ही 08479 पुरी-आनंद विहार स्पेशल, 08482 पुरी-आनंद विहार स्पेशल और 02352 आनंदविहार-पटना स्पेशल 15 से 28 घंटे लेट चल रहीं हैं। गुरुवार को 20 स्पेशल ट्रेनें सेंट्रल से गुजरीं, लेकिन सभी लेट रहीं।


सीमांचल एक्सप्रेस में कपड़े का झूला बनाकर सफर कर रहा यात्री। अमृत विचार

### ------------- ट्रेनों का हाल -------------

- 08479 पुरी-आनंद विहार स्पेशल 28 घंटे, 08482 पुरी-आनंद विहार स्पेशल 22 घंटे लेट, 02352 आनंदविहार-पटना स्पेशल 15 घंटे लेट, 09652 पटना-उदयपुर सिटी स्पेशल 6 :30 घंटे लेट, 09406 पटना-साबरमती स्पेशल 6 :30 घंटे लेट, 03635 गया-आनंद विहार स्पेशल 6 :30 घंटे लेट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली 5 :15 घंटे लेट।


सीमांचल के जनरल कोच में गलियारे में बैठे यात्री। अमृत विचार

# इन्क्लेव योजना की जमीन पर कब्जेदार फिर सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम इन्क्लेव आवासीय योजना समिति ने कहा दबंग फिर कर रहे कब्जा

**अमृत विचार।** नगर निगम इन्क्लेव आवासीय योजना की ग्रीन एरिया-1 और रेनहार्वेस्टिंग वाटर पिट की जमीन पर फिर से दबंग कब्जा करने की तैयारी में हैं। पिछले दिनों कब्जे को खाली कराकर नगर निगम की ओर से जमीन पर लगाए गये शाईन बोर्ड को दबंगों ने हटा दिया है। इसके साथ ही योजना के आवंटियों और समिति के लोगों को आराजक तत्व धमकियां भी दे रहे हैं। जिसकी शिकायत समिति ने एक बार फिर से नगर निगम से की है।

नगर निगम ने योजना की 1.618 हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग को छह अप्रैल को धराशायी कर दिया था। लेकिन, मलबे को आज तक नहीं उठवाया गया और न ही सम्पत्ति को सुरक्षित करने के लिये बाउंड्री वाल कराई गई। जिसके चलते एक बार फिर से कब्जेदार सक्रिय हो गये हैं। नगर निगम इन्क्लेव आवासीय योजना समिति के पदाधिकारियों ने नगर निगम कार्यालय को फोन कर जानकारी दी है कि कब्जेदार लगातार मौके पर आ रहे हैं और दोबारा कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। समिति के लोगों ने बताया कि नगर निगम की ओर से स्थापित शाईन बोर्ड को हटाकर आवंटियों को न्यायालय में वाद दाखिल करने की चेतावनी दी जा रही है। इस मामले में प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति नगर निगम अनिरुद्ध सिंह ने जोन छह के अधिशाषी अभियंता आरके सिंह और उद्यान अधिकारी डॉ. वीके सिंह से कहा है कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है। इस मामले में जल्द कार्यवाही करें। इसके साथ ही कहा है कि यदि फिर से जमीन पर कब्जा हुआ तो आपका विभाग जिम्मेदार होगा। बता दें कि पिछले दिनों कल्याणपुर के मोहसिनपुर स्थित नगर निगम इन्क्लेव आवासीय योजना में पार्क की जमीन पर अवैध तरीके से प्लॉट कर बेचे जा रहे थे। करीब 15 वर्षों से ये विवाद चला आ रहा है। जमीन की पैमाइश कराई जा चुकी है।

अधिकारियों के मुताबिक आराजी संख्या-872 में 2002 में नगर निगम ने आवासीय योजना बसाई थी। इसमें कॉलोनी के बीच में पार्क बनाने के लिए जमीन छोड़ी गई थी। लेकिन कब्जेदार द्वारा अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही थी। पिछले दिनों क्षेत्र के लोगों ने मतदान का विरोध किया तो नगर निगम और तहसील की टीमों ने पैमाइश की। पैमाइश होने के बाद रिकॉर्ड में जांच करने के बाद नगर निगम ने पार्क की जमीन को खाली करा दिया, लेकिन अभी कब्जा नहीं किया है।

## सार-संक्षेप

### रेफरी कमीशन के सदस्य बने विजय कुमार

**कानपुर।** कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की ओर से शहर के विजय कुमार को रेफरी कमीशन का सदस्य नियुक्त किया गया है। बुधवार को राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष भरत शर्मा, सचिव संजीव जागरा की ओर से जारी ऑफिशियल लिस्ट में यूपी से विजय कुमार का नाम शामिल है। यूपी कराटे संघ के महासचिव जसपाल सिंह, अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने विजय को शुभकामनाएं दी हैं। विजय यूपी कराटे रेफरी कमिशन के हेड भी है। कानपुर कराटे संघ के अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार, बाबुल वर्मा, सुनील कुमार, विनोद कुमार, राजेश विश्वकर्मा, जगदीश नारायण, सुनील शुक्ला, सीएसजेएमयू विवि के खेल सचिव डॉ. प्रभाकर, डॉ. आशीष कटियार, विभाग अध्यक्ष डॉ. सरवन, निमिशा, मोहित, राहुल, गोविंदा, सोनाली, सौरभ, धर्मेंद्र, शोभित, मानसी, आर्यन, वीशी कुमार, बुशरा, पवन आशी ने विजय को शुभकामनाएं दीं हैं।


विजय कुमार।



अधिवक्ता जगतपाल सेंगर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### अधिवक्ता की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड

**कानपुर।** दि लायर्स एसोसिएशन सभागार में गुरुवार को अधिवक्ता जगतपाल सिंह सेंगर की सातवीं पुण्यतिथि मनाई। सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम नारायन सिंह, महामंत्री अभिषेक तिवारी, उनके बेटे इं.कमलेंद्र सिंह सेंगर, सचिवेंद्र सिंह सेंगर समेत आदि अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता स्व. जगतपाल सिंह सेंगर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सुंदरकांड हुआ और शरबत वितरण किया गया। राजेश यादव, शमशेर सिंह, सुनील पांडेय, धमेंद्र भदौरिया, रोहित शुक्ला, गौरव पांडेय, विनय पटेल, राज राणा, रुद्र प्रताप सिंह, पीयूष सिंह, इंद्रीवर बाजपेई, अमितेश सेंगर, हुबलाल, शिवा साहू, सावन राजपूत आदि लोग रहे है।

### डीसीपी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने यातायात दबाब कम करने व सुचारू रुप से चलाने के लिए रामादेवी चौराहा का पैदल गस्त कर भ्रमण किया। इस दौरान मातहतो को निर्देश दिए। डीसीपी ने चौराहे पर लगे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। यातायात पुलिसकर्मियों को बताया की गलत दिशा से आने वाले वाहनों के विरूद्ध यातायात नियमों के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी दिलीप कुमार सिंह व थाना प्रभारी चकेरी मौजूद रहे। सेंट्रल, पश्चिम और दक्षिण जोन में डीसीपी ने चौराहों का निरीक्षण किया।

# न्यू कानपुर सिटी योजना को जमीन पर उतारने में चकरा जा रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गांव-गांव भटक रहे हैं अधिकारी, काश्तकारों को खोजकर समझा रहे
- कैंप लगाने के बाद भी नहीं पहुंच रहे, गुरुवार को फिर से किया सर्वे

**अमृत विचार।** केडीए की बहुप्रतिष्ठित न्यू कानपुर सिटी योजना के लिये बची भूमि को अधिग्रहण करने में केडीए अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। तपती गर्मी में प्रस्तावित भूमि को खरीदने के लिये अधिकारी भटक रहे हैं। कई काश्तकार जमीने बेचने को तैयार नहीं हो रहे हैं। प्राइवेट बिल्डरों की सेंधमारी की वजह से योजना को धरातल पर उतारने में अधिकारियों को चक्कर आने लगे हैं। केडीए योजना को शुरू करने के लिये मोतीझील और प्रस्तावित गांव में कैंप लगा रहा है। गुरुवार को एक बार फिर से काश्तकारों को योजना की जानकारी ली।

केडीए ने 28 साल पहले मैनावती मार्ग और कल्याणपुर-बिठूर मार्ग के आसपास न्यू कानपुर सिटी योजना विकसित करने की योजना बनाई थी। 153 हेक्टेयर में योजना विकसित करने और जमीन खरीदने के लिए केडीए बोर्ड ने डेढ़ सौ करोड़ रुपये स्वीकृत किए। इतनी ही धनराशि शासन ने कानपुर विकास प्राधिकरण को आवंटित की। अभी 54 हेक्टेयर जमीन केडीए की है, शेष जमीन काश्तकारों से खरीदी जा रही है। 36 काश्तकारों से लगभग 62 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी जा चुकी है। उन्हें डीएम सर्किल रेट से चार गुना ज्यादा मुआवजा दिया जा रहा है। न्यू कानपुर सिटी योजना में केडीए द्वारा अर्जित भूमि 55.32 हेक्टेयर भूमि है। योजना में ग्राम सभा की कानपुर विकास प्राधिकरण प्रबंधन की भूमि 0.570 हेक्टेयर और ग्राम सभा की पुर्नग्रहण के लिये 6.93 हेक्टेयर भूमि बची है। केडीए वीसी ने बताया कि योजना में निजी काश्तकारो की अब तक क्रय की जा चुकी भूमि 15.26 हेक्टेयर भूमि है। शेष 74.21 हेक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में खरीदने या अधिग्रहण करने की तैयारी की जा रही है। विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक (जोन-1) डॉ. रवि प्रताप सिंह द्वारा नायब तहसीलदार व अमीनों के साथ मौके पर पहुंचे।


गांवों में सर्वे करते अधिकारी। अमृत विचार

## सेंट्रल स्टेशन की यातायात टीम ने रिकार्ड बनाया

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन की यातायात टीम ने एक दिन में सबसे अधिक ट्रेनें चलाने का नया रिकार्ड बनाया है। बुधवार को सेंट्रल से 286, कानपुर क्षेत्र से 327 ट्रेन चलाई गईं। मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बड़ोनी ने यातायात टीम को पुरस्कृत करने का घोषणा की है।

- सेंट्रल से 286 और कानपुर क्षेत्र से 327 ट्रेनें चलाईं

रेलवे अफसरों ने बताया कि इससे पहले 27 अप्रैल को सेंट्रल स्टेशन से 278 और कानपुर क्षेत्र से 320 ट्रेनें चलाने का रिकॉर्ड कायम किया गया था। अपने ही रिकार्ड को सेंट्रल स्टेशन की यातायात टीम ने तोड़ दिया है।

टीम के अच्छे काम पर हिमांशु बड़ोनी ने यातायात टीम की पीठ थपथपाकर उत्साहवर्धन के रूप में 20000 रुपये का ग्रुप पुरस्कार देने की घोषणा की है। टीम में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रीकृष्ण शुक्ल, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी ने मंडल रेल प्रबंधक का आभार जताया है।

# मुस्लिम वोटों के लिये ममता ने संविधान का किया अपमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट के फैसले पर प्रकाश पाल ने खुशी जताई
- बोले- ओबीसी, एससी, एसटी हिंदू भाई-बहनों को मिला न्याय

**अमृत विचार।** देश में तुष्टिकरण सिर चढ़कर बोल रहा है। इंडी गठबंधन के सभी दल ओबीसी, एससी, एसटी भाई-बहनों को संवैधानिक रूप से मिलने वाले आरक्षण को मुसलमानों को पिछड़ा बनाकर देना चाहते हैं। जो सीधे-सीधे बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को चुनौती है। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम बंगाल हाईकोर्ट ने जो फैसला दिया है उससे पिछड़े, दलित हिंदू भाइयों को न्याय मिला है। इसका हम स्वागत करते हैं।

प्रकाश पाल ने कहा कि धर्म के नाम पर बांग्लादेशी घुसपैठियों रोहिंग्या मुसलमानों को ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक के खातिर ओबीसी का दर्जा देते हुए सर्टिफिकेट जारी किया था। कोलकाता हाईकोर्ट ने कहा कि राजनीतिक उद्देश्य के लिए मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण दिया गया। जो लोकतंत्र और ओबीसी समाज का अपमान है। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह चुनावी वादा था और सत्ता हासिल करते ही इसको पूरा करने के लिए असंवैधानिक तरीका अपनाया गया। संविधान का अपमान कर मुस्लिम आरक्षण व्यवस्था को लागू करना और कोर्ट के निर्णय आने के बाद भी हठधर्मिता को दर्शाते हुए उसको ना मानना यह दर्शाता है कि उनका संविधान से मतलब नहीं है।

### हाईकोर्ट का फैसला इंडी गठबंधन को तमाचा

भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि कोलकाता हाई कोर्ट का फैसला घमंडिया गठबंधन के मुंह पर तमाचा है। पिछड़ा मोर्चा दक्षिण जिला इकाई के जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने कहा कि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक के लालच में पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लूटकर मुस्लिमों को देना चाहती हैं। इस दौरान मनीष त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

**धर्म-अध्यात्म** | करौली शंकर महादेव धाम में बुद्ध पूर्णिमा पर उत्सव का आयोजन

# गुरु की कृपा से ही प्रभु की प्राप्ति : करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईश्वर की भक्ति हर सुख की खान है। यह भक्ति सद्गुरु की कृपा से प्राप्त होती है। साधना व नियम से मनुष्य हर प्रकार की सिद्धि हासिल कर सकता है। जीवन एक संघर्ष है और इसमें जीत तभी मिलती है जब शक्ति को साध लिया जाए। गुरु की कृपा से शक्ति को प्राप्त करके संघर्ष को जीत में बदला जा सकता है। मनुष्य में शक्ति भीतर से आती है और वह भी केवल मात्र भक्ति से ही आ पाती है। आत्मा ही मनुष्य की शक्ति है और नियम से चलने से सदा कल्याण होता है। सद्गुरु की भक्ति आपका इस लोक और परलोक में भी साथ देती है। ये बातें करौली शंकर महादेव ने गुरु पूर्णिमा पर आयोजित उत्सव में कहीं।

उन्होंने कहा कि हमें सद्गुरु की शरण में जाकर प्रभु की भक्ति जाननी चाहिए। भक्ति में ही वह शक्ति है जो भगवान को धरती पर आने के लिए विवश कर देती है। दुनिया में जिस मनुष्य पर प्रभु की कृपा होती है और गुरु का आशीर्वाद होता है, केवल वही संपूर्ण रूप से मंगलमय जीवन व्यतीत कर सकता है। यह बात उसके क्रियाकलाप से भी पूर्ण तौर पर सिद्ध होती है। क्योंकि वह हर समय गुरु पूजन व प्रभु बंदगी में लगा रहता है।


भक्तों को संबोधित करते करौली शंकर महाराज। अमृत विचार

## पांच महिलाओं को कुचलने वाला ईको कार का चालक गिरफ्तार

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर गांव के पास पांच महिलाओं को कुचलने वाले आरोपी वैन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। है।

21 मई को कानपुर प्रयागराज हाईवे पर हाथीपुर गांव के पास सड़क पार कर रहीं पांच महिलाओं को तेज रफ्तार वैन ने रौंद दिया था। हाथीपुर चंदन चक्की निवासी सरिता द्विवेदी, उनकी बहन हाथीपुर निवासी रूपा, उनकी भाभी श्याम नगर निवासी पूनम पांडेय और पूनम की बेटी बिरहाना रोड निवासी चंचल की मौत हो गई थी, जबकि सरिता की बेटी अपर्णा घायल हो गई थी। पुलिस ने सरिता के पति जितेंद्र द्विवेदी की तहरीर पर गाड़ी नम्बर और चालक पर गैर-इरादतन हत्या आदि कई धाराओं में मामला दर्ज किया है।



नदियों और जलीय जीवों को बचाने की शपथ ली गई। अमृत विचार

## कछुओं को संरक्षित रखने का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर गुरुवार को वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी, भारतीय वन्यजीव संस्थान, गंगा टास्क फोर्स, रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज ने मिलकर बिठूर स्थित मातृछाया गुरुकुलम में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान के क्षेत्रीय समन्वयक पवन कटियार ने बताया कि इस विशेष दिवस का उद्देश्य स्थलीय और जलीय दोनों प्रकार के कछुओ को संरक्षित व संरक्षण प्रदान करना है। कछुओं को नदियों का सफाईकर्मी भी कहा जाता है, क्योंकि नदियों में मरे हुए जीव-जंतुओं को खाकर ये नदियों को स्वच्छ रखने में सहायक हैं। नदियों में 13 प्रकार के कछुओं की प्रजाति पाई जाती है। गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी। वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने अपील की कि मिलकर गंगा और जलीयजीवों को बचाएं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सपना सिंह, गुरुकुलम के आचार्य रवी शंकर, विभा, विनीता, निखिल, मांसी, सलमान रहे।

## तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से चचेरे भाइयों की मौत

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र में खेत से पानी लगाकर लौट रहे चचेरे भाइयो को लोडर ने टक्कर से चचेरे भाईयों की मौत हो गई।

रूद्र पुर गांव निवासी कृपाशंकर और दयाशंकर भाई हैं। दोनों खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। परिजनों के अनुसार गुरूवार रात कृपाशंकर का बेटा 23 वर्षीय सोनू चाचा दयाशंकर के बेटे 20 वर्षीय राजकुमार को लेकर खेत पर गया था। वहां से पानी लगाकर लौटते समय सचेंडी बंबे के पास कांधी रोड पर उन्हें सामने से आ रहे लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राज कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी सचेंडी पुलिस को देकर परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। पुलिस घायल राजकुमार को लेकर सीएचसी कल्याणपुर पहुंची। जहां सोनू की मौत हो गई।

# सिपाही के घर से 3.25 लाख कैश, जेवरात चोरी

## सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के श्रीनगर नई बस्ती में हुई वारदात, शातिर इत्मीनान से घर खंगालते रहे, परिवार को भनक नहीं लगी

संवाददाता, बिधनू

- फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने जुटाए साक्ष्य
- उन्नाव के पुलिस अधीक्षक का कार चालक है सिपाही

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा पुलिस चौकी से महज पांच सौ मीटर दूर पुलिसकर्मी के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर दूसरी मंजिल के कमरे में रखी सेफ से लाखों रुपये कीमत के जेवरात और ग्राउंड फ्लोर से 3.25 लाख रुपये कैश समेट ले गए। पत्नी की सूचना पर घर पहुंचे पुलिसकर्मी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। स्थानीय पुलिस ने फोरेंसिक व डॉग स्क्वायड टीम के साथ घटनास्थल की जांच -पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शातिरों की तलाश में जुट गई है।

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के श्रीनगर नई बस्ती पहाड़पुर निवासी मनोज यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में है। वर्तमान में उनकी तैनाती उन्नाव जिले में है और वह उन्नाव पुलिस कप्तान की गाड़ी चलाते हैं। मनोज के घर पर उनकी पत्नी रेखा, बेटा अहम (12), बेटी वैष्णवी (17) और साढ़ू का बेटा आशुतोष (24) रहते हैं। पत्नी रेखा के मुताबिक रोजाना की तरह रात में खाना खाने के बाद वह बच्चों के साथ सबसे ऊपरी मंजिल में सो रही थी।

रात करीब तीन बजे रेखा की नींद खुली तो वह कमरे के बाहर निकलीं। जिस कमरे में अलमारी रखी थी, उसका दरवाजा खुला था। अलमारी भी खुली पड़ी थी और सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी से सोने के दो हार, पांच अंगूठी, पांच जोड़ी कानों के आभूषण व चांदी के जेवरात गायब थे। वह फौरन नीचे पहुंचीं तो वहां लकड़ी की अलमारी में रखी तीन लाख 25 हजार रुपये की नकदी गायब थी। रेखा ने फौरन अपने पति मनोज को फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। सूचना पर छुट्टी लेकर मनोज यहां पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की गहराई से छानबीन शुरू की।


चोरी के बाद खुली पड़ी कमरे की अलमारी। अमृत विचार


डॉग स्क्वॉयड ने घर के आसपास छानबीन की। अमृत विचार

### कुछ दूर जाकर भटका खोजी कुत्ता

पुलिस ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड की टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराई। डॉग स्क्वॉयड घर से कुछ दूर जाने के बाद भ्रमित हो गया। डॉग स्क्वायड की टीम से पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### खाली प्लाट से पहुंचने का अनुमान

पुलिसकर्मी मनोज कुमार यादव के घर के बगल में एक खाली प्लाट पड़ा है। अनुमान है कि शातिर चोरों ने मकान की छत तक पहुंचने के लिए इसी खाली प्लाट को अपना रास्ता बनाया। देर रात जब परिवार के सभी सदस्य सो गए तो खाली प्लाट से चोर छत पर पहुंचे और फिर कमरे के अंदर दाखिल हुए। जेवरात और कैश में हाथ मारी और निकल गए।

### चौकी से 500 मीटर दूर हुई चोरी

पहाड़पुर पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर ही मनोज का घर है, यहां से चोर नकदी और लाखों के जेवरात समेट ले गए। चौकी के पास चोरी से लोग पुलिस गश्त पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं घटनास्थल के आस-पास कोई भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है। पुलिस गली के पास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

# मजाक में पलटाई चारपाई गिरने से वृद्ध की गई जान

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ थाना क्षेत्र के मड़ेपुर गांव में हुई घटना
- भतीजे पर चारपाई से गिराने का लगा आरोप

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर पुलिस चौकी क्षेत्र के मड़ेपुर गांव में मजाक-मजाक में भतीजे ने बुजुर्ग को चारपाई से गिरा दिया, जिससे बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। हड़बड़ाहट के बीच परिवार के लोग सांस की आस में बुजुर्ग को लेकर भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताते हैं कि मड़ेपुर गांव निवासी मुंशी सोनकर (91) घर से दूर खेत पर चारपाई में लेटे थे। वह आस-पास मौजूद लोगों से बातें कर रहे थे, तभी उनका भतीजा वहां पहुंचा और मजाक-मजाक में उनकी चारपाई पलटा दी। चारपाई पलटने से वह नाक के बल जमीन पर गिरे और गिरते ही वह बेहोश हो गए। लोगों ने फौरन मुंशी सोनकर के पुत्र मनफूल को सूचना दी।

परिवार और गांव के लोग फौरन बुजुर्ग को लेकर भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग बुजुर्ग का शव लेकर घर लौट गए। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग के पुत्र मुंशी सोनकर की ओर से घटना की फौती सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कही गई थी।

उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी तरह की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।



सड़क हादसे में घायल महिला और सिपाही। अमृत विचार

# डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, चार घायल

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** बिधनू रामगंगा नहर पुल के पास गुरुवार की शाम ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो हाईवे पर पलट गया। हादसे में सिपाही समेत चार सवारियां घायल हो गईं। दो घायल यात्रियों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

नौबस्ता से गुरुवार की शाम सवारियां बैठाकर ऑटो घाटमपुर जा रहा था। ऑटो जब हमीरपुर हाईवे पर बिधनू रामगंगा नहर पुल के पास पहुंचा, तभी सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो हाईवे पर पलट गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग दौड़े और ऑटो में दबे, फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घाटमपुर निवासी 45 वर्षीय सिपाही जयप्रकाश पटेल, मुरलीपुर निवासी 37 वर्षीय जगभान और उनकी 35 वर्षीय पत्नी जानकी और 6 वर्षीय बेटा अर्पित दबकर घायल हो गए। लोगों ने ऑटो सीधा करके घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया, जहां से सिपाही जयप्रकाश और जानकी को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र कनौजिया ने बताया कि ऑटो और ट्रक को कब्जे में लेकर चालकों की तलाश की जा रही है।

## जले युवक की इलाज के दौरान मौत

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के अजौली गांव में पारिवारिक कलह के चलते युवक ने घर के अंदर रखी डीजल की कैन अपने ऊपर डालकर आग लगा ली थी, जिसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया था। गुरुवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

क्षेत्र के अजौली गांव निवासी प्रियांशु सविता (22) पुत्र रामपाल सविता का नशेबाजी को लेकर अक्सर घर में विवाद होता रहता था। उसी को लेकर घर में तनाव की स्थिति बनी रहती थी। नशेबाजी को लेकर चार दिन पहले हुए विवाद के बाद प्रियांशु ने घर के अंदर कमरे में रखी डीजल की कैन को अपने ऊपर डालकर आग लगा ली थी। आग लगने के बाद युवक बचाने की गुहार लगाते हुए घर के बाहर दौड़ा था। आग का गोला बने प्रियांशु को देखकर परिजन घबरा गये थे। परिवार वालों ने कंबल डालकर आग बुझाई थी। प्रियांशु को शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया था। जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

# शिक्षक ने छात्र को पीटा, एफआईआर

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** एचएलएस इंटर कॉलेज देवमनपुर में कक्षा नौ के छात्र की शिक्षक ने पिटाई कर दी, जिससे छात्र को गंभीर चोटें आई हैं। छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। इसके चार दिन पहले भी इसी विद्यालय के प्रबंधक सहित चार शिक्षकों पर जालसाजी का मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के भैरमपुर मजरे परास निवासी श्रीकृष्ण पुत्र बदलू ने पुलिस को बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा साहिल एचएल एस इंटर कॉलेज देवमनपुर में कक्षा नौ का छात्र है। साहिल 21 मई को विद्यालय पढ़ने गया था। हिंदी के अध्यापक आदर्श यादव ने साहिल को डंडे से पीटा, जिससे उसके रीढ़ की हड्डी व पसलियों में चोटें आई हैं।

एक्स-रे के बाद डॉक्टर ने फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है। साहिल को पेशाब करने में दिक्कत हो रही है। आरोप है कि दूसरे अध्यापक अनिल ने परिजनों को सूचना दी कि साहिल सीढ़ी से नीचे गिर गया है। जब वह शिकायत करने विद्यालय गया तो उसे जान से मारने की धमकी व गालीगलौज देते हुए विद्यालय से भगा दिया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया है। छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मेडिकल परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


शिक्षक की पिटाई का शिकार हुआ छात्र मां-बाप के साथ। अमृत विचार

- चार दिन पूर्व इसी विद्यालय के प्रबंधक सहित चार शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज हुआ था मुकदमा

### कॉलेज प्रबंधक सहित चार के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

चार दिन पहले एक छात्रा के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के आरोप में इसी विद्यालय के प्रबंधक सहित चार शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बरीपाल निवासी विजय शंकर त्रिपाठी की बेटी श्रेया इस विद्यालय में कक्षा दो से पढ़ रही थी। श्रेया ने इसी विद्यालय से 11वीं की पढ़ाई की। वर्ष 2022 में जब 12वीं का प्रवेश पत्र आया तो श्रेया की फोटो छोड़कर सारा बायोडाटा गलत था। इसी शिकायत पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य और क्लास टीचर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

## सार-संक्षेप

### ककवन में सपाइयों ने मनाई बुद्ध जयंती

**बिल्हौर।** बुद्ध जयंती पर ककवन विकास खण्ड समेत कई जगहों पर बुद्ध जंयती मनाई गई। इस मौके पर सपा के कार्यकर्ताओ ने आयोजित कार्यक्रम मे ककवन सेक्टर अध्यक्ष चुन्नीलाल गौतम पूर्व प्रधान करे की अगुवाई में बुद्ध जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ककवन व समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनका मानवता और त्याग की प्रतिमूर्ति बढ़कर उनको नमन किया इस मौके पर मुख्य रूप से मुकेश गौतम हरिश्चंद्र गौतम सिंह ओम जी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### ओवरलोडिंग में दो डंपर सीज किए गए

**बिठूर।** बिठूर पुलिस की ओर से ओवरलोड डंपरों के खिलाफ तीन दिन से कार्रवाई चल रही है। सोमवार की रात पुलिस ने मौरंग के ओवरलोड छह डंपरों को सीज किया। मंगलवार की रात को भी छह वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बुधवार की रात भी दो डंपरों को सीज किया गया। आलम यह है कि मंधना चौकी के सामने से गुजरी सर्विस रोड डंपरों के खड़े होने से घिर गई है।

### लकड़ी लादकर जा रहे ट्रकों की वन विभाग ने की छानबीन

**घाटमपुर।** भरुहा सुमेरपुर से लकड़ी लादकर आ रहे ट्रक की वन क्षेत्राधिकारी राकेश पाण्डेय ने जांच की और कागज देखे। इस समय हमीरपुर की तरफ से भारी मात्रा में लकड़ी कानपुर के लिए सप्लाई की जा रही है। गुरुवार को वन क्षेत्राधिकारी राकेश पांडेय ने लकड़ी भरे ट्रकों को रोककर कागजों की जांच की। वन क्षेत्राधिकारी राकेश पांडेय ने बताया कि लकड़ी माफिया पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उसी के तहत लकड़ी भरे ट्रकों की जांच की जा रही है।

### बंदर के हमले में राजमिस्त्री घायल, भर्ती कराया गया

**बिधनू।** बिधनू सीएचसी में गुरुवार शाम पैथालॉजी भवन का निर्माण कर रहे हमीरपुर निवासी 35 वर्षीय राजमिस्त्री बबलू पर बंदर ने अचानक हमला कर दिया। बबलू ने बचाव के लिए ईंट उठाई तो बंदर ने उसके ऊपर छलांग लगा दी। बंदर ने उसके हाथ और पैर में दांतों से नोंच लिया। साथी मजदूरों ने डंडे लेकर बंदर को भगाया। इसके बाद राजमिस्त्री को सीएचसी में भर्ती कराया गया।


पराली जलाने के चक्कर में जल गए आम के पेड़। अमृत विचार

### पराली जलाने में जल गए आम के पेड़

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के पतारा विकास खंड क्षेत्र के नंदना तरगांव मार्ग रोड किनारे खंती में लगे आम के वृक्ष में आग उस समय लग गई। जब आमों के सामने खेत मालिक देवी प्रसाद मिश्रा निवासी तरगांव द्वारा अपने खेतों में गेहूं की पराली जला रहे थे। आग की चपेट में आ जाने से आम के झुलस गये। घटना तरगांव गांव के नंदना रोड के किनारे लगे आम के पेड़ों की है। पतारा विकासखंड के तरगांव निवासी देवी प्रसाद मिश्र अपने खेतों में गेहूं की पराली जला रहे थे। उसी समय आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। और आग की चपेट में दो आम के पेड़ झुलस गए। और उनमें लगें आम के फल बर्बाद हो गये।

# नदी में उतराता मिला बच्चे का शव

संवाददाता, घाटमपुर

- परिवार वालों ने हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई
- एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने गांव पहुंचकर छानबीन की

**अमृत विचार:** पतारा पुलिस चौकी क्षेत्र के बरनांव गांव में चार वर्ष के बच्चे का शव नदी में तैरते हुए मिला। बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंचे एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने प्रारंभिक छानबीन की।

पतारा चौकी क्षेत्र के बरनांव गांव के किनारे बह रिंद नदी में गुरुवार की शाम चार बजे एक बच्चे का पानी में उतराता हुआ शव दिखाई दिया। इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और नदी में उतराते हुए शव को बाहर निकलवाया। बच्चे की पहचान बरनांव गांव के बबलू निषाद के बेटे शैलेश (4) के रूप में हुई। बच्चे का शव मिलने से मां सन्नो दहाड़े मारकर फफक पड़ी।

गांव के पंडित कुच्चू पांडेय ने परिजनों को बताया था कि बच्चा पानी में तैर रहा है तो गांव के लोग नदी में उसे देखने पहुंचे। जब तक उसे निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर एसीपी रंजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रारंभिक छानबीन कर घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


घटना की सूचना पर गांव पहुंचे डीसीपी रविंद्र कुमार व एसीपी। अमृत विचार

# हत्या की सूचना पर दौड़ी पुलिस, निकली अफवाह

संवाददाता, चौबेपुर

- गलत सूचना देने वाले तीन लोग गिरफ्तार, गए जेल

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्म नगर में गुरुवार सुबह बेटे की हत्या की सूचना पर पुलिस दौड़ पड़ी। जांच में पता चला कि नशे में युवक ने पत्नी से विवाद के चलते बेटे की हत्या की गलत सूचना दी थी। इस पर पुलिस ने राहत की सांस ली और सूचना देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह दूसरी घटना में साढ़े तीन लाख रुपये लूटे जाने की झूठी सूचना देने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

गुरुवार सुबह कस्बे के ब्रह्म नगर मोहल्ला निवासी दीपू कुशवाहा ने 112 नंबर पर पुलिस को दी कि उसके बेटे की हत्या कर दी गई है। हरकत में आई पुलिस फौरन बताए गए पते पर पहुंची, जहां छानबीन के दौरान सूचना देने वाला दीपू नशे की हालत में मिला। पूछताछ में उसने बताया कि पत्नी से विवाद के चलते उसने बेटे की हत्या हो जाने की झूठी सूचना दी थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया।इसी तरह सुनौढ़ा के विनीत तिवारी और पचौर के भारत मिश्रा ने 112 नंबर पर फोन कर साढे.तीन लाख रुपये की लूट होने की सूचना दी। जांच पड़ताल के दौरान यह सूचना भी गलत निकली। पुलिस ने विनीत और भारत को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## ससुर की हत्या में दामाद गिरफ्तार

**फतेहपुर।** 18 मई को ससुर की हत्या में पुलिस ने बुधवार को दामाद के छोटे भाई को गिरफ्तार करने के बाद गुरुवार को आरोपी दामाद को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के महरहा के सत्येंद्र सोनकर के बाग में बड़ौरी के 65 वर्षीय बुजुर्ग रमेश पटेल का शव मिला था। रमेश ने अपनी चार बेटियों में बड़ी बेटी कमलेश देवी की शादी राजेश पटेल निवासी सुजानपुर थाना ललौली के साथ की थी। दो साल पहले बेटी की कैंसर की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। रमेश के पास पांच बीघा जमीन थी, जिसमें से ढाई बीघा जमीन पहले बेच चुका था और ढाई बीघा जमीन अपनी तीन बेटियों मिथलेश, विमलेश व एथलेश को देने जा रहा था। इसी खुन्नस में बड़े दामाद ने ससुर की हत्या करवा दी थी।

हाल बेहाल –पतारा गौशाला की हालत बद से बदतर, गोवंश के लिए छाया का भी भरपूर इंतजाम नहीं

# गर्म पानी और सूखे भूसे से पल रहे गोवंश

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बे में संचालित गौशाला में भीषण गर्मी में गोवंशों की हालत पस्त है। गौशाला में गोवंशों के लिए भरपूर छाया का भी इंतजाम नहीं है। गोवंशों को गर्म पानी और सूखा भूसा दिया जा रहा है, जिससे कई गोवंश मरणासन्न स्थिति में हैं।

समाजसेवियों की ओर से गोवंशों को सिर्फ एक दिन खीरा, तरबूज, खरबूजा खिलाने का एक ही मकसद है फोटो खिंचवाना। मानवता के नाम पर सिर्फ दिखावा किया जा रा है। अगर गौशालयों की हकीकत देखी जाए तो हालत बहुत ही दयनीय है। गुरुवार को पतारा कस्बा स्थित गौशाला में गोवंशों के लिए पक्की नांद में गर्म पानी और चरही में सूखा भूसा ही दिखा। इस गौशाला में न तो चोकर का इंतजाम है और न ही ठंडा पानी। यहां पर गोवंशों के लिए पर्याप्त छाया तक उपलब्ध नहीं है, जिससे कई गोवंश मरणासन्न स्थिति में पहुंच गई हैं। यहां के टेकर अवधेश कुमार, चरण सिंह ने बताया कि जब उन लोगों को चोकर दिया ही नहीं जाता तो सूखे भूसे में पानी मिलाने से ही क्या फायदा है? गोवंशों के सामने सूखा भूसा ही डाल दिया जाता है। ठंडे पानी की समस्या है। गौशाला में जनरेटर की व्यवस्था नहीं है। खास बात यह है कि यह गौशाला हमीरपुर हाईवे पर स्थित है और यहां से तमाम अधिकारी सुबह-शाम निकलते हैं, लेकिन इस गौशाला में किसी की नजर नहीं पड़ती है। जब अधिकारी ही गोवंशों की कोई सुधि नहीं ले रहे हैं तो गौशाला संचालन की जिम्मेदारी संभाले लोग भी कोई परवाह नहीं कर रहे। गौशाला के गोवंश सिर्फ अपने भाग्य से जिंदा हैं।



पतारा गौशाला में बिना छांव के चिलचिलाती धूप में बंधे गोवंश, जिन्हें सूखा भूसा दिया जा रहा है। अमृत विचार

# किसान के घर से नकदी व लाखों के जेवर चोरी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** जरैला पुरवा गांव में गुरुवार भोर पहर किसान के घर घुसे चोर लाखों रुपए की नगदी और जेवर लेकर फरार हो गये. चोरों को भागते समय पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने पहचान लिया और उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वे भागने में सफल रहे।

ककवन थाना क्षेत्र के जरैला पुरवा गांव निवासी विष्णु दयाल के अनुसार गुरुवार भोर पहर लगभग 5 बजे उनके घर में घुसे चोरों ने उनके कमरे का ताला तोड़ने के बाद बक्से का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे दो लाख पचास हजार रुपए और चांदी के पायल लेकर फरार हो गये. गांव के ही रहने वाले युवक मदन लाल के दोनों पुत्र अरुण और दीपक को चोरी कर भागते समय उनके पड़ोस में रहने वाले सुरेश ने पहचान लिया और दोनों का पीछा किया. सुरेश को पीछा करते देख दोनों भाइयों ने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी. दोनों के बीच विवाद से आस पड़ोस के लोग इकट्ठा होने लगे. ग्रामीणों को आता देख दोनो भाई मौके से फरार हो गए. पीड़ित के अनुसार उसके घर के अन्य सभी लोग बागेश्वर धाम घूमने के लिए गए थे और वहां से वापसी के बाद शाम को उत्तरीपूरा में उनके सगे संबंधियों के यहां रुक गए थे। उसने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि उसने चोरी हुए रुपए अपने नदिहा रोड स्थित निर्माणाधीन घर में लेंटर डलवाने के लिये लाकर रख थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# पोर्टल पर ब्योरा नहीं भरा तो निरस्त होगी स्कूलों की मान्यता

- पुराने सत्र में अभी तक जिले के कई विद्यालयों ने यू-डायस पर अपलोड नहीं किया डाटा
- बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सख्त रुख अपनाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** यू-डायस पोर्टल पर जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक और विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपलोड करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पुराने सत्र में अभी तक जिले के कई विद्यालयों ने डाटा अपलोड नहीं किया है। कई का कार्य प्रगति पर दिखा रहा है। जबकि कई का फाइनल नहीं है। इन विद्यालयों पर बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सख्त रुख अपनाने की तैयारी है।

बीएसए व डीआईओएस ने नोटिस जारी कर डाटा अपलोड की प्रक्रिया पूरी करने का अंतिम मौका दिया गया है। इसके बाद लापरवाह विद्यालयों पर मान्यता निरस्त करने की कार्यवाही हो सकती है। शासन की ओर से फर्जीवाड़ा रोकने व स्कूलों को सीधे जोड़ने के लिए यू डायस पोर्टल विकसित किया गया है। सत्र के आरंभ में ही स्कूलों में उपलब्ध सुविधाएं, शिक्षकों की संख्या, शैक्षिक योग्यता, बच्चों की प्रोफाइल आदि ब्योरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए थे।

शिक्षा सत्र 2023-24 समाप्त हो चुका है और नवीन सत्र 2024-25 की शुरुआत हुए डेढ़ माह बीत गया है। इसके बाद भी पोर्टल पर डाटा अपडेट नहीं किया गया है। कई बार चेतावनी देने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने इस कार्य में रुचि नहीं दिखाई। जिसपर कार्य को गंभीरता से लेते हुए पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी कर पोर्टल पर मांगी गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर डाटा अपलोड न करने के मामले में जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कई बार निर्देशित किया जा चुका है। उन्हें पोर्टल पर विद्यालय का संपूर्ण ब्योरा अपलोड करने के लिए कहा गया है। पिछले वर्ष का डाटा अपलोड न करने वाले विद्यालयों के खिलाफ मान्यता निरस्त करने की कार्यवाही होगी।

### यू-डायस पोर्टल पर ये देनी होती है जानकारी

यू-डायस पोर्टल पर कक्षा एक से बारहवीं तक संचालित सभी विद्यालयों की तरफ से विद्यालय में पुराने के अलावा नए नामांकित छात्र संख्या, शिक्षकों की संख्या व उनकी योग्यता, विद्यालय भवन व उसमें उपलब्ध संसाधन, शौचालय, पेजयल की व्यवस्था, खेल परिसर समेत अन्य सभी संसाधनों के बारे में जानकारी देनी होती है।

## गर्मी की छुट्टियों में भी होगी ऑनलाइन पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



**26** दिन का फिलहाल चल रहा ग्रीष्मावकाश

- परिषदीय स्कूलों के बच्चों के लिए नई व्यवस्था लागू
- शिक्षक व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर बच्चों को भेजेंगे होमवर्क

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई लगातार जारी रहे, इसके लिए बच्चों को ऑनलाइन गृह कार्य दिया जाएगा। शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर व्हाटस एप पर बच्चों को होमवर्क भेजेंगे। 19 मई से करीब 26 दिनों का ग्रीष्मावकाश शुरू हो गया है। शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षकों को पढ़ाई का शेडयूल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में 1925 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। जिनमे करीब डेढ़ लाख बच्चे पंजीकृत हैं। रविवार से परिषदीय विद्यालय बंद हो गए हैं, लेकिन पढ़ाई में निरंतरता बनी रहे। इसके लिए सभी परिषदीय स्कूलों में छुट्टियों के बावजूद बच्चे ऑनलाइन पढ़ाई करेंगे। इस दौरान अभिभावकों के बनाए गए व्हाटस एप ग्रुप पर बच्चों को विभिन्न विषयों का होमवर्क दिया जाएगा। छुट्टियों में बच्चों को गृह कार्य एवं प्रोजेक्ट दिए जाएंगे। जिससे उनका सामंजस्य बना रहे।

बच्चे जब छुट्टी के बाद स्कूल आते हैं तो उनमे पढ़ाई की निरंतरता बनाने में समय लगता है। यही वजह है कि विभाग ने निर्णय लिया है कि गर्मी की छुट्टियों में घर में आनलाइन पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने निर्देश जारी कर कहा है कि शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर व्हाटस एप ग्रुप पर बच्चों को होमवर्क भेजेंगे। शिक्षा विभाग की ओर शिक्षकों को पढ़ाई का शेडयूल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए रिद्धी पांडेय ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में शिक्षक व्हाटस एप ग्रुप बनाकर बच्चों को होमवर्क भेजेंगे। ब्लाक स्तर पर तैनात एकेडमिक रिसोर्स पर्सन को इसकी जिम्मेदारी दी गई है, जो बच्चों का डाटा लेकर शिक्षकों से साझा करेंगे।

## सार-संक्षेप

### फरार आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**रसूलाबाद।** क्षेत्र अंतर्गत तिश्ती गांव निवासी अभियुक्त मोहित उर्फ लल्ला आत्महत्या दुष्प्रेरण के मामले में फरार चल रहा हैं। जबकि सह अभियुक्तों ने हाईकोर्ट से जमानत प्राप्त कर ली है। कई बार पुलिस द्वारा नोटिस जारी होने के बावजूद आरोपी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। जिसपर पुलिस ने डुगडुगी बजवाकर धारा 82 सीआरपीसी के तहत नोटिस अभियुक्त के मकान में चस्पा कर दिया। चौकी प्रभारी तिश्ती किरपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त के मकान में ताला लगा मिला है। अगर वह एक माह में कोर्ट में नहीं हाजिर होता है तो कोर्ट के आदेशानुसार कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।



आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा करती पुलिस।

### क्षमा माता का 40वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**शिवली।** कस्बे के जागेश्वर मंदिर में स्थापित क्षमा माता का चालीसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को फूलों से सजाया गया। आचार्य संजय मिश्रा ने विधिवत पूजन कर हवन में आहुतियां डलवाई। इस मौके पर योगेश अग्निहोत्री, बृजबिहारी द्विवेदी, आशुतोष त्रिवेदी, प्रभात कुमार, नीरज, पूनम देवी आदि मौजूद रहे।



जागेश्वर मंदिर स्थित क्षमा माता।

### दुष्कर्म का वारंटी गिरफ्तार

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र के चांदापुर गांव निवासी आरिफ उर्फ तारिफ पुत्र मिस्टर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वारंटी चल रहा था। गुरुवार को उसे चांदापुर गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### कांग्रेस ने नरेश को बनाया बनारस लोकसभा का प्रभारी

**कानपुर देहात।** देश की सबसे चर्चित संसदीय क्षेत्र में से एक बनारस लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव लड़ रहे हैं। उनके प्रचार-प्रसार व चुनाव संचालन कि ज़िम्मेदारी कांग्रेस कमेटी कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष नरेश कटियार को सौंपी गई। बता दें कि जनपद कानपुर देहात में चुनाव सम्पन्न हो चुका है। जबकि बनारस में अंतिम चरण में चुनाव हैं। वहां एक जून को वहा मतदान है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने कहा कि पार्टी द्वारा मिली ज़िम्मेदारी को पूरी निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। अगले एक सप्ताह पूरी टीम के साथ बनारस में पहुंच कर गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में काम करेंगे। जिलाध्यक्ष को बनारस का प्रभारी बनाए जाने पर एआईसीसी सदस्य मदनमोहन शुक्ला, पीसीसी सदस्य समीम कुरैशी, हरीशंकर चतुर्वेदी, रोहित कटियार, सगीर अहमद, डीपी राठौर, राकेश बाजपेई, महावीर यादव, अमीर अली, सुरेंद्र कटियार, शालिनी अवस्थी, मनोरमा संखवार, गोविंद निषाद, आदर्श कटियार, नसरुद्दीन कुरेशी, अशरफ कुरैशी, राजेंद्र सचान, आंनद द्विवेदी, अनिल कटियार, गुलफाम खान, शहंशाह खान, इस्तियाक मस्ताना, सलोने पाठक, तारीक मंत्री, तारिक निजामी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष नरेश कटियार।



अस्पताल के बाहर बैठे युवक के दोस्त। अमृत विचार

### ब्रह्मपुत्र मेल से गिरे युवक की मौत

**रूरा।** क्षेत्र के इंजुआरामपुर गांव के समीप निकली दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर सुबह करीब पांच बजे एक युवक गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दिल्ली के कपासहेड़ा निवासी गौरव (23) पुत्र अशोक साह अपने साथी अभय, शिवम, परमजीत, ज्ञानी, दिलशाद, गोलू व पंकज के साथ ब्रह्मपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली से बहन माया के यहां भागलपुर बिहार जा रहा था। गौरव ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर यात्रा कर रहा था। तभी रूरा क्षेत्र के इंजुआरामपुर गांव के पास अप लाइन पर खंभा नंबर 1065/17-18 के बीच झपकी आने पर वह नीचे गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। साथियों ने ट्रेन को चैन पुलिंग कर रोका और घायल के पास जाकर ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी रूरा लेकर आए। जहां डॉक्टर प्रतीक पांडेय ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। कस्बा इंचार्ज राकेश सिंह ने बताया कि पंचायतनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।



गौरव का फाइल फोटो।

### वेबसाइट पर दर्ज होंगी स्कूल की सभी गतिविधियां

**कानपुर देहात।** डिजिटलाइजेशन के इस दौर में अब माध्यमिक स्कूल भी हाईटेक होंगे। यूपी बोर्ड से जुड़े स्कूलों को अब अपनी वेबसाइट बनाकर स्कूल का पूरा ब्योरा उसपर दर्ज करना होगा। साथ ही छात्रों की ई-मेल भी देनी होगी। जिससे उनको भी बोर्ड की शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी समय से मिलती रहेगी। बोर्ड द्वारा इसके लिए माध्यमिक स्कूलों को अगस्त माह तक का समय दिया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अब धीरे-धीरे विभाग से जुड़े स्कूलों को डिजिटल करने की ओर कदम बढ़ा रहा है।

## एक नजर

### लाखों रुपये की चोरी में एफआईआर दर्ज

**मंगलपुर।** कस्बे के रहने वाले सुधीर तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दिनों रात में वह परिवार समेत छत पर सो रहा था। उसी समय घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर अज्ञात चोर घर में घुस आया और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लाखों रुपये के जेवरात व करीब 25 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। पुत्री सोनल पानी पीने व मोबाइल रिचार्ज के लिए जब छत से नीचे आई तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही नगदी और जेवरात गायब थे और दरवाजा खुला पड़ा था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

### अलग-अलग गांवों से दो महिलाएं लापता

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अलग अलग दो गांवों से महिलाएं लापता हो गईं। अमर सिंह का पुरवा निवासी मलखान ने बताया कि बीते सोमवार को उसकी पत्नी ममता मायके जाने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन वह मायके नहीं पहुंची है और न ही वापस घर आई है। वहीं तिंगाई निवासी महेंद्र ने बताया कि 25 अप्रैल को उनकी पत्नी निवेदिका रूरा बाजार जाने की बात कहकर घर निकली थी। उसका अभी तक कोई पता न चल सका है। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि दोनों की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर महिलाओं की तलाश की जा रही है।

### करंट से युवती गंभीर

**रसूलाबाद।** गुरुवार को मेघजाल निवासी काजल (19) पुत्री रमेशचंद्र पंखे के तार को स्विच में लगा रही थी। तभी उसके दाहिने हाथ में करंट लग गया। जिससे वह गिर पड़ी। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

### घर से सामान गायब करने का आरोप

**रूरा।** थाना क्षेत्र के माझापुरवा निवासी बरखा ने पुलिस को बताया कि बीते बुधवार को सुबह गांव के लोगों से आपसी विवाद हो गया था। जिसके बाद दोनों पक्षों का पुलिस ने शांति भंग में चालान भी कर दिया था। जब पीड़ित शाम को अपने घर गया तो गांव के दो लोगों ने पीड़ित के परिवार को गांव के अंदर नहीं जाने दिया। जब गुरुवार की सुबह पीड़ित अपने घर गया तो देखा की उसके घर में रखा अनाज और बर्तन गायब थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने में की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।



आर्यनगर गांव में महिलाओं को समझाती-बुझाती पुलिस। अमृत विचार



बवाल के दौरान घरों की छत से तमाशा देखते रहे लोग। अमृत विचार

# मामूली बात पर वर्चस्व की जंग में बढ़ा बवाल

## दोनों गांवों के बीच तनाव के हालात बढ़े, पथराव और गोलीबारी में 16 लोग जख्मी

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के आर्यनगर प्रथम और फत्तेपुर रोशनाई गांव के बीच हुए बवाल की मुख्य वजह वर्चस्व की जंग है। बुधवार को गोलगप्पे के ठेले पर मामूली बात को लेकर हुए विवाद के बाद पुलिस से शिकायत करने पर मामला इतना बढ़ गया कि गुरुवार को पथराव, गोलीबारी और बमबाजी की नौबत आ गई। सबक सिखाने के लिए हमला बोला गया। ऐसा हमला कि पुलिस भी बैकफुट पर नजर आई।

आर्यनगर प्रथम गांव फत्तेपुर रोशनाई ग्राम पंचायत का ही मजरा है, जो झांसी हाईवे से सटा है और राजेंद्रा चौराहे पर बाजार लगती है। आर्यनगर में गांव का ही एक युवक गोलगप्पे का ठेला लगाता है। बुधवार को फत्तेपुर रोशनाई गांव के कुछ लड़के गोलगप्पा खाने पहुंचे थे, जहां मामूली बात को लेकर ठेले वाले से विवाद हो गया था। विवाद मारपीट में बदल गई थी। इस मारपीट को लेकर रनियां थाने में तहरीर दी गई थी। आर्यनगर के चेतन सिंह का आरोप है कि तहरीर देने के बाद फत्तेपुर रोशनाई के दर्जन भर लड़के फिर आर्यनगर पहुंचे और गालियां देते रहे। कुछ लोगों ने उस समय उन्हें वापस कर दिया, लेकिन रात नौ बजे फिर दोपहिया वाहनों में सवार होकर आए और हाथों में तमंचे लहराते हुए धमकियां देते रहे।

गुरुवार को फिर पहले दोपहर में समूह बनाकर आए और धमकियां देकर चले गए। शाम करीब साढ़े चार बजे फिर आए और हमला कर दिया। हमले को लेकर दोनों गांवों के लोगों के बीच वर्चस्व की जंग छिड़ गई। फिर तो आर्यनगर में फत्तेपुर रोशनाई का जो भी शख्स दिखा, उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से भीड़ बढ़ती गई और बवाल बढ़ता रहा। वाहनों में तोड़फोड़, मारपीट, गोलीबारी के साथ बमबाजी शुरू हो गई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई।



बवाल के दौरान दुकान में तोड़फोड़ की गई। अमृत विचार



कई थानों का फोर्स पहुंचने के बाद लोग हटे। अमृत विचार

### बवाल में ये लोग हुए घायल

बवाल में पीयूष गुप्ता, प्रीति, बबली, छोटेलाल, रविकांत, दिव्यांशी, सौरभ, पंकज, रामजी, संजय सेंगर, अर्पित, लकी, सत्यम, रोहिणी, अंकिता, एकता आदि लोग घायल हुए हैं। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात आर्यनगर के चेतन सिंह की ओर से थाने में तहरीर दी गई है।

### कार्रवाई न होने से पुलिस के प्रति भड़का गुस्सा

बवाल की सूचना पर सीओ तनु उपाध्याय रनियां थाने के फोर्स के साथ आर्यनगर पहुंचीं, लेकिन बुधवार की घटना में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों में गुस्सा भड़क गया और ईंट-पत्थर लेकर पुलिस को भी दौड़ा लिया। सीओ फोर्स के साथ लौटीं और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। वह पुल के नीचे खड़ी रहीं।



बाइक तोड़ डाली गई। अमृत विचार



वैन में भी तोड़फोड़ हुई। अमृत विचार

### एएसपी रनियां थाने पहुंचे

भारी बवाल के बाद अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय देर रात रनियां थाने पहुंचे और सीओ तनु उपाध्याय से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। दोनों गांवों के बीच तनाव को देखते हुए भारी फोर्स तैनात किया गया है। दोनों गांवों के बीच बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी है, जिससे किसी भी समय फिर बवाल बढ़ने की आशंका है। फिलहाल पुलिस ने किसी भी गिरफ्तारी से इंकार किया है।

### भगदड़ के बीच जान बचाने की परवाह

जिस समय दोनों पक्षों के बीच बवाल शुरू हुआ और गोलीबारी के साथ बमबाजी होने लगी तो एकबारगी भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। आर्यनगर में बवाल के बाद फत्तेपुर रोशनाईं गांव के लोग भी पहुंच गए और बवाल में शामिल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अनियंत्रित भीड़ में शामिल लोगों ने कई राउंड फायरिंग करते हुए हथगोले फोड़े, जिससे भगदड़ मच गई। दुकानों में तोड़-फोड़ की।



रास्ते पर दिख रहे बमबाजी के निशान। अमृत विचार

मौसम का मिजाज — उमस के आगे पंखा-कूलर भी नहीं दे पा रहे राहत

# चिलचिलाती धूप व गर्मी ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** गर्मी अपना तेवर दिखा रही है। सुबह आठ बजे के बाद से ही चिलचिलाती धूप संग उमस एवं गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। हालत यह है कि लोगों का घरों में भी बैठ पाना मुश्किल हो गया है। उमस के आगे कूलर व पंखा भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

लू के गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। आसमान से अंगारे बरसने के चलते सार्वजनिक स्थलों पर हमेशा दिखने वाली चहल-पहल गायब हो रही है। मई माह की शुरूआत से ही तेज धूप के साथ गर्मी अपना तेवर दिखा रही है। सुबह आठ बजे के बाद से ही तेज धूप का जो सिलसिला शुरू हो रहा है। वह शाम पांच बजे तक बना रहाता है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम की बेरूखी से दोपहर में घरों से निकलना मुश्किल हो जा रहा है। गर्म हवा के थपेड़े भी लोगों को झुलसाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग तमाम तरह के जतन कर रहे है। सूरज की किरणों के सुबह से ही आग बरसाने की वजह से दोपहर में लोग घरों में दुबकने को विवश हैं। इसका नतीजा यह है कि तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। बाजारों में ग्राहकों के न रहने से दुकानदार बैठे रहते हैं। शाम को तापमान में कमी होने पर ही लोग घर से निकल रहे हैं। मौसम की बेरूखी का असर सेहत पर पड़ रहा है।



तेज धूप से बचने के लिए अंगौछा लपेटकर जाता साइकिल सवार। अमृत विचार

**38** डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान

### गर्मी से दिहाड़ी मजदूरों की बढ़ी समस्या

भीषण गर्मी व तेज धूप की मार से मजदूरों एवं रोज कमाने-खाने की व्यवस्था करने वाले परिवारों के सामने विषम स्थिति पैदा हो गई है। सुबह आठ-नौ बजते ही असहनीय हो जा रही धूप से लोग काम करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इससे उनके सामने आर्थिक समस्या पैदा हो गई है।

## निजी अस्पतालों को नवीनीकरण से राहत

**कानपुर देहात।** शासन ने निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम संचालकों को बड़ी राहत दी है। अस्पताल संचालकों को अब हर साल नवीनीकरण कराने के लिए भागदौड़ नहीं करनी होगी। जब कोई बड़ा बदलाव होगा। तभी नवीनीकरण कराने की जरूरत होगी। इससे अस्पताल संचालकों को काफी राहत मिलेगी।

सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि शासन की ओर से जारी किए गए निर्देशों के अनुसार जब निजी अस्पताल के नाम, उसके स्थान, डॉक्टर और स्टॉफ की संख्या, अस्पताल में मिलने वाली सुविधा में कोई फेरबदल नहीं होता है तो उन्हें नवीनीकरण नहीं कराना होगा। न तो प्रदूषण नियंत्रण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा।

# पूर्व सांसद के साथ डीएम से मिले

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अधिक खोदाई करने में रिपोर्ट दर्ज करने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** जोगिनडेरा नहरीबरी गांव में पिछले दिनों हुए अवैध मिट्टी खनन में पूर्व सांसद ने ग्रामीणों के साथ डीएम से मुलाकात की। उन्होंने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने बताया कि बीती 14 मई की रात मैथा तहसील क्षेत्र के रास्तपुर के जोगिनडेरा नहरीबरी गांव के किसानों के खेत से करीब दो मीटर गहराई से मिट्टी उठा ली गई थी, जो लगभग 12 हजार घनमीटर से अधिक होती है। इस संबंध में 16 मई को शिवली थाने में मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायती पत्र दिया गया था। जिसमें कंपनी निदेशक, प्रधान और तहसील कर्मियों की मिली भगत से मिट्टी की चोरी का आरोप लगाया गया था, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

वहीं एसपी ने बताया था कि लेखपाल का नाम होने की वजह से मामले में डीएम की अनुमति चाहिए। जिसको लेकर गुरुवार को पूर्व सांसद ने पीड़ितों के साथ डीएम से मुलाकात की। जिसपर जानकारी दी गई कि लेखपाल के नियुक्त अधिकारी उप जिलाधिकारी हैं। इसलिए वही अनुमति देंगे। पूर्व सांसद ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों के पास जाएंगे। इस दौरान शेर सिंह, सुप्रिया, दीपू नाथ, राजकिशोर, जाहगीर नाथ आदि लोग उपस्थित रहे!




डीएम से मिलने जाते पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी व ग्रामीण। अमृत विचार

# गर्मी का कहर : रोडवेज बसों में सवारियों का टोटा

## खाली दौड़ रहीं बसें, एआरएम बोले- नुकसान से बचने के लिए कम किए जा रहे बसों के चक्कर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** हीट वेव के साथ पारा 43-44 रहने से लोगों को घरों से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। इसीलिए इन दिनों राज्य परिवहन निगम (रोडवेज बसों) को सवारियों का टोटा बना हुआ है। इससे लखनऊ-कानपुर के बीच दौड़ने वाली अधिकांश बसों की सीटें सवारियां न मिलने से खाली रहती हैं। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक गिरीश चंद्र वर्मा ने कहा कि इन दिनों दोपहर में यात्रियों की संख्या काफी कम रहती है।


बाईपास तिराहे पर खड़ी बस की खाली पड़ी सीटें। अमृत विचार


सवारियों के इंतजार में खड़े डग्गामार हल्के वाहन। अमृत विचार

शहर स्थित बस अड्डे से जिले के आंतरिक रूटों के अलावा आनंद विहार (दिल्ली) की सवारियां ले जाने को बसों का संचालन होता है। इसके अलावा डिपो की अन्य गाड़ियां कानपुर के झकरकटी बस अड्डे से सवारियां बैठाने के बाद लखनऊ व बहराईच सहित अन्य जिलों के यात्री ले जाती हैं। झकरकटी बस अड्डे से कानपुर महानगर के विभिन्न डिपो सहित अन्य जिलों में संचालित डिपो की गाड़ियां लखनऊ-कानपुर रूट पर रात-दिन सवारियां ले जाती हैं। इधर, पूरे दिन गर्म हवाएं चलने और तेज धूप होने से लोग आवागमन से बच रहे हैं। यही कारण है कि रोडवेज बसों को पर्याप्त यात्री नहीं मिल रहे हैं। चालकों के अनुसार, झकरकटी बस स्टेशन पर गाड़ियों की लाइन लगी रहती है। इसलिए स्टेशन स्टाफ अधिक समय तक बसों को नहीं रोकने देते हैं। जिससे मजबूरी में मानक के मुताबिक सवारियां न होने पर भी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ती हैं। कानपुर से खाली सीटें उन्नाव में भरने की उम्मीद रहती है। लेकिन, विपरीत मौसम में यहां भी सवारियां नहीं मिलती हैं। इससे कभी-कभी 10-12 सवारियों को ही कानपुर से लखनऊ तक लाना व ले जाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक वैसे सभी सीटें भरकर गाड़ी चलाई जाती हैं, लेकिन गर्मियों में जहां दिन में सवारियां नहीं मिलती हैं। वहीं सर्दियों के समय रात में यात्रियों का टोटा रहता है। उन्होंने स्वीकार किया कि सवारियों की आवक कम होने पर गाड़ियों के फेरे कम करके नुकसान रोका जा रहा है।

### छोटी गाड़ियों के सामने भी है संकट

सवारियों का संकट डग्गामारी करने वाली छोटी गाड़ियों खासकर मारुती वैन व ईको के चालकों के सामने भी है। उन्होंने बताया कि आमदिनों में वह गाड़ी फुल करने के बाद ही गंतव्य को रवाना होते हैं, लेकिन इधर दोपहर के समय सवारियां न मिलने पर बैठ चुके लोगों को हाथ से फिसलने से बचाने को खाली गाड़ी ही बढ़ानी पड़ती है। रास्ते में फुटकर सवारियां नहीं मिलतीं। इसलिए लखनऊ जाते समय यहां पहुंचने पर गाड़ी फुल होने के बाद ही आगे बढ़ते हैं।

# संदिग्ध हालात में युवक का शव फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● शरीर पर मिले चोट के निशान बिसरा किया सुरक्षित

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत शिवपुर कुर्मियांन गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें उसके शरीर में चोटें मिलने के साथ ही दुर्गंध भी मिलीं। इस पर एहतिहातन बिसरा सुरक्षित किया गया। हालांकि परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। अचलगंज क्षेत्र के शिवपुर कुर्मियान गांव निवासी पवन (32) पुत्र स्व. राममोहन ट्रक चालक था। मंगलवार को वह गुजरात से लौटा था। बुधवार रात नौ बजे उसका शव घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सीट बेल्ट के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गुरुवार को हुए पोस्टमार्टम में उसके शरीर में कई चोटें मिली। साथ ही दुर्गंध भी थी। इससे शक के आधार पर बिसरा सुरक्षित किया गया। वहीं परिजनों ने किसी पर आरोप नहीं लगाया है। चाचा शिवमोहन ने बताया कि पवन नशे का आदी था। अत्यधिक नशा करने से वह घर में उपद्रव व मारपीट भी करता था। पारिवारिक लोग उससे आजिज थे। इसकी शिकायत पुलिस तक से भी की गई थी। आठ दिन पहले बीमारी से उसके पिता की मौत हुई थी। दो भाईयों में बड़े पवन की मौत से पत्नी प्रगति देवी, वृद्ध मां राम दुलारी सहित छोटा भाई रो-रो कर बेहाल हैं।

# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास, सास को बरी किया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**13** हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**08** मई 2014 को हो गई थी महिला की मौत

● दहेज के लिए जलाकर मारी गई थी विवाहिता

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मारने वाले पति को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद अजीवन कारावास के आदेश के साथ उस पर 13 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसी केस में सह आरोपी सास को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

बता दें कि कानपुर जिले के बिठूर थानांतर्गत प्रतापपुर हरी गांव निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि चार मार्च-2009 को उसकी बहन गोपी उर्फ सुमन की शादी गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मोहल्ला निवासी राजेश निषाद से हुई थी। शादी के बाद से राजेश अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहा था। इसके पूरा न होने पर पति व उसके परिजन बहन से मारपीट करते थे। इससे तंग आकर वह बहन को मायके ले आया था। 27 अप्रैल-2014 को राजेश अपनी मां बेलापती के साथ उसके घर आया और आगे से प्रताड़ित न करने का वादा किया तो बहन पति व सास के साथ ससुराल चली गई। चार मई-2014 को उसे सूचना मिली कि बहनोई राजेश ने मां बेलावती, भाई अनिल व फूफा चुन्नीलाल के साथ मिलकर बहन पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। चीख सुन मोहल्ले वाले वहां पहुंचे और बहन को गंभीर हालत में कानपुर के उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां आठ मई-2014 की रात नौ बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस की जांच में भाई अनिल व फूफा चुन्नीलाल पर लगे आरोप सही नहीं मिले थे। इस पर आईओ मनोज अवस्थी ने राजेश व बेलापति के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। गुरुवार को मामले की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे स्वतंत्र प्रकाश ने शासकीय अधिवक्ता यशवंत सिंह द्वारा पेश की गई दलील व साक्ष्य के आधार पर आरोपी राजेश को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास का आदेश दिया। साक्ष्य न मिलने पर कोर्ट ने बेलापति को बरी कर दिया।

# नहर में पहुंचा पानी, किसान पशु-पक्षियों को मिली राहत

**प्रभाव**

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** नहर विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते नहरों में पानी न आने से इससे जुड़े माइनर सूखे पड़े थे। इससे क्षेत्रीय किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनके द्वारा की जाने वाली धान रोपाई पिछड़ रही थी। इस गंभीर समस्या को लेकर अमृत विचार ने बुधवार के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने दूसरे ही दिन नहर में पानी छोड़ने का काम किया। इससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों किसानों व पशु पक्षियों को राहत मिली।

बता दें कि हसनगंज क्षेत्र में नहर में पानी न आने से इससे जुड़े सभी माइनर भी सूखे पड़े थे। जिससे गावों के तालाबों में भी पानी की कमी थी।


तालाबों में पानी न होने से पशु-पक्षी बेहाल

बुधवार को अमृत विचार में छपी खबर।

● खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए अफसर

ऐसे में किसानों के खेतों के अलावा मवेशियों व पशु पक्षियों तक को भीषण गर्मी से जूझने को मजबूर होना पड़ रहा था। हसनगंज क्षेत्र के मोहान रजबहे में पानी न छोड़े जाने से परेशान समदपुर भावा गांव निवासी राजू सिंह, कौशल सिंह, दीपू सिंह, आदि ने अमृत विचार संवाददाता से अपनी समस्या साझा की थी। इसके बाद इस समस्या से संबंधित खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से बुधवार के अंक में प्रकाशित किया गया था।

# सिल्ट बराबर कर कब्जा कर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ बाईपास तिराहा पर नाला सफाई के लिए हटवाई गई गुमटियां फिर लगने लगी हैं। पालिका कर्मियों ने करीब एक सप्ताह बाद भी निकाली गई सिल्ट नहीं हटाई है। इससे अतिक्रमणकारियों ने सिल्ट बराबर करते हुए अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं।

इस तिराहा पर रात-दिन बसों व अन्य वाहनों का आवागमन बना रहता है। इससे दुकानदार देररात तक दुकानें लगाए रहते हैं। यहां चाय-पान की दुकानों सहित सीजनल कारोबार खूब चलता है। इसलिए गर्मियों में जहां कई लस्सी की दुकानें संचालित होती हैं वहीं सर्दियों में कई लोग चाय-पकौड़ा भी बेचने लगते हैं। इसके अलावा पान-मसाला आदि की दुकानें भी संचालित होती हैं। बारिश शुरू होने से पहले नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई कराई जाती है। इसी क्रम में बीते दिनों ने पालिका कर्मियों ने जेसीबी से यहां के बड़े नाले की सफाई कर सिल्ट निकाली थी। वैसे पालिका सिल्ट सूखने पर खुदहटवाती है लेकिन, सिल्ट सूखने के बाद भी न हटने से अतिक्रमणकारियों ने खुद ही दुकान लगाने की जद्दोजहद शुरू कर दी है। नाले से निकली सिल्ट ढोकर कहीं दूसरी जगह पहुंचाने के बजाए दुकानदार वहीं बराबर कर रहे हैं। जिससे एक हिस्सा जहां नाले दोबारा वापस जा रहा है। वहीं बारिश होने पर सिल्ट बहकर फिर से नाले में ही समा जाएगी। इससे जलनिकासी बाधित होने पर आवास विकास कालोनी के बाशिंदों को जलजमाव की समस्या से जूझना होगा। इस संबंध में ईओ संजय गौतम ने कहा कि नाले में निकाली गई सिल्ट गिराने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। फुटपाथ व नालों पर अतिक्रमण कर संचालित हो रही सभी अस्थाई दुकानें हटवाई जाएंगी।


कब्जा करने को सिल्ट बराबर करते अतिक्रमणकारी। अमृत विचार

● ईओ बोले, जल्द शुरू होगा अतिक्रमण विरोधी अभियान

## एक नजर

### संतुलन बिगड़ने से महिला छत से नीचे गिरी

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हयात नगर भौंरा निवासी सियाराम की पत्नी सुनीता (48) बीती बुधवार रात परिजनों के साथ घर की छत पर सो रही थी। रात में सुनीता लघुशंका करने उठी थी। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर आ गिरी। सिर के बल जमीन पर गिरने से महिला गंभीर घायल हो गई। उसका बेटा सरोज आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेल-खेल में बच्ची ने पीया डीजल

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा निवासी छवि (2) पुत्री मुकेश घर में खेल रही थी। तभी उसने कमरे में रखी डीजल से भरी बोतल को उठाकर पी लिया। यह देख कमरे में पहुंची मां अनुपमा ने पति को सूचना दी। मुकेश उसे लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां डाक्टर ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया।

# खुद को आग लगाने वाले युवक ने तोड़ा दम

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर कट्टर निवासी युवक ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली थी। इसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया था। बीती बुधवार रात कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।


विमल कुमार सिंह।

सूत्रों के अनुसार गांव फरीदपुर कट्टर निवासी विमल (36) पुत्र मुन्नू सिंह की किसी परिवारिक सदस्य से बीते मंगलवार कहासुनी हो गई थी। इससे नाराज़ होकर उसने सिंचाई के लिए घर में रखा डीजल खुद पर उड़ेलकर आग लगा ली थी। इसमें विमल गंभीर रूप से झुलस गया था। सीएचसी के चिकित्सकों ने करीब 75 फीसदी झुलसे युवक को हायर सेंटर रेफर किया था। परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल कानपुर में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान बीती बुधवार देररात उसकी मौत हो गई। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उसकी दो बेटियां सानवी (4) व शकुन ढ़ाई वर्ष हैं। दो माह पूर्व पत्नी राधा सिंह ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। मुखिया की अचानक मौत होने से बच्चों के सामने भरण-पोषण की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

# विवाहिता ने लगाई आग, गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा कलां गांव में बुधवार देर रात पारिवारिक कलह से ऊबकर एक विवाहिता ने आग लगा ली।

देवारा कलां निवासी विजय की पत्नी काजल (20) का बुधवार रात परिजनों से किसी बात पर विवाद हो गया। जिस पर वह कमरे में पहुंची और खुद को आग लगा ली। आग लगने पर वह चीखते हुये बाहर भागी। जिस पर घर में मौजूद परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई। जिसके बाद गंभीर रूप से झुलसी काजल को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के एक ट्रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि कागज की हालत में अभी कोई सुधार नहीं है।

# दबंगों ने बंधा लगाकर पानी रोका कई गांवों तक नहीं पहुंच रहा जल

**हसगनंज।** नहर में पानी आने के बाद तहसील क्षेत्र से निकले मोहान रजबहा में कुछ दबंगों ने समदपुर भावा, अहिरन खेड़ा व वेरी आदि स्थानों पर बंधा लगाकर पानी रोक दिया गया। जिससे आगे के आधा सैकड़ा से अधिक गावों तक पानी नहीं पहुंच सका। उन गांवों के किसानों ने कहा कि नहर में पानी तो आया लेकिन, बंधा लगने से उनके खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जबि, इस समय उन लोगों को पानी की बेहद जरूरत है। धान की नर्सरी बोने का यह पीक समय है। इस बारे में शारदा नहर खंड-2 के सहायक अभियंता स्पर्श अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने जल्द ही बंधा खुलवाने का आश्वासन दिया। हालांकि, देरशाम बंधा खोले जाने की भी चर्चा क्षेत्र में रही।


नहर में बंधा लगाकर रोका गया पानी। अमृत विचार

# पुलिया में घटिया ईंट के प्रयोग से लोगों में नाराजगी

**चकलवंशी उन्नाव।** हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित गांव भदनी की निर्माणाधीन पुलिया में घटिया ईंट का प्रयोग हो रहा है।

बता दें कि हरदोई-उन्नाव मार्ग पर भदनी गांव के पास बरकोता ड्रेन की पुलिया संकरी होने से अक्सर जाम लगता था। लोक निर्माण विभाग ने पुलिया के चौड़ीकरण के लिए 2.71 करोड़ से निर्माण को मंजूरी दी थी। ठेकेदार ने सर्विस लेन बनाकर पुरानी पुलिया को तोड़कर नई पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया है। राहगीरों में सुखलाल, अशोक सिंह, राजकिशोर, सत्यम, मान सिंह, नीरज द्विवेदी, दीपक यादव, पशुपति मिश्रा, राजेश आदि ने बताया कि भदनी पुलिया में मानक विहीन सामग्री प्रयोग हो रही है।

**राहत की बात** — अधिकारियों की टीम के साथ परियोजना प्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण

# जल्द शुरू होगा अमृत स्टेशन बनाने का काम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आखिरकार रेल अधिकारियों ने अमृत स्टेशन योजना के तहत चयनित उन्नाव रेलवे स्टेशन को नए सिरे से बनवाने की सुध ले ली है। मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति नीरज कुमार गुरुवार को टीम के साथ स्टेशन का मौका मुआयना करने आए। टीम में शामिल अभियंताओं ने स्टेशन परिसर का भ्रमण कर रेल मंत्रालय द्वार प्रस्तावित माडल को आकार देने को लेकर निरीक्षण किया। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि मौके की स्थितियों के लिहाज से संशोधन करते हुए निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।


एसएस कक्ष में विचार-विमर्श करते मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति नीरज कुमार।

बता दें कि बीते साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली मौजूद रहकर सांसद साक्षी महाराज से विधायकों व भाजपा नेताओं की मौजूदगी में अमृत स्टेशन योजना का शिलान्यास कराया था। रेल मंडल में अयोध्या व अन्य कई स्टेशनों का योजना में चयन हुआ था। इसलिए श्रीराम मंदिर अयोध्या के लोकार्पण के मद्देनजर रेल अधिकारियों ने संबंधित स्टेशनों पर वरीयता से निर्माण कार्य कराया था। अब यहां भी स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य शुरू होना है। स्टेशन भवन को अधिक सुविधापूर्ण तैयार किया जाना है, जिसके तहत यहां कैफेटेरिया व सभाकक्ष सहित अन्य निर्माण होने हैं। साथ ही यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने को सुविधाजनक बनाने के लिए एक्सलेटर भी लगेगा। इसके अलावा यात्री प्रतिक्षालय सहित अन्य भवनों को अत्याधुनिक ढंग से तैयार किया जाना है। परियोजना प्रबंधक गुरुवार दोपहर बाद रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को साथ लेकर अपनी टीम के साथ पूरे स्टेशन परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान अभियंताओं सहित परियोजना प्रबंधक ने मौजूद स्टेशन भवन, टिकट घर, आरक्षण काउंटर व वाहन स्टैंड को देखा। उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित प्रारूप को आकार दिया जाना है।

● बोले, आलाधिकारियों को जानकारी देकर जल्द शुरू कराया जाएगा काम

इसलिए मौके पर भूमि की उपलब्धता सहित अन्य चीजों को देखा है। अब डीआरएम सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रस्तावित प्रारूप के अनुसार स्टेशन भवन व परिसर तैयार करने का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक व सिविल वर्क देखने वाले अभियंता भी मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से महिला समेत दो झुलसे, रेफर

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गावों में करंट की चपेट में आकर एक वृद्धा सहित दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मेला रामकुंवर निवासी लीलावती (60) पत्नी राधेश्याम बीती बुधवार देरशाम भीषण गर्मी से राहत के लिए घर में पंखा चालू कर रही थी। तभी पंखे में अचानक करंट उतर आया और वह इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा निवासी विनोद (53) पुत्र नन्हा प्रसाद भी बुधवार देरशाम करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।

परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शातिर बदमाशों ने महिला से की थी लूट, पकड़े गए दो आरोपी

**फालोअप**

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ पुलिस ने एसओजी व सर्विलांस टीम की मदद से महिला से 50 हजार की लूट करने वाले दो शातिर बदमाशों को पकड़ा है। उनके पास से 25 हजार रुपए व घटना में प्रयोग हुई बाइक बरामद हुई है। दोनों शातिर अपराधी हैं और उनका लखनऊ व बाराबंकी सहित अन्य जिलों में अपराधिक इतिहास भी है।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के ककरहा पथरहा गांव निवासी श्यामा पत्नी स्व. श्यामलाल बेटे हरीश के साथ मंगलवार को सोहरामऊ स्थित एसबीआई की शाखा से रुपए निकालने आई थी। चार जुलाई को उसकी बेटी की शादी है। इसकी तैयारी के लिए उसने 50 हजार रुपए खाते से निकालकर बेटे के साथ साइकिल से घर लौट रही थी। तभी असोहा-सोहरामऊ मार्ग पर दतौली गांव के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने श्यामा के हाथ से झोला छीन कर नगदी लेकर फरार हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की थी। एसपी के निर्देश पर सोहरामऊ पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर टीम को महत्वपूर्ण सुराग मिले थे। इसके बाद गुरुवार को संयुक्त टीम ने रसूलपुर मोड़ के पास से सचिन नायर पुत्र रविंद्र नाथ निवासी राणा प्रताप मार्ग मल्लापुर हाथा थाना हजरतगंज लखनऊ हाल पता हसंखेड़ा थाना पारा लखनऊ व मुकेश सोनकर पुत्र बिन्दादीन रविदास नगर बजीर हसन रोड थाना हजरतगंज लखनऊ को पकड़ा। उनके पास से लूट के 25,700 रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। जिसे एमवी एक्ट में सीज किया गया है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि गुरुवार को पुलिस की संयुक्त टीम ने महिला के साथ लूट के आरोपियों को पकड़ा है। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से वे जेल भेजे गए।


पुलिस गिरफ्त में लुटेरे। अमृत विचार

● सोहरामऊ में बैंक से रुपए निकाल कर लौट रही महिला से लूटे गए थे 50 हजार

# सड़क हादसे में घायल अप्रवासी भारतीय की हुई मौत, परिजनों ने जाम लगाया

## दतौली निवासी रघुनाथ सऊदी अरब में करते थे काम, सोहरामऊ-असोहा मार्ग पर हुआ था हादसा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानांतर्गत वाहन की टक्कर से घायल हुए अप्रवासी भारतीय की निजी अस्पताल में देररात मौत हो गई। शव लेकर लौटे परिजनों ने रात में सोहरामऊ-असोहा मार्ग पर जाम लगा दिया। उनका आरोप था कि हादसे के बाद पुलिस ने न तो उनकी सुध ली और न ही टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाया। एसओ ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बता दें कि सोहरामऊ थानाक्षेत्र के दतौली गांव निवासी रघुनाथ (45) सऊदी अरब में काम करते थे। होली के पहले वह छुट्टी पर घर लौटे थे। मंगलवार को वह अपनी रिश्तेदारी में लखनऊ के बंथरा थानांतर्गत गांव रामगढ़ी गए थे। लौटते समय रात करीब 11 बजे हसनापुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें वह गंभीर घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी ने उन्हें स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार देररात एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर लौटे और रात दो बजे हसनापुर-सहरावां मार्ग पर जाम लगा दिया।

जाम की सूचना पर पहुंची सोहरामऊ पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। भाई फूलचंद ने आरोप लगाया कि घटना के बाद से पुलिस ने उनका हाल नहीं जाना और टक्कर मारने वाले वाहन का भी पता नहीं लगा सकी। एसओ के आश्वासन पर वे शांत हुए।

गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पति की मौत से पत्नी सरोज व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ कमल दुबे ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


रघुनाथ।

### ट्रक-डीसीएम की टक्कर में खलासी घायल

**गंजमुरादाबाद।** अलीगढ़ जिले के गांव नगला बिरखी नौगवां निवासी चालक कृष्ण गोपाल खलासी राकेश (21) पुत्र योगेंद्र निवासी नगलीपुरा दिल्ली के साथ डीसीएम में खाद्य सामग्री लादकर आगरा से लखनऊ जा रहा था। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गांव जोगीकोट के पास ओवरटेक करते समय ट्रक ने डीसीएम में टक्कर मार दी। इसमें डीसीएम का खलासी राकेश गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने उसे सीएचसी भेजा। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली युवती के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

क्षेत्रीय दरोगा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती के घर में पड़ोस में रहने वाला अवनीश बुधवार रात करीब एक बजे घुस गया। जहां उसने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई। उसी मामले में गुरुवार को एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान आरोपी अवनीश को पुलिस ने पकड़ लिया और दर्ज मुकदमें के आधार पर कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया है।

# धोखाधड़ी मामले में अब दर्ज होनी शुरू हुईं रिपोर्टें, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता गंजमुरादाबाद, उन्नाव

**अमृत विचार।** शेयर बाजार में पैसा लगाकर हर महीने 15 से 20 फीसदी ब्याज देने का झांसा देकर नगर व क्षेत्र से करीब 400 करोड़ रुपये वसूलने वाले युवकों के विरुद्ध अब पीड़ितों ने रिपोर्ट दर्ज कराना शुरू कर दिया है। बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने एक एजेंट की तहरीर पर एक ही परिवार के चार लोगों के विरु। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

गंजमुरादाबाद क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी फहीम पुत्र सईद अहमद ने बीती-11 मई को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि बांगरमऊ नगर के मोहल्ला खत्रियाना निवासी अंजुम अली पुत्र सोनेलाल से उसकी दोस्ती थी। अंजुम अली ने उसे जानकारी दी कि कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला तालाब निवासी अनवारुद्दीन उर्फ राजू के लड़के कासान उर्फ अरबाज खान शेयर मार्केट में पैसा लगाकर हर महीने 15 से 20 फीसदी ब्याज देते हैं। इससे उसका पैसा दो साल में ही दोगुना हो जाएगा। उसने अंजुम अली के झांसे में आकर कई बार में 20-22 लाख रुपये कासान के खाते आनलाइन स्थानांतरित किया था। उसने जब अंजुम अली से पैसा वापस करने को कहा तो अंजुम ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कासान उर्फ अरबाज खान व एजेंट अंजुम अली के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद गुरुवार को पुलिस ने करीब आधा सैकड़ा लोगों से इन्वेस्टमेंट के नाम से करोड़ों रुपये जमा कराने वाले एजेंट अंजुम अली निवासी खत्रियाना बांगरमऊ की तहरीर पर गंजमुरादाबाद के मोहल्ला तालाब निवासी अनवारुद्दीन उर्फ राजू, उसके भाई अयाजुद्दीन, उसके बेटे अरबाज खान व अदनान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। अंजुम ने बताया कि अनवारुद्दीन व उसके परिवार ने नगर व क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक लोगों को रुपये दोगुना करने का प्रलोभन देकर करीब 400 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की है। उसने आशंका जताई कि उसका परिवार दबंग क़िस्म का है। विदेशी असलहे दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दे चुका है। फिलहाल पुलिस अनवारुद्दीन व उसके परिजनों के विरुद्ध दर्ज तीन मामलों की जांच में जुटी है।




● शेयर बाजार में रुपये लगाकर हर माह 20 फीसदी लाभ का लालच देकर ठगे गए थे रुपये

## एक नजर

### प्रतिबंधित पेड़ों की कटान करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव महिपतखेड़ा निवासी सजीवन के खेत में प्रतिबंधित नीम, आम व जामुन के हरे पेड़ों को ठेकेदार रामकुमार निवासी निधानखेड़ा सोहरामऊ द्वारा बिना परमीशन के काटा जा रहा था। जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग को दे दी। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी कन्हई लाल को नीम, आम व जामुन के पेड़ कटे हुए मिले। जबकि ठेकेदार द्वारा मौके से लकड़ी गायब कर दी गई थी। बीट प्रभारी ने पेड़ मालिक व ठेकेदार के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। एसओ रामऔतार ने बताया कि वन विभाग के बीट प्रभारी की तहरीर पर पेड़ मालिक व ठेकदार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फार्मासिस्ट ने दवा न देने की बात कह मरीज को किया चलता

**बिछिया।** ब्लॉक क्षेत्र के सोनिक गांव निवासी रोहित अपने व पत्नी लक्ष्मी के लिए दवा लेने गुरुवार को बिछिया सीएचसी गए थे। वहां मौजूद फार्मासिस्ट ने दवा न देने की बात कहकर उसे चलता कर दिया। रोहित ने बताया कि अभद्रता की शिकायत उसने सीएम पोर्टल पर भी की है। डा. संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार को वे वहां नहीं थे। ओपीडी 12 बजे तक थी। जानकारी मिलते ही मरीज को दवा दिला दी गई थी।

# गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव व आस पास के तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। नगर के अलावा सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, कानपुर समेत अन्य स्थानों से आए लोगों ने डुबकी लगाई।

### बौद्ध विहार में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा, बांटा गया प्रसाद

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा को देखते हुये पंचशील बौद्ध विहार में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद प्रसाद बांटा गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। गुरुवार शाम सीताराम कॉलोनी स्थित पंचशील बौद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। जहां संस्थान के पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। जिसके बाद प्रार्थना हुआ। इस दौरान पंचशील बुद्ध बिहार संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग वह माध्यम है। जो दुख के निदान का मार्ग बताता है। उनका यह अष्टांगिक मार्ग ज्ञान, संकल्प, वचन, कर्म, आजीव, व्यायाम, स्मृति और समाधि के सन्दर्भ में सम्यकता से साक्षात्कार कराता है। गौतम बुद्ध ने मनुष्य के बहुत से दुखों का कारण उसके स्वयं का अज्ञान और मिथ्या दृष्टि बताया है। महात्मा बुद्ध ने पहली बार सारनाथ में प्रवचन दिया था उनका प्रथम उपदेश धर्मचक्र प्रवर्तन के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम के समापन के बाद खीर का प्रसाद बांटा गया। रात तक कार्यक्रम चलता रहा। जहां भारी भीड़ रही। इस मौके पर अजय पाल, अमन गौतम, मुकेश गौतम, परागी लाल, गंगा प्रसाद, जे ले लाल, रामाकांत, संजय भारती, धर्मेन्द्र सोनकर, कैप्टन संतराम, केडी बाबू, राम प्रसाद, रेखा गौतम, मालती गौतम, उर्मिला गौतम, शैलेन्द्र त्यागी मौजूद रहे।


गंगा स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

# यात्रियों की सुविधाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेने के लिये गुरुवार सुबह लखनऊ से आये रेलवे के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर और डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही खामियां मिलने पर मौजूद जिम्मेदारों को फटकार लगाई। वहीं यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराये जाने को लेकर मातहतों को निर्देश दिये। वहीं आदर्श स्टेशन के तहत चल रहे कार्य का भी जायजा लिया।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर नीरज श्रीवास्तव, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर विकास गोयल व अन्य अधिकारियों के साथ गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की हकीकत देखी। इसके साथ ही प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों से भी इसकी जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां प्लेटफार्म पर टूटी सीमेंटेड बेंच देख उनका पारा हाई हो गया और उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराई जाये। जिससे उन्हें कोई तकलीफ न हो। इसके साथ ही स्टेशन पर जो भी असुविधाएं हो, उन्हें जल्द से जल्द दूर किया जाये। जिससे आने जाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न उठानी पड़े।

● चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर ने किया निरीक्षण

### जल्द बनेगी 40 मीटर बाउंड्री वॉल

चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर ने आदर्श स्टेशन योजना के तहत हो रहे गंगाघाट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का कार्य देखा। जहां उन्होंने बताया कि राजीव नगर बस्ती की ओर 40 मीटर बाउंड्री वॉल बनवाई जायेगी। जो भी अतिक्रमण आड़े आयेगा उसे हटाया जायेगा। अधिकारी की बात सुन बस्ती वालों में हड़कंप मच गया।

## सार-संक्षेप


समर कैंप में धमाल मचाते शिवम कान्वेंट के बच्चे। अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में 23 मई से 29 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। जहां पहले दिन बच्चों ने कैंप में जमकर धमाल मचाया। इसके साथ ही शरीरिक और बौद्धिक विकास के लिये तमाम प्रकार की एक्टिविटी में भी भाग लिया। शिवम कान्वेंट स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के बच्चों को मानसिक, शारीरिक विकास के लिए विभिन्न एक्टिविटी सीखने की क्लासेज के साथ समर कैंप का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। जहां विद्यालय के डायरेक्टर अंकुर शुक्ला व प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला ने बताया कि एक सप्ताह के इस समर कैंप में बच्चों के मानसिक विकास के साथ साथ उनके शारीरिक विकास पर भी पूर्णतया ध्यान दिया जाएगा। समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों ने म्यूज़िक, डांस, आर्ट्स एंड क्राफ्ट, मैथमेटिकल मॉडलिंग, रीजनिंग, साइंस एक्सपेरिमेंट्स, पीटी, योग, इंग्लिश स्पीकिंग, हिन्दी परिचय आदि सिखाया गया। इस दौरान रचना मिश्रा, प्रियंका शुक्ला, मनीष कुमार, अमल शुक्ला, शालिनी तिवारी, स्मिता चटर्जी, सोनल गुप्ता, ऐश्वर्य शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

### अंधेरे में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन, लेखपाल ने की जांच

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।** थानाक्षेत्र में इन दिनों खनन माफिया जेसीबी से खनन करने में जुटे हैं। वे रातभर खनन कर क्षेत्र में मिट्टी की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने खनन की जांच की और रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है। थानाक्षेत्र के गांव सकतपुर में बुधवार देररात जेसीबी से मिट्टी खनन किया गया। मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर से अन्य थानों पर पहुंचाई गई। लोगों का कहना है कि इस समय क्षेत्र में जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। खनन माफिया अंधेरे में खनन कर रहे हैं। शिकायत मिलने पर सकतपुर गांव में हुए खनन की जांच करने लेखपाल आलोक वर्मा पहुंचे। उन्होंने बताया कि खनन की जांच की गई है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। सफीपुर तहसीलदार रामाश्रय ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराई गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए हुई बैठक

**उन्नाव।** जुलाई माह के दूसरे शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत से लोग अधिक से अधिक लाभ उठा सकें इसके लिए गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें जिला जज व अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने न्यायिक अधिकारियों के अलावा अन्य विभागों के अफसरों से इसे सफल बनाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को सम्मन तामील कराने पर जोर दिया। जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने विधिक सेवा प्राधिकरण केन्द्रीय सभागार में हुई बैठक में लोक अदालत को सफल बनाने के बारे में पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया। बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने को वैकल्पिक मंच देना है। इसमें उत्तराधिकार से सम्बन्धित, सिविल, राजस्व सम्बन्धी व श्रम वाद सहित भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, आपदा राहत आयकर वाद, यातायात चालानी वाद, बैंक ऋण वसूली सहित अन्य मामलों के निपटारे से लोगों को कोर्ट के चक्कर काटने से छुट्टी मिलेगी। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों को लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराकर इसे सफल बनाने को अपना योगदान देने को कहा।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। घायल हालत में उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र के छित्तेपुर गांव निवासी मैकू रैदास (70) गुरुवार शाम घर से एक किमी दूर हसनापुर गांव के पास अपने आम के बाग की रखवाली करने गए थे। तभी लखनऊ-बागरमऊ मार्ग पर हसनापुर गांव के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से वृद्ध को गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस उसे सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि परिजनों ने अभी तहरीर नही दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### गौतम बुद्ध की शिक्षा पर अमल करने का आह्वान

**उन्नाव।** बुद्ध पूर्णिमा पर गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने परंपरागत ढंग से अपने अराध्य की जयंती मनाई। शहर के राजेपुर व गदनखेड़ा स्थित बौद्ध विहार में वक्ताओं ने उनकी शिक्षाओं पर अमल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शांति ही विकास पथ पर अग्रसर रख सकती है। सबसे पहले राजेपुर विहाराध्यक्ष भन्ते जी ने बुद्ध वंदना के साथ त्रिशरण व पंचशील का पाठ कराया। वक्ताओ ने गौतम बुद्ध के बताए शांति मार्ग पर चलते हुए उनके उपदेशों को जीवन में उतारने की सलाह दी। कहा कि युद्ध व परस्पर विवाद आगे बढ़ने का रास्ता रोकते हैं। मुख्य वक्ता गजोधर प्रसाद ने कहा कि गौतम बुद्ध के सत्य व अहिंसा का अनुसरण करते हुए जीवन का अभीष्ट पाया जा सकता है। इस अवसर पर बौद्ध महासभा के अध्यक्ष बीएल गौतम, डा. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हर्षवर्धन, पूर्व विधायक सुंदरलाला कुरील, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीन कुमार मिश्र भानू आदि भी मौजूद मौजूद रहे।

### रोडवेज की चपेट में आए तीन दोस्त गंभीर घायल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रवनहार निवासी राहुल पुत्र असर्फी लाल (22) लखनऊ में नौकरी करता है। गुरुवार को उसके घर मे मांगलिक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने गुरुवार शाम वह दोस्तों विशाल पुत्र मन्नीलाल (18) व शुभम पुत्र राजेश (21) निवासी राजाजी पुरम लखनऊ के साथ बाइक से गांव आ रहा था। तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवाबगंज चौकी के सामने अनियंत्रित रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें तीनों गंभीर घायल हो गये। पीआरवी कमांडर अंकुश त्रिपाठी ने घायलों को तत्काल नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया।

### आवारा हवा का झोंका हूं आ निकला हूं... सुन झूमे श्रोता

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार रात शुक्लागंज के सहजनी नेहरू बाग स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध गजल व गीत गायक अल्ताफ रजा पहुंचे। जहां उनके गीतों पर देररात तक लोग झूमते रहे। नेहरू बाग स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मशहूर गायक अल्ताफ राजा पहुंचे। जैसे ही वह स्टेज पर पहुंचे और उन्होंने गीत गाने शुरू किये। वैसे ही शुक्लागंज, कानपुर, उन्नाव के अलावा दूर दराज से आये लोग झूमने लगे। उन्होंने आवारा हवा का झोंका हूं आ निकला हूं पल दो पल के लिये... तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओंगे..., पहले तो कभी कभी गम था अब हर वक्त तेरी याद सताती है मुझे... और फिर इश्क और प्यार का मजा लीजिए थोड़ा इंतजार का... गीतों से आवाज का जादू बिखेरा। जिस पर मध्य रात्रि तक लोग उन्हें सुनने के लिये मौजूद रहे। इस दौरान खूब तालियां बजाई।



स्टेज पर गीत प्रस्तुत करते प्रसिद्ध गायक अल्ताफ रजा। अमृत विचार

# चुनौतियों से निपटने को शिक्षित होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दरोगाबाग स्थित आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह में विद्यालय प्रबंधक उमाकांत मिश्र ने कहा कि बढ़ती चुनौतियों के बीच भावी पीढ़ी का सुशिक्षित होना जरूरी है। प्री प्राइमरी कक्षाओं में अव्वल रहे फलक रहमान, शानवी व रिशु वर्मा को पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रथम से ऊपर की कक्षाओं में साक्षी सविता प्रथम, रिजवान द्वितीय व खदीजा तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय में सबसे अधिक उपस्थित रहने वाले शाश्वत मिश्र को भी पुरस्कार दिया गया। पीजी की शानवी, ओवैस व फैसल एलकेजी के रिशु वर्मा, हमज़ा ख़ान व अयान मंसूरी यूकेजी के फ़लक रहमान, हसनैन व कृष्णा सिंह को भी बेहतर अंक लाने पर पुरस्कृत किया गया। कक्षा एक की साक्षी सविता, रिजवान व जीशान कक्षा दो की संध्या राजपूत, नूर आलम व ख़ुशी कक्षा तीन की खदीजा, सारा रहमानी व रेशू तीसरे स्थान पर रहे कक्षा चार की अनन्या वर्मा, तमन्ना गुप्ता व अलशिफ़ा कक्षा पांच के वंशज सैनी, मोहम्मद वैस व मयंक सविता को भी पुरस्कृत किया गया। इसी तरह कक्षा छह की अदिति, मज़हर आदि रहे।



प्रधानाचार्या व अभिभावक के साथ पुरस्कृत बच्चे। अमृत विचार

# युवती से दुष्कर्म कर विदेश भागा युवक

**उन्नाव।** जालौन निवासी युवती के मुताबिक वह कानपुर में एक बंगले में नौकरी करती थी। वहीं पर उसके सदर कोतवाली क्षेत्र के उमराव खेड़ा निवासी युवक से संबंध हो गए। उसके मुताबिक नेहाल ने उससे पहचान छुपाकर शादी का झांसा दिया और सात साल तक उससे दुष्कर्म करता रहा। इसका वीडियो भी शोसल मीडिया पर वायरल हुआ। एसपी को दिया प्रार्थनापत्र भी वायरल हुआ। जिसमें युवती ने धर्म परिवर्तन के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो व प्रार्थनापत्र की पुष्टि नहीं करता है। चर्चा में आने के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने नेहाल पर दुष्कर्म मामला दर्ज किया है।

जिला अस्पताल का मामला | सहायक स्वास्थ्य निदेशक के पहुंचने के काफी समय बाद पहुंचे दोनों सीएमएस

# एडी के निरीक्षण में मिलीं कई खामियां

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ मंडल के सहायक स्वास्थ्य निदेशक गुरुवार सुबह करीब आठ बजे अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान एडी के आने के काफी समय बाद दोनों सीएमएस कार्यालय पहुंचे। उन्हें निरीक्षण में पुरुष व महिला चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिली। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिये।

सहायक स्वास्थ्य निदेशक डा. जीपी गुप्ता गुरुवार सुबह आठ बजे जिला अस्पताल पहुंच गए। इससे वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। वह पहले पर्चा काउंटर पर पहुंचे। यहां उन्हें मरीज लाइन में खड़े मिले। इसके बाद वह पुरुष चिकित्सालय की ओपीडी में गए तो उन्हें चार डाक्टर अपने कक्ष में मौजूद नहीं मिले। वह अल्ट्रासाउंड कक्ष पहुंचे तो वहां उन्हें ताला बंद मिला। जानकारी पर उन्हें बताया गया कि रेडियो लाजिस्ट मेडिकल आवास पर हैं। पुरुष चिकित्सालय के सीएमएस कार्यालय पहुंचे तो उन्हें वहां सीएमएस डा. आरए मिर्जा भी नदारद मिले। उन्होंने सभी डॉक्टरों के ओपीडी रजिस्टर व उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। दवा वितरण कक्ष के बाद वह सीधे जनरल वार्ड पहुंचे। जहां उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और इलाज के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वह महिला चिकित्सालय आए। यहां भी उन्हें महिला अस्पताल के सीएमएस डा. अरविंद आनंद नहीं मिले। इसके बाद वे महिला विभाग ओपीडी में पहुंचे। डा. अल्का के कक्ष में पहुंचकर उन्होंने पूछा कि डॉक्टर कहां हैं तो पता चला कि वह छुट्टी हैं। इसके बाद उन्होंने ओपीडी रजिस्टर की जांच की। तभी सीएमएस (पुरुष) पहुंच गए। ब्लड बैंक, जांच कक्ष व अन्य जगह उन्हें गंदगी मिली। इसके बाद वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और वहां शव रखने वाले खराब दो फ्रीजरों के विषय में जानकारी दी गई तो उन्होंने इसे लिखित में सीएमओ को देने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। करीब चार घंटे तक उनके निरीक्षण के दौरान कर्मियों में अफरा-तफरी मची रही। एडी ने बताया कि निरीक्षण की रिपोर्ट स्वास्थ्य निदेशक को भेजेंगे।


जिला अस्पताल का निरीक्षण करते एडी। अमृत विचार

● अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना

# सुबह से शाम तक बंद रही दो मोहल्लों की बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के गांधी नगर और ऋषि नगर मोहल्ले में जर्जर लाइन से विद्युत आपूर्ति होने के कारण आये दिन घटनाएं हो रही थी, जिसे देखते हुये गुरुवार को कार्यदायी संस्था ने दोनों मोहल्लों में जर्जर तार बदलने का काम किया। इस दौरान सुबह से देर शाम तक करीब 18 सौ घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बेहाल हो गये।

नगर में इन दिनों यूनिवर्सल कंपनी के कर्मी नई एबीसी व एलटी लाइन डाल रहे हैं। जिसके चलते गुरुवार को कार्यदायी संस्था नगर के गांधी नगर व ऋषि नगर पहुंची। जहां फीडर-1 के तहत गांधीनगर में 630 केवीए व 100 केवीए ट्रांसफार्मर और ऋषि नगर में 630 केवीए व 400 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बंद की गई। जिसके बाद कर्मचारियों ने पुराने जर्जर तारों को खंभों से उतारा और नई लाइन डालने का काम किया। इस दौरान सुबह से शाम तक करीब 1800 घरों की बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने से गर्मी में घरों में मौजूद महिलाएं बच्चे बिलबिला उठे। वहीं इनवर्टर भी धड़ाम हो गये। शाम करीब छह बजे के बाद कार्य समाप्त होने के बाद दोनों मोहल्लों की आपूर्ति चालू हो सकी।


केबल बदलने का काम करते कर्मचारी।

वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति यैराहत: शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्य: ॥

शब्द रूपी बाण सीधा दिल पर जाकर लगता है जिससे पीड़ित व्यक्ति दिन-रात घुलता रहता है। इसलिए ज्ञानियों को चाहिए कि कटु वचन बोलने से बचें।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र का मजबूत घटक

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही दुनिया में साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय रक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के लिए भी साइबर सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। साइबर सुरक्षा के मामले में भारत की दक्षता ऐसे क्षेत्र में महत्वपूर्ण है जहां साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। विदेशी हैकर्स विभिन्न भारतीय संस्थानों पर साइबर हमले कर डेटा की चोरी कर लेते हैं और काम भी ठप कर देते है। रक्षा सूत्रों के अनुसार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन के हैकर्स द्वारा सैन्य प्रणालियों में सेंध लगाकर जानकारी चुराने और व्यवधान पैदा करने के प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना के लिए भी साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सेना की ओर से कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। भारत ने सूचना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षा नेटवर्क को मजबूत करने, उन्हें साइबर हमलों से बचाने और बहुत संवेदनशील सूचनाओं को गलत हाथों में पड़ने से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। साइबर क्षेत्र में भारत की रक्षा क्षमताओं को विस्तार देने के महत्व को देखते हुए रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा साइबर सुरक्षा अभ्यास शुक्रवार तक आयोजित किया जा रहा है। रक्षा साइबर एजेंसी को साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने का काम सौंपा गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की एक त्रि-सेवा कमान है जो साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है।

यह आयोजन तेजी से उभरते हुए और महत्वपूर्ण साइबर क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। निश्चित रूप से भारतीय सेना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, जैसे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सेल एवं साइबर अपराध जांच इकाइयां, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। हालांकि, ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देश में व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर क्षेत्र में सभी संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

# भारतीय दर्शन और पर्यावरण संरक्षण



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था।

विगत वर्षों में जलवायु परिवर्तन की समस्या जिस तेजी के साथ पूरे विश्व समुदाय के सामने मुंह फैलाएं खड़ी है, यह काफी चिंतनीय है। आज न केवल भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या के हल को निकालने के लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने हेतु दिसंबर-2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन का आयोजन किया था, जबकि भारत में इसके कई हजार वर्ष पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया था कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। इसके लिए प्राचीन काल में ही हमारे यहां वैदिक ग्रंथों में कई मौसम संबंधित देवताओं जैसे-इंद्र वर्षा के देव, वायु के देवता, अरण्य-वन की देवी इत्यादि का उल्लेख किया गया है तथा इनके कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। ऐसा माना जाता था कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातन काल में भी मौजूद था, परंतु उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर कार्य करने वाली संस्थाएं नहीं थीं। भारतीय दर्शन यह मानता है कि इस देह की रचना पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक-पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश से हुई है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया है। यहां मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, चंद्र, नदी एवं पशु-पक्षी के सहचर्य के रूप में देखा गया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण आज एक वैश्विक अवधारणा है, हम पर पर्यावरण संरक्षण की विशेष जिम्मेदारी है, न केवल सौंदर्य मूल्य के लिए, बल्कि जीवनयापन के लिए भी। मनुष्य प्रकृति की सबसे बड़ी रचना है। इसलिए यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो यह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बन सकता

> पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन, जल पर निर्भर है, लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है।

है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगा जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। भारतीय परंपरा में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का बड़ा महत्व है। वट वृक्ष को पूज्य मानकर अटल सुहाग से संबद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। विल्व (वेल) वृक्ष को भगवान शिव से जोड़ा गया है और ढाक, पलाश, दुर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवगृह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया है। कुछ वृक्षों एवं पौधों को इतना पावन माना गया है कि उनकी कल्पना यह है कि विभिन्न देवी एवं देवताओं ने उनमें अपना स्थान बना लिया है।

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नित क्रियाकलापों से जुड़ा था। भारतीय विचारधारा में जीवन का विभाजन भी प्रकृति पर ही आधारित था। चार आश्रम में से तीन तो पूरी तरह से प्रकृति के साथ ही व्यतीत होते थे। उपनिषदों में भी लिखा है-हे अश्वरूप धारी परमात्मः बालू तुम्हारे उदरस्थ अर्धजीर्ण भोजन है, नदियां तुम्हारी नाड़ियां हैं, पर्वत-पहाड़ तुम्हारे हृदय खंड हैं, समग्र वनस्पतियां, वृक्ष एवं औषधियां तुम्हारे राम सदृश्य हैं। ये सभी हमारे लिए शिव बनें। हम नदी, वृक्षादि को तुम्हारे अंग स्वरूप समझकर इनका सम्मान और संरक्षरण करते हैं। हमारे महर्षि जानते थे कि पेड़ में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर वृहदारण्यकोपनिषद, पुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छांदोग्योपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र स्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओत-प्रोत होते हैं और मनुष्यों की भांति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष के रोपण को दस पुत्रों की संतान के समान बताया गया है।

जल स्रोतों का भी भारतीय परंपरा में बड़ा महत्व है। शुद्ध जल के बिना भी जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए इन्हें विभिन्न धर्मों एवं धर्म ग्रंथों में इन्हें सम्मान दिया गया। मनुष्य एवं पशु परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं। वेदों में भी अनेक स्थानों पर यह प्रार्थना की गई है कि पृथ्वी, जल औषधियां हमारे लिए शांतिप्रद हों और यह शांतिप्रद तभी हो सकती हैं जब हम इनका पूरे सम्मान के साथ सभी स्तरों पर व्यापक संरक्षण करें। तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी जिसकी आज के समय में केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणि जगत के लिए महत्वपूर्ण है तथा समस्त प्रकृति और ब्रह्मांड को संतुलित करने के लिए आवश्यक भी।

हजारों वर्षों से नदी, वायु, जल, सूर्य, वन, पशु-पक्षियों की पूजा करते चले आ रहे हैं, क्योंकि ऐसा माना जाता रहा कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक हैं। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं हैं। पृथ्वी का लगभग एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य शास्त्रों में पेड़-पौधों और वन्य जीवन के साथ-साथ समुदाय के लिए उनके महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। पेड़ों को भारतीय घरों में रहने का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। मानव जीवन के लिए पौधों और पेड़ों के महत्व को वराह पुराण में और अधिक स्पष्ट किया गया है जिसमें स्वर्ग प्राप्त करने के साधन के रूप में नियमित वृक्षारोपण की वकालत की गई है। मत्स्य पुराण और पद्म पुराण में भी महान वृक्षारोपण समारोह-वृक्ष महोत्सव का वर्णन है। भारत एक ऐसा देश है जिसने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहना सिखाया है। ऋग्वैदिक युग से लेकर आज तक के लगभग सभी विचारकों ने प्रकृति के महत्व पर बल दिया। गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के लिए पर्याप्त है, उसके लालच के लिए नहीं। अगर हम अपने पवित्र ग्रंथों में देखें तो हमें वैदिक काल से ही पर्यावरण के बारे में भारतीय संस्कृति की चेतना मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है माता भूमि पुत्रहेन पृथ्वी का अर्थ है कि 'भूमि' या पृथ्वी हमारी माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं। अथर्ववेद में ऋषियों ने पृथ्वी की प्रार्थना करते हुए कहा है कि यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो वह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बनती है, जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगी जिसमें कला, साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। ऋग्वेद और उपनिषदों में भी पशुओं के संरक्षण की वकालत की गई है। उपनिषदों में पशुओं के प्रति हिंसा और मानव बलि को प्रतिबंधित किया गया है। मनुष्य की तरह पशु और पेड़ भी ईश्वर की रचना हैं। फिर उन्हें नष्ट करना हिंसा नहीं तो और क्या है? वृक्ष शुद्ध वायु, छाया, वर्षा, फल, फूल और मानसिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा में धार्मिक कार्यों को पर्यावरण से जोड़कर उनका संवर्धन एवं संरक्षण किया गया है। यदि हम सभ्यता में सिंधु सभ्यता की मुहरों को देखें तो पाते हैं कि उन मुहरों पर पशुओं एवं वृक्षों के चित्र अंकित रहते थे।

सम्राटों द्वारा अपने राज चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं चिन्हों का प्रयोग किया जाता था। गुप्त सम्राट बांस को पूज्य मानते थे। मार्गों में पेड़ की छाया पथिक को मिल सके इसके लिए वृक्षारोपण किया गया। चित्रकारी में प्रकृति के अनुपम छटा को हम प्रकृति के प्रेम से ही जुड़ा मानते हैं। कहते हैं कि परम्पराएं मूल्यों से सिंचित होती हैं और मूल्य जितने विशुद्ध रूप में परंपराओं से घुलते हैं, परंपराएं उतनी ही उर्वरता व ताजगी के साथ पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को ऊर्जा व पोषण प्रदान करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर मुड़कर पीछे अपनी पोषणदायिनी परंपराओं व जीवन दृष्टि को आज के साथ जोड़ें, क्योंकि हमारे आज के बीते हुए कल के बीज से ही आने वाले भविष्य का निर्माण होता है। भारतीय दर्शन इन्हीं परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' अर्थात् पूरी पृथ्वी ही हमारा घर है, को लेकर आगे बढ़ रही है।

## प्रसंगवश


# वीर की मुक्ति समर भूमि में होती है



प्रताप सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर

कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को उदयपुर में श्यामलदास की हवेली में हुआ। शिक्षा दयानंद जैन बोर्डिंग स्कूल में हुई। बाल्यावस्था में पिता श्री केसरी सिंह बारहठ ने प्रताप सिंह को सशस्त्र क्रांति की शिक्षा हेतु अर्जुन लाल सेठी को सौंप दिया, जहां से वो मास्टर अमीचंद के साथ रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी दल का हिस्सा बन गए।

प्रताप अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए मुख पर मुस्कान लिए शहीद हो गए। वहीं अंग्रेज अफसर की आंखों में आंसू थे। वह अफसर था चार्ल्स क्लिवलेंड जिनके शब्द थे "मैंने प्रताप जैसा व्यक्ति नहीं देखा। हमने उसे हराने के लिए यातनाओं का अंबार लगा दिया, पर वह सिंह की भांति लड़ा, शहीद हो गया, पर झुका नहीं, हम हार गए और वो जीत गया"। अंग्रेजों ने राजपूताने में क्रांति को ज्यादा हवा न मिले इसलिए प्रताप को वही बैरक में ही दफना दिया। दिल्ली हार्डिंग बम कांड- प्रताप सिंह बारहठ और इनके काकोसा जोरावर सिंह बारहठ ने 1912 मे चांदनी चौक में हार्डिंग पर बम फेंका था जिसमें हार्डिंग घायल हो गया और महावत की मृत्यु हो गई। जोरावर सिंह बारहट तो कभी पकड़े नहीं गए। इनके खिलाफ वारंट निकला, अमरदास बैरागी के नाम से चंबल के आसपास रहकर क्रांति में योगदान देते रहे। प्रताप और ईश्वर दान जी आशिया (जिजोसा) दोनों को गिरफ्तार किया गया, परंतु सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया।



अजय राज शर्मा
बरेली

एक दिन अंग्रेजों ने कुटिल चाल चली। प्रताप को पिता केसरी सिंह से मिलवाने हजारीबाग जेल ले गए। हजारीबाग जेल में प्रताप को पिता की दयनीय स्थिति बताकर पिता-पुत्र के हृदय को द्रवित करने के लिए एक दूसरे के सामने खड़ा कर दिया जिससे कि सहसा दोनों के आंखों से आंसू निकल जाए। दाता की काल कोठरी के सामने प्रताप खड़े हैं। गवर्नमेंट के ऑफिसर दाता से अनुरोध करते हैं कि ठाकुर साहब प्रताप को समझाइए कि वह सच-सच बात बता दे। दाता अपने वीर पुत्र को कहते हैं कि 'प्रताप जानता है कि तू केसरी सिंह की संतान है, अगर प्राणों के मुंह से अथवा किसी अन्य प्रलोभन से तू विश्वासघात कर बैठा तो याद रखना मैं स्वयं तेरे को गोली मार दूंगा।' लाख जतन के बाग भी प्रताप अपने निर्णय से डिगे नहीं।

अंग्रेज अब हार चुके थे। चार्ल्स क्लीवलैंड ने बरेली जेल में प्रताप से चर्चा की कि तेरी माता बहुत दुखी है। तेरे लिए बहुत रोती है, तू हमें अपने साथियों के नाम और गुप्त जानकारियां दे दे। इतना तो तू अपनी मां के लिए कर ही सकता है। यह अंग्रेज ऑफिसर चार्ज क्लीवलैंड का अंतिम प्रयास था ताकि वह प्रताप को मां माणिक कवर की परिस्थितियों का देखकर उसे तोड़ सके, परंतु प्रताप सिंह बारहठ कहते हैं कि 'यदि मैं सब गुप्त बातें प्रकट कर दूं तो और भी कितने लोगों की माताएं ठीक मेरी माता के समान कष्ट पाएंगी। एक माता के बदले और कितनी माताओं को तब हाहाकार करना पड़ेगा। एक अमर वाक्य प्रताप सिंह बारहठ द्वारा बोला गया कि 'मेरी माता रोती है तो रोने दो, मैं मेरी माता को हंसाने के लिए हजारों माताओं को रुला नहीं सकता'। प्रताप ने सीना चौड़ाकर आगे कि कहा, 'वीर की मुक्ति समरभूमि में होती है। यदि आप सचमुच मुझे मुक्त करना चाहते हैं तो मेरे हाथ में एक तलवार दीजिए। फिर चाहे जितने लोग आ जाए। आप देखेंगे कि मेरी तलवार कैसे काई की तरह अंग्रेजी नौकरशाहों को फाड़ती है'।

प्रताप की इस प्रकार की दृढ़ता देख अंग्रेज अफसर आश्चर्यचकित हो रहे थे कि मात्र 22 वर्ष का बालक और इतना साहसी निर्भीक कैसे हो सकता है! अंग्रेज अफसर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक रूप से निर्बल हो चुके प्रताप ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की सेंट्रल जेल में अंग्रेजों के अमानवीय अत्याचार को सहते हुए, हंसते-हंसते 24 मई 1918 को अपने प्राण त्याग दिए।

# कचरे की समस्या का उपयुक्त समाधान पुनर्चक्रण



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

> गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं।

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है, जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल, वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है, जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है, जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है।

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी, शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।

असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है, क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर कचरे की रीसाइक्लिंग की बात करें तो इस मामले में जर्मनी सबसे बेहतर काम कर रहा है, जो 56 फीसदी कचरे को रीसाइकिल कर देता है। इसके बाद ऑस्ट्रिया 53 फीसदी, दक्षिण कोरिया 53 फीसदी, वेल्स 52 फीसदी और स्विट्जरलैंड 49 फीसदी रीसाइक्लिंग कर देता है। इस मामले में स्वीडन, नार्वे और सिंगापुर भी अच्छा काम कर रहे हैं।

भारत में भी रीसाइक्लिंग धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। देश में कई छोटे-छोटे शहर भी रीसाइक्लिंग के मामले में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अहमदाबाद और त्रिवेंद्रम अपने यहां के कुल कचरे का बड़ा भाग रीसाइकिल कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र को एक स्थाई उद्योग का स्वरूप देने के लिए बेहतर तकनीकी और आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# चाबहार और अमेरिकी प्रतिबंध

फारसी में चाबहार का अर्थ है चार बहार यानी चार वसंत। चाबहार पत्तन पर भारत और ईरान के नए समझौते की बात आते-आते हमारा वसंत बीत चुका था, पर ईरानी पठार पर बहार अपने पूरे शबाब पर थी।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

समझौते की घोषणा को सुन/पढ़कर शायद सबों के मन में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की बात आई होगी। साथ ही यह भी कि इस समझौते के चलते पता नहीं भारत पर अब क्या कहर गिरे। जब हम लोग यह सोचकर सिहर सके तो निश्चित ही विदेश मंत्री जयशंकर और उनके सहकर्मियों ने इसे पहले से देख रखा होगा।

यदि सब कुछ देखते हुए उन लोगों ने इस समझौते को अंजाम दिया तो निश्चित ही उन्हें कुछ और जानकारियां हैं, जो हम लोगों को नहीं हैं। एक रोचक बात यह हुई है कि समझौते की घोषणा के बाद जब एक समाचार एजेंसी ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट से पूछा कि इस समझौते के चलते ईरानी प्रतिबंधों के भारत पर क्या असर पड़ेंगे तो सरकारी प्रवक्ता ने बस यह कहा कि बिना इसका विस्तृत अध्ययन किए हम अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह संभव है कि भारत ने इस पर अमेरिका से अनौपचारिक सहमति ले ली हो? विश्व के भू-राजनैतिक विभाजन में बहुत स्पष्ट रूप से चीन, उत्तरी कोरिया और रूस एक धुरी बनकर उभर रहे हैं।

पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से चीन का उपनिवेश बनने जा रहा है। चाबहार के विकास में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बहुत विलंब हो चुका है। यदि और देर होती रह गई तो चाबहार का विकास चीन के हाथों जा सकता है, जो आज भी मकरान तट पर ही चाबहार से लगभग सौ मील पूरब ग्वादर पत्तन पर पसरा हुआ है।

भारत-अमेरिका के संबंधों में आई गर्मी बस चीन के चलते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शायद अमेरिका ईरान पर अपने प्रतिबंधों में इस मामले में कुछ ढिलाई दे।

-फेसबुक वॉल से

# त्वया हिंदु भूमे भी और मुस्लिम प्रेम भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया।

समय-समय पर भाजपाई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते रहे हैं और अब मुस्लिम प्रेम भी जागृत है। मेरे मित्र एक वरिष्ठ वकील एक किस्सा सुनाते थे। एक गवाह को एक नाटे आदमी को अदालत में बयान देते समय लंबा सिद्ध करना था तो वकील साहब ने बस्ते पर उसे सिखाया कि तुम बयान में कहना-'हुजूर! यों तो वे कद में कुछ छोटे थे, किंतु वह जलाल था उनके चेहरे पर कि हजारों लोगों के बीच वे लंबे नजर आते थे'। गवाह ने वैसा ही किया।

आजकल भाजपा नेताओं का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना में ही शब्द आए हैं 'त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी संस्था के प्रचारक रहे हैं और शाखा में यह प्रार्थना करते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलविहारी बाजपेयी तो कवि थे। उन्होंने एक कविता लिखी थी, जो प्रसिद्ध है, 'हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा परिचय।'

वीर सावरकर ने तो 1943 में ही 'हिंदू ध्वज को अति उच्च उठाने और हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है' जैसे शब्द अपने भाषण में कहे थे। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संप्रति चल रहे चुनावों के ठीक पहले जनवरी में संविधानिक पद पर रहकर अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और यजमान बने।

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया। 'अयोध्या तो सिर्फ झांकी है। अभी मथुरा, काशी बाकी है' के नारों की गड़गड़ाहट व्योम मंडल में गुंजरित हुई। यह सब हिंदुत्व एजेंडा ही है। बहुत समय नहीं हुआ जब कहा जाता था, 'तीन नहीं तो तीन हजार। नहीं रहेगी एक मजार'। खैर! अब चुनाव हैं तो भाजपा ने यह आस लगाई कि कुछ जुमले फेंके जाएं तो शायद धुप्पल में कुछ मुस्लिम वोट भी मिल जाए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'सबका डीएनए एक' होने की बात कही। पसमांदा मुस्लिम कार्ड खेला गया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में कहा कि बचपन में ईद में उनके पड़ोसी मुसलमानों के घर से खाना आता था। उनके अपने घर में खाना नहीं बनता था। अभी मोदी जी ने ताजा उद्घोष भुवनेश्वर में किया है कि 'भाजपा कभी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही' तथा 'हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं' इत्यादि, लेकिन ऊपर तथ्य लिखे हैं वे तो दिन के उजाले की तरह सु-स्पष्ट हैं।

# लोकसभा चुनाव में विचित्र सन्नाटा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं।

लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा। सन् 1952 मुझे अपने बचपन की याद है, जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर-नारी टोल के टोल बनाकर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थीं, वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था, किंतु वहां से मैंने जवाहर लाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामक मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है, पता नहीं, वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी। पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट। हिम्मत से सबको हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट। पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था, किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी, तब राम राम की जगह "जय जनता की," अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे, "जय जनता की।" अन्ना के आंदोलन में तो जनता उठकर खड़ी हो गई थी, इतनी चर्चा, इतनी चर्चा कि कुछ पूछो मत। हालांकि जनता एक बार फिर अपने को ठगा महसूस कर रही थी।

जन लोकपाल का क्या बना, वह कहीं है कि नहीं, उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है, सबको देख लिया है, किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा, अच्छा ही होगा, लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया पर जो कोलाहल हो रहा है, उसे तो सभी देख ही रहे हैं। गली मोहल्ले में, पार्क में लोग मिलते तो हैं, लेकिन खुलकर कुछ भी नहीं कहते। जनतंत्र का आधार है जनता का विमर्श और इस बार वह विमर्श गायब है, एक विचित्र सन्नाटा है।

# महाराष्ट्र के बच्चों ने भेजा था स्कूल को बम से उड़ाने का ई-मेल

## ऑनलाइन गेम डी-कोड में मैसेज भेजकर बच्चों को दिया गया था टास्क, सुशांत गोल्फ सिटी और एटीएस ने किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के बिरला ओपन माइंड स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल महाराष्ट्र से आया था। यह मेल कुछ बच्चों ने ऑन लाइन गेम डी-कोड में मिले टास्क के तहत भेजा था। ई-मेल में क्या लिखा था, इसकी जानकारी बच्चों को नहीं थी। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरुप सिंह ने बताया कि बिरला ओपन माइंड स्कूल को 01 मई को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रधानाचार्य की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला संवेदनशील होने के कारण जांच में एटीएस की मदद ली गई। जांच के दौरान ई-मेल महाराष्ट्र से आने की पुष्टि हुई। जब जांच कर रही संयुक्त टीम वहां पहुंची तो पता चला कि कुछ बच्चों ने ई-मेल भेजा है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि आनलाइन डी-कोड गेम खेलते हैं। उसमें ग्रुप बनाकर टास्क पूरे किए जाते हैं। उसी दौरान मैसेज और मेल आइडी देकर ई-मेल करने को कहा गया। इस पर ग्रुप ने ई-मेल भेज दिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पाया गया कि बच्चों को कुछ भी जानकारी नहीं थी। ऐसे में बच्चो के साथ-साथ मां-बाप को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

### टास्क देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

डीसीपी के मुताबिक जांच में इसकी पुष्टि हुई कि बच्चों को जिसने ई-मेल भेजा है, उसे बच्चे नहीं जानते थे। ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने को बच्चों के मोबाइल को पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया है। टीम मैसेज भेजने वाले को ट्रेस कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस स्कूल के साथ अन्य दो स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल भेजा गया था। उन्हें ई-मेल भेजने वाले को बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

### अभिभावक नहीं कर रहे निगरानी, मोबाइल फोन पर क्या कर रहे बच्चे

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार ने बताया कि कोविड के बाद से 90 प्रतिशत बच्चों के पास पढ़ाई के नाम पर स्मार्ट फोन आ गया। हालांकि अब न तो ऑन लाइन क्लास चल रही है और न ही इसकी जरूरत है। इसके बावजूद बच्चे दिन भर मोबाइल का प्रयोग करते हैं। बच्चे मोबाइल पर क्या कर रहे हैं। इस पर अभिभावक निगरानी नहीं करते हैं।

### किशोर ने दी थी मेट्रो स्टेशन उड़ाने की धमकी

पांच मई को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि मेट्रो स्टेशन पर कुछ बड़ा होने वाला है। स्टेशन परिसर में विस्फोटक रखा है। पुलिस ने कॉल आने के बाद पूरे स्टेशन की जांच की लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद जब कॉल करने वाले की तलाश शुरू हुई तो एक किशोर का नाम सामने आया। पुराने लखनऊ का रहने वाला किशोर एक सराफा कारोबारी का पुत्र था। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि जवान फिल्म से प्रभावित होकर ई-मेल किया था। पुलिस ने उसे भी हिदायत देकर छोड़ा था।

# पाकिस्तान से मिली विहिप नेता को धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

- पिता-पुत्र को ठोंकने के अंदाज में की कॉलर ने बात
- डीजीपी के डीपी लगे फोन नंबर से आया कॉल

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद के नेता को पाकिस्तान कोड नंबर से जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। हिंदू नेता का कहना था कि डीजीपी की डीपी लगे कॉल ने उसे व उसके बेटे को ठोकने के अंदाज में धमकी दी थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विहिप नेता वार्ड-21 रंपुरा बस्ती निवासी विपिन उर्फ बिट्टू शर्मा ने एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे के करीब उसके मोबाइल नंबर पर डीजीपी की फोटोयुक्त नंबर से एक कॉल आया। इसका कोड प्लस 92 यानि पाकिस्तानी था। जब कॉल रिसीव की तो कॉलर उसके दोनों बेटों के बारे में पूछने लगा और अचानक छोटे बेटे आदित्य से बात करने को कहा। घर पर नहीं होने की बात कही तो कॉलर ने धमकी भरे अंदाज में उसे व उसके बेटे को ठोकने की धमकी दी और फोन काट दिया।

पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर जानमाल का खतरा बताते हुए नंबर की जांच करने और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना था कि चूंकि मोबाइल का कोड पाकिस्तानी है। ऐसे में हिंदूवादी संगठन से जुड़े होने के नाते खतरा हो सकता है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि अभी प्रकरण का शिकायती पत्र उनके पास नहीं आया है और मामले का संज्ञान भी नहीं है। ऐसे में यदि शिकायती पत्र पुलिस कार्यालय में आया तो मोबाइल नंबर की जांच की जाएगी और फिर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### पूर्णिमा पर राम मंदिर में उमड़े श्रद्धालु...



**अयोध्या।** रामनगरी में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा पर को गुरुवार को लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में तो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु दर्शन को कतारबद्ध दिखे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की तस्वीर भी जारी की।मुख्य पुजारी अचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि पूर्णिमा पर सुबह रामलला का शृंगार के बाद भव्य आरती की गई।

# 50 हजार घूस लेते एक्सईएन धरा गया

**हल्द्वानी।** अधिशासी अभियंता कृष्ण सिंह कन्याल मूलरूप से लार्ड कृष्णा ग्रीन प्रथम तल वी-109 केदारपुरम मोथरोवाला देहरादून का रहने वाला है। एक ठेकेदार का आरोप है कि उसने 10 लाख रुपये के सरकारी काम किए थे। जिसके एवज में अधिशासी अभियंता कृष्ण ने 50 हजार की रिश्वत मांगी। ठेकेदार की शिकायत पर विजिलेंस ने टीम तैयार की और आरोपी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया । एक टीम ने देहरादून आवास, दूसरी ने हल्द्वानी किराए के मकान में और तीसरी टीम ने उसके दफ्तर में छापेमारी की। देहरादून वाले घर से 16 लाख 73 हजार रुपये, तल्ली बमौरी के मुकुल विहार स्थित किराये के मकान से 3 लाख 38 हजार रुपये और ऊंचापुल स्थित कार्यालय से 3 लाख 86 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# दरिंदगी : लड़का है या लड़की देखने को फाड़ डाला था पत्नी का पेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अब पति को जेल में काटनी होगी पूरी जिंदगी
- 22 सितंबर 2020 में हसिया से पेट फाड़कर गर्भपात किया

**अमृत विचार।** एक व्यक्ति ने अपनी अपनी पत्नी की सहमति के बिना हसिया से उसका पेट फाड़कर गर्भपात किया। साथ ही जान से मारने की कोशिश की। विशेष न्यायाधीश (त्वरित), महिलाओं के विरुद्ध अपराध के न्यायाधीश सौरभ सक्सेना ने चार साल पुराने इस मामले में आरोपी पति को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वह पूरी जिंदगी जेल में काटेगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव घोंचा निवासी गोलू ने 19 सितंबर 2020 को सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बहन अनीता की शादी 22 साल पहले शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी पन्ना लाल पुत्र नंद लाल के साथ हुई थी। अनीता ने पांच बेटियों को जन्म दिया था। जिसकी वजह से पन्ना लाल हमेशा नाराज रहता था। बार-बार अनीता को परेशान करता था और धमकाता था। अनीता आठ महीने की गर्भवती थी। 22 सितंबर 2020 दोपहर लगभग चार बजे पन्ना लाल ने अनीता से कहा कि वह लड़की ही पैदा करती है। उसका पेट फाड़कर देखे कि लड़का है या लड़की। उसने हसिया उठाया और अनीता की ओर बढ़ा। अनिता ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह बोला कि अगर नहीं देखने देगी तो उसे जान से मार देगा। अनिता ने विरोध किया। तो उसने जान से मारने की नीयत से गर्भवती अनीता का हंसिया से पेट फाड़ दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर अनीता का मायका पक्ष पहुंचा और अन्य लोग भी आ गए। घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर महिला को बरेली रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के दौरान हसिया बरामद किया। साक्ष्य एकत्र करके महिला की सहमति के बिना उसका गर्भपात करने और जान से मारने की कोशिश के प्रयास में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। तब से मामला कोर्ट में विचाराधीन था। न्यायाधीश ने गुरुवार को उपरोक्त पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर एडीजीसी मुनेंद्र प्रताप सिंह व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद दोषी पन्ना लाल को सजा सुनाई है।


# सड़क दुघर्टना में किशोर की मौत एक घायल

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** थाना सरधुवा के अंतर्गत ग्राम नहरा निवासी संजीव उर्फ दद्दा (15) पुत्र नर्वदा प्रसाद यादव अपने मौसी के लड़के अखिलेश पुत्र संतोष निवासी भोला का पुरवा, थाना पहाड़ी के साथ मोटरसाइकिल से शाम को मौसी के गांव भोला का पुरवा आ रहा था।

इसी दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुचारम के पास पहाड़ी की तरफ से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां संजीव उर्फ दद्दा की मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

# मोदी के अलावा कोई और नहीं दे सकता पाकिस्तान को जवाब: शाह

संवाददाता सिद्धार्थ नगर



- धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण समाप्त करने की बात कही

**अमृत विचार।** डुमरियागंज लोक सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिकापाल के समर्थन में बीएसए ग्राउंड में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा पाकिस्तान को और कोई मुहतोड़ जबाव दे सकता है क्या! पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का अभिन्न अंग है,और उसे हम लेकर रहेंगे।


उन्होंने कहा कि पांच चरण के चुनाव संपन्न हो गए है, इन पांच चरण के चुनाव में ही भाजपा 310 सीट पार कर चुकी है, इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है। कांग्रेस पार्टी इस बार 40 सीट भी पार नही कर पाएगी,अखिलेश यादव को 4 सीट भी नही मिलने वाली है।

इंडिया गठबंधन पर चुटकी लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि अगर इन्हें बहुमत मिल जाय तो कौन प्रधान मंत्री बनेगा,इसका कोई पता नहीं है। उन्होंने कहा कि जब कश्मीर से धारा 370 हटाने का बिल मैने पेश किया तो राहुल बाबा ने कहा कि मत हटाइए,नही तो पाकिस्तान खून बहा देगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाब देते हुए कहा कि किसी में कंकड़ फेकने का दम नही है, एटम बम तो बहुत दूर की बात है।

उन्होंने कहा कि 10 साल में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को शक्ति समृद्ध और शक्तिशाली बनाने का कार्य किया है। सपा कांग्रेस अपने परिवार के लिए कार्य करते है,जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की 130 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते है और देश हित में 24 घंटे कार्य करते रहते हैं। कहा कि तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ एससी/एसटी ओबीसी आरक्षण पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा। हम धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर देंगे।

# अमिताभ के डुप्लीकेट फिरोज खान का निधन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज खान।

**अमृत विचार।** अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट फिरोज का गुरुवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

शहर के मोहल्ला कबूलपुरा में छोटे सरकार दरगाह मार्ग पर रहने वाले फिरोज खान लगभग 27 साल पहले मुंबई गए थे। भाभी जी घर पर हैं के अलावा जीजा जी छत पर हैं, साहब बीबी और बॉस, हप्पू की उल्टन पल्टन, शक्तिमान, अदनान सामी के गाने थोड़ी सी लिफ्ट करा दे आदि में काम किया। अपने लुक और अदाकारी के चलते बॉलीवुड में उन्हें डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन कहा जाता था। वह कुछ समय पहले बदायूं आए थे। यहां कई आयोजनों में शिरकत की। चार मई को बदायूं क्लब में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मतदान के प्रति जागरूक किया था। वह बुधवार रात लगभग डेढ़ बजे तक एक होटल के बाहर लोगों के साथ बैठे रहे, जिसके बाद घर चले गए । तड़के उन्हें घबराहट होने लगी। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई।

# बरेली की मॉम्स ने जीती डांस प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अलग-अलग आयु वर्ग में स्वर्ण रजत और कांस्य पदक जीता
- शाहजहांपुर की तीन महिलाओं ने भी जीते पदक

**अमृत विचार।** नेपाल में नेपाल परफार्मिंग आर्ट्स महासंघ और नेपाल डांस स्पोर्ट्स महासंघ की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सुपर मॉम्स डांस प्रतियोगिता में तीन महिलाओं ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर बरेली का नाम रोशन किया है। महिलाओं ने 32 पदक जीते।

डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बरेली यूनिट की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि 19 मई को हुई प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में कला, डांस और संगीत गायन के आधार पर सुपर मॉम्स का चयन किया गया। प्रतियोगिता में भुटान, नेपाल और कोरिया सहित कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने खुद 35-45 आयु वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में जिले की ही वारिहम चानू हेंथोई ने स्वर्ण पदक और नीतू भटनागर ने कांस्य और शाहजहांपुर की अदविता तिवारी ने स्वर्ण, आरना तिवारी और आराध्या सक्सेना ने रजत पदक हासिल किया है। बालक और बालिका वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक विजेता और मदर वर्ग में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं का चयन श्रीलंका में होने वाली साउथ एशियन कप म्यूजिक और डांस चैंपियनशिप में होगा। पर्फामिंग आर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव रजनीकांत ठाकुर, सचिव एवं उत्तर प्रदेश संघ के मुख्य कोरियोग्राफर आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### जिम्मेदारियों के साथ यहां तक पहुंचना नहीं आसान

सुपर मॉम्स प्रतियोगिता में 35 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने वाली वारिहम चानू हेंथोई ने इसका श्रेय अपने परिवार और स्टूडियो के सहयोगियों को दिया है। बताया कि पारिवारिक जिम्मेदारी और नौकरी के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेना बेहद कठिन है। इसके लिए पूरी तरह से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे और तैयारियों में जुटे रहे। डांस स्टूडियो संचालिका मनदीप कौर ने बताया कि वैवाहिक जीवन में आने के बाद से जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। इसके बावजूद भी महिलाएं इस स्पर्धा में भाग लें अपने लक्ष्य को साधना चाहती हैं।

# बेकाबू कार ने दो भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर

- लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर हसनपुर गुमटी के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गुमटी के पास गुरुवार को बेकाबू कार ने स्कूटी सवार सगे भाइयों को रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई ने लखनऊ हास्पिटल गेट पर दम तोड़ दिया। दो युवाओं की मौत से गांव में चित्कार मचा है।

कोतवाली नगर के पांचोपीरन कस्बा निवासी शब्बीर के दो पुत्र समीर उर्फ पप्पू डेंटर (38) व अमीर उर्फ गुड्डू (30) गुरुवार को घर का कुछ जरूरी सामान लेने स्कूटी से बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर क्षेत्र में जा रहे थे। दोनों भाई हसनपुर गुमटी के पास पहुंचे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी व कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। तत्काल स्थानीय लोग मौके पर राहत और बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक एक भाई की मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में दूसरे भाई को प्राइवेट वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रॉमा सेंटर गेट पहुंचते ही दूसरे भाई ने भी दम तोड़ दिया।

# सनातन को कूड़ेदान में फेंकना चाहते हैं राहुल : प्रमोद कृष्णम

**संभल।** कल्कि पीठाधीश्वर व पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी को कूड़ेदान में फेंकने का बड़ा तजुर्बा है। वह अब सनातन धर्म को भी कूड़ेदान में फेंकना चाहते हैं। गुरुवार को ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम पर मीडिया से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी ने बीते 14 साल में पूरी कांग्रेस को कूड़ेदान में फेंक दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक ऑर्डिनेंस फाड़कर कूड़ेदान में फेंका तो इंदिरा गांधी,राजीव गांधी व सोनिया गांधी के साथ रहे कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं को भी कूड़ेदान में फेंक दिया।

**धर्म-आस्था** धार्मिक पर्यटन के साथ ही संस्कृति संरक्षण के लिए हो रहे कार्य, सीएम धामी ने की आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास के प्रयासों की सराहना

# विश्व के प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभरा डोल आश्रम



डोल आश्रम में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भाग लेते सीएम धामी। अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार।** श्री कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के प्रसिद्ध प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। जिस उद्देश्य से डोल आश्रम की स्थापना हुई उसे पूरा करने के लिए यहां किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। यह आध्यात्मिक केंद्र धर्म, शिक्षा और बेहतर समाज के निर्माण के लिए जो कार्य कर रहा है।

यह बात श्री कल्याणिका हिमालया देवस्थानम डोल आश्रम के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही। सीएम धामी ने आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डोल आश्रम धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक कर रहा है। साथ ही देवभूमि उत्तराखंड की धार्मिक आस्था, संस्कृति और रीति रिवाजों को आगे बढ़ाने का काम भी कर रहा है। आश्रम में स्थापित विश्व का सबसे बड़ा और भारी श्रीयंत्र इस बात का प्रतीक है। धामी ने कहा कि डोल आश्रम में स्थापित श्रीयंत्र आज पूरे विश्व को ऊर्जा देने का काम कर रहा है।

# छोटे बदरीनाथ सकल धाम के खुले कपाट

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार।** बिरगुल ग्राम पंचायत के महर पिनाना स्थित सकल धाम के कपाट बुद्ध पूर्णिमा को खुल गए। इसे बदरीनाथ धाम का लघु स्वरूप माना जाता है। यहां छह माह ही धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा को मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे।

महर पिनाना गांव स्थित पौराणिक व वैष्णव शक्ति धाम में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डीएम नवनीत पांडे और चार तोकों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में धार्मिक विधि विधान, वैष्णव मंत्रों व हवन यज्ञ के साथ संकल धाम के कपाट खुले। मंदिर के पुजारी और कुल पुरोहित पंडित शंकर दत्त जोशी ने पूजा-अर्चना की।



डीएम नवनीत पांडेय की मौजूदगी में मंदिर के पुरोहितों ने कपाट खोलने की रस्म पूरी की।

- डीएम नवनीत की मौजूदगी में मंदिर के पुरोहितों ने खोले कपाट

महिलाओं ने मांगलिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली और वैष्णव शक्तिधाम की शोभायात्रा निकली। मंदिर की परिक्रमा के बाद मंदिर के कपाट खोले गए। यहां के चार तोक भिंगराड़ा, बिरगुल, तलमाटा और महर पिनाना की ओर से मानव कल्याण के लिए यज्ञ किया गया। यज्ञ में गुणानंद भट्ट, विक्रम, पीतांबर भट्ट, नरेश जोशी, दिलवर जोशी, सुभाष जोशी ने यज्ञ में आहुतियां दीं।

इस मौके पर केएन जोशी, नीरज जोशी, रमेश जोशी, रमेश भट्ट, कृष्णानंद भट्ट, डीएन भट्ट, रोहित भट्ट, घनश्याम कांडपाल, विजय सिंह, दीपक जोशी आदि ने वैष्णव धाम को मानस मंदिर माला में शामिल करने तथा इस स्थल को सड़क से जोड़ने, धाम के सौंदर्यीकरण, धर्मशाला निर्माण का आग्रह किया। डीएम ने धाम क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। रेडक्रॉस सोसायटी ने धाम के लिए चार तिरपाल भेंट किये। इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी अरविंद गौड़, पाटी के खंड विकास अधिकारी सुभाष लोनी आदि मौजूद रहे।

# मां के लिए वोट मांगने पहली बार आए वरुण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

- कहा- सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है, लोगों को बांटा अपना मोबाइल नंबर



**अमृत विचार।** पीलीभीत से टिकट कटने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर आए वरुण गांधी ने अपनी मां व सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में गुरुवार को यहां एक दर्जन से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वरुण ने कहा कि सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है। कोई हमसे अलग नहीं है। पूरे सुलतानपुर में एक भी व्यक्ति से कोई गुस्सा नहीं, कोई दुश्मनी नहीं।

वरुण ने कहा कि जब मैं सुलतानपुर पहली बार आया था तो यहां पर हमें अपने पिता संजय गांधी की खुशबू मिली थी, लेकिन आज मुझे कहने में गौरव महसूस हो रहा है कि आज मैं अपनी मातृ भूमि में आ गया। मैं ये चाहता हूं अगर यहां कोई संकट कभी आए तो अपने आपको अकेला नहीं समझे। मैं अपने फोन नंबर का एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं। जिसके पास माता मेनका का नंबर है वह और बड़ा सुरक्षा कवच है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से यह बात कहता हूं सुलतानपुर में न काबिलियत की कमी है, न साहस की कमी है, न प्रतिभा की और न स्वाभिमान की। जिले के लोगों को केवल ऐसा एक व्यक्ति चाहिए जो उनको अपना परिवार माने। वरुण गांधी ने कहा कि परिवार का मतलब होता है हर वार पे जो साथ दे वही परिवार होता है। हम लोग एक वादा करते हैं नाली, सड़क, बिजली यह सब होता रहेगा। पर, हम सब खून के रिश्ते का, सुलतानपुर का कोई व्यक्ति कभी अकेला नहीं होगा।



# भाजपा पर पिछली बार से आगे बढ़ने का दबाव



अमृत विचार। छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट पड़ेंगे। 2019 के चुनाव में इन 58 सीटों में भाजपा ने 40 सीटें जीत ली थीं। बसपा और बीजद ने चार-चार, टीएमसी और जद यू ने तीन-तीन, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट जीती थी। इनके अलावा सपा ने भी एक सीट आजमगढ़ की जीती थी, लेकिन बाद में हुए उपचुनाव में वह इस सीट पर हार गई थी। इस तरह सपा का स्कोर शून्य और भाजपा की जीती हुई सीटों की संख्या 41 हो गई थी। इस चरण के लोकसभा चुनाव में पिछली बार कांग्रेस के साथ ही राजद, आम आदमी पार्टी या वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा ने हरियाणा और दिल्ली में सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी को हरियाणा और दिल्ली में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने तो उत्तर प्रदेश की 14 सीटों समेत पं. बंगाल और ओडिशा में 2019 की सफलता से आगे निकलने का भारी दबाव है।



**स्कोर कार्ड-2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 41 |
| बसपा | 04 |
| बीजद | 04 |
| टीएमसी | 03 |
| जद (यू) | 03 |
| लोजपा | 01 |
| आजसू | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |

**06** चरण का मतदान शनिवार को होगा

**08** आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

**58** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट

**14** सीटों पर यूपी में 162 उम्मीदवार

# झारखंड में एनडीए के सामने चारों सीटें बचाने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा तीन, आजसू एक लोकसभा सीट पर मैदान में तो कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर लड़ रहे चुनाव



अमृत विचार। झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरीडीह में 25 मई को मतदान होगा। पिछली बार एनडीए की तरफ से गिरडीह आजसू जीतने में सफल रही थी, बाकी तीन सीटों पर भाजपा जीती थी। इस बार भी आजसू गिरडीह और बाकी तीन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर सहानुभूति लेने में जुटी है। ऐसे में भाजपा-आजसू के सामने अपनी सीटों को बचाए रखने की चुनौती है।



### जमशेदपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक की चुनौती

- जमशेदपुर सीट पर भी एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, तो झामुमो विधायक समीर मोहंती ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। दोनों प्रत्याशी बहरागोड़ा से विधायक रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती में मित्रवत संबंध थे, लेकिन 2019 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद समीर मोहंती इस बार लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो के सामने हैं। उधर, बहरागोड़ा से विधायक रहते विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर से 2014 का लोकसभा चुनाव जीता था। भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर गए हैं। समीर मोहंती के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कल्पना सोरेन रैली कर चुकी हैं।

### गिरीडीह के दो विधानसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- गिरीडीह सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों बगोदर, राजधनवार, जमुआ और गांडेय में 20 मई को वोट पड़ चुके हैं। 25 मई को गिरीडीह और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के करीब छह लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां एनडीए से आजसू के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो से है। निर्दलीय जयराम महतो संघर्ष त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

### रांची में कांग्रेस का आदिवासी-अल्पसंख्यक दांव

- झारखंड की राजधानी रांची सीट पर भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के देवेंद्रनाथ महतो ग्रामीण इलाकों में दौड़-भाग कर रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी-अल्पसंख्यक मतदाताओं को गोलबंद करने में लगी है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर वोट मिलने का भरोसा है। मोदी और अमित शाह के रोड शो के बाद भाजपा उत्साह से लबरेज है, तो प्रियंका गांधी की सभा में जुटी भीड़ से कांग्रेस को जीत की उम्मीद है।

### धनबाद में भाजपा-कांग्रेस दोनों में भितरघात

- धनबाद में भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग है। यहां भाजपा उम्मीदवार बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को मौजूदा सांसद पीएन सिंह का टिकट कटने से राजपूत समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। कुछ स्थानीय नेताओं से भितरघात का भी खतरा है। ऐसे में ढुल्लू महतो को मोदी की गारंटी और कमल निशान से ही जीत की आस है। उधर, कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरीं बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को भी भितरघात का डर सता रहा है। जो दिग्गज कांग्रेस नेता धनबाद से टिकट की आस में थे, वे या तो घर बैठ गए हैं या विरोध कर रहे हैं। धनबाद के पूर्व कांग्रेस सांसद और मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे की नाराजगी सार्वजनिक है। लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के अलावा कई नेता अनुपमा सिंह के साथ मजबूती से खड़े हैं। झामुमो और राजद का समर्थन है।



# बंगाल की आदिवासी बेल्ट में फिर लहराएगा भगवा !

**रोचक हुआ संघर्ष**

- पिछली बार छठे दौर की भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीती थीं

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। 2019 के लोकसभा चुनाव नतीजों के अनुसार पश्चिम बंगाल में छठे दौर की आठ सीटों में भाजपा ने पांच सीटें और तीन सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जाहिर है इस चरण में भाजपा के सामने अपनी पांचों सीटें बचाने के साथ टीएमसी से एक या दो सीटें छीनने का लक्ष्य है। इसके चलते हर सीट पर रोचक संघर्ष हो रही है।

शनिवार को मतदान वाली सीटें राज्य में आदिवासी बेल्ट का हिस्सा है यहां संथाल जो राज्य की सबसे अधिक आबादी वाली जनजाति है, बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में निवास करती है। मुंडा जनजाति पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर के पहाड़ी इलाकों में रहती है, जबकि ओरांव या कुरुख जनजाति पुरुलिया के मैदानी इलाके में रहती है।

### घाटल में दो अभिनेताओं के बीच छिड़ा रहा घमासान

- घाटल लोकसभा सीट से टीएमसी के सासंद बंगाली सिने स्टार दीपक अधिकारी (देव) हैं। 2019 में देव ने भाजपा से चुनाव लड़ीं पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने सीपीआई के संतोष राणा को हराया था। अभिनेता दीपक अधिकारी देव इस बार चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें मना लिया। इस बार देव का मुकाबला एक अन्य फिल्म अभिनेता भाजपा के हिरन चटर्जी और सीपीआई के तपन गांगुली से है, जिन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है।

### झारग्राम जीतने के लिए टीएमसी ने भाजपा सांसद को तोड़ा

- झारग्राम लोकसभा सीट 2019 में भाजपा के कुंअर हेम्ब्रम ने टीएमसी के बीरबाहा सरीन को हराकर जीती थी। लेकिन उन्होंने बिना कोई कारण बताए मार्च की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था और अब टीएमसी का दामन थाम चुके हैं। टीएमसी ने 2014 में यह सीट माकपा से हासिल की थी लेकिन 2019 में हार गई थी। भाजपा ने इस बार झारग्राम से प्रणत टुडू को मैदान में उतारा है, जो टीएमसी के कालीपद सोरेन और माकपा के सोनामणि मुर्मू (टुडू) के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में झारग्राम की सभी सात विधानसभाएं टीएमसी ने जीत ली थीं।

### तामलुक में 'खेला होबे' के रचयिता की पूर्व जज से हुई टक्कर

- तामलुक लोकसभा सीट पूर्व मेदिनीपुर जिले में है। यह सीट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसबा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। 2019 में यहां से टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी जीते थे। इस बार ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग के 'खेला होबे' गाने से प्रसिद्ध हुए देबांग्शु भट्टाचार्य को उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय से है जिन्होंने हाल ही में न्यायिक पद से इस्तीफा दिया था। वह टीएमसी के प्रखर आलोचक हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शिक्षक भर्ती घोटाले सहित महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दिए हैं। इस सीट पर कांग्रेस- वाम मोर्चा गठबंधन से माकपा के शायन बनर्जी प्रत्याशी हैं। 2019 में जीते टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी ने 2016 में हुए उपचुनाव में माकपा की मंदिरा पांडा को पांच लाख वोटों से हराया था। सासंद सुवेंदु अधिकारी के विधायक बनने और भाजपा के साथ जाने पर यहां उपचुनाव हुआ था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर भाजपा और चार में टीएमसी जीती थी।

### मेदिनीपुर में फैशन डिजाइनर और अभिनेता में छिड़ी रही वोटों की जंग

- मेदिनीपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा नेता दिलीप घोष करते थे, जो अब बर्धमान-दुर्गापुर से चुनावी मैदान में उतरे हैं। 2019 में उन्होंने टीएमसी के मानस भुनिया को लगभग 89,000 वोटों से हराया। 2014 में एक्टर संध्या रॉय ने सीपीआई से टीएमसी के लिए यह सीट जीती थी। इस बार यहां फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्नि मित्रा पॉल को भाजपा ने टीएमसी के अभिनेता जून मालिया और सीपीआई के बिप्लब भट्टा के खिलाफ मैदान में उतारा है। साल 1989 से 2001 के बीच सीपीआई के इंद्रजीत गुप्ता ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था।



### कांथी में अधिकारी परिवार को बचाना है इस बार अपना गढ़

- कांथी लोकसभा सीट को अब अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां 2009 से टीएमसी के शिशिर अधिकारी सांसद हैं। इस बार कांथी से तीन बार के टीएमसी सांसद सौमेंदु अधिकारी इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी ने स्थानीय नेता उत्तम बारिक को उतारा है, जबकि कांग्रेस-वामपंथी गठबंधन से कांग्रेस नेता उर्बशी भट्टाचार्य चुनौती दे रही हैं। टीएमसी उम्मीदवार शिशिर अधिकारी ने 2019 में भाजपा के देबाशीष सामंत को 1.1 लाख वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने माकपा के तापस सिन्हा को लगभग 2.3 लाख वोटों से हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां के सात विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी, चार सीटें भाजपा को मिली थीं।

### पुरुलिया में फिर से कमल खिलाने का मौका

- पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में 2019 में भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो ने टीएमसी के मृगांका महतो को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है जबकि टीएमसी से इस बार शांतिराम महतो उनका मुकाबला कर रहे हैं। वह ममता बनर्जी कैबिनेट में मंत्री हैं। इस सीट पर कांग्रेस के नेपालदेव महतो किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यह उन सीटों में एक है जहां वाम मोर्चा के साथी फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां की पांच विधानसभा सीटें भाजपा और दो टीएमसी ने जीती थीं।

### बांकुड़ा में मोदी सरकार के मंत्री दूसरी जीत को प्रयासरत

- बांकुड़ा लोकसभा सीट 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 18 सीटों में शामिल थी। यहां भाजपा के सुभाष सरकार ने टीएमसी के सुब्रत मुखर्जी को 1.7 लाख से अधिक वोटों से हराया था। पेशे से चिकित्सक सुभाष सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार में राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। टीएमसी ने उनके सामने अरूप चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। माकपा से चुनाव लड़ रहे नीलांजन दासगुप्ता कांग्रेस के समर्थन से त्रिकोणीय संघर्ष बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस लोकसभा सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2021 में चार भाजपा और तीन टीएमसी ने जीती थीं।

### बिष्णुपुर में तिकोने संघर्ष में फिर जीत पाएंगी भाजपा

- बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान ने टीएमसी के श्यामल संतरा को हराया था। 2014 में टीएमसी ने यह सीट माकपा से जीती थी। इस बार भाजपा ने सौमित्र खान पर फिर अपना भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला टीएमसी की सुजाता मंडल और माकपा की शीतल कोइबोर्तो से हुआ है। यहां तिकोना मुकाबला नजर आ रहा है। इस सीट के विधानसभा क्षेत्रों में एक पूर्व बर्धमान में है, और अन्य छह बांकुरा जिले में हैं। 2021 में चार सीटें टीएमसी और तीन भाजपा ने जीती थीं।

# ओडिशा में छठे चरण के चुनाव पर संबित विवाद का साया

चुनाव डेस्क

- राज्य में छह लोकसभा सीटों के साथ शनिवार को 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे



पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा।

अमृत विचार। ओडिशा में छठे चरण में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, कयोंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर पर मतदान होगा 2019 में भाजपा इन छह में दो सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजद ने चार सीटें जीती थीं। राज्य में इसी के साथ इन लोकसभा सीटों के 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे।

प्रचार खत्म होने तक यहां पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु जगन्नाथ को लेकर जुबान फिसलने का मुद्दा छाया रहा। हालांकि विगत दिवस अखबारों में विज्ञापन देकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए संबित की ओर से बिना शर्त माफी मांगते हुए अनजानी गलती के लिए गहरा खेद जताया जा चुका है। लेकिन विवाद अभी थमा नहीं था कि बात आगे बढ़ गई है। अब संबित के एक विज्ञापन पर बवाल छिड़ गया है। बीजद ने संबित द्वारा भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के साथ प्रभु जगन्नाथ की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 2019 के चुनाव में पुरी सीट पर बीजद की पिनाकी मिश्रा जीती थीं। उन्हें 5,38,321 वोट मिले थे, जबकि भाजपा से संबित पात्रा 5,26,607 वोट पाकर हार गए थे। हालांकि इस बार संबित को पुरी में भाजपा की पहली जीत का भरोसा है। यहां उनका मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है जो बीजद के मजबूत कैडर के आधार पर अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में 2019 के चुनाव में भाजपा की अपराजिता सारंगी की जीत राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का प्रतीक मानी गयी थी। उन्होंने बीजद के अरूप मोहन पटनायक को 23,839 वोटों से हराया था। भाजपा ने अपराजिता को फिर से मौका दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के यासिर नवाज और बीजद के मन्मथ राउतराय से हुआ है। एक और प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र कटक बीजद का मजबूत किला है। यहां 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजद के भर्तृहरि महताब ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में यह सीट जीती है। 2014 में भर्तृहरि महताब ने कांग्रेस द्वारा अभिनेत्री अपराजिता मोहंती को मैदान में उतारने के बावजूद जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भी उन्होंने सीट बरकरार रखी। इस बार भी बीजद से भर्तृहरि महताब चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के सुरेश महापात्र, कांग्रेस से प्रमोद कुमार मल्लिक और बीजद के संतृप्त मिश्र से उनका मुकाबला हुआ है।

# महबूबा को मियां अल्ताफ और जफर मन्हास की कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

- अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी जबर्दस्त प्रचार के चलते रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद



पीडीपी नेता पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

अमृत विचार। छठे चरण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी श्रीनगर और बारामुला लोकसभा सीट की तरह रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद है। इसकी वजह यहां प्रचार के अंतिम दौर में लगी रही नेताओं की भीड़ है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद और अल्ताफ बुखारी जैसे बड़े नेताओं ने यहां रोज रोड शो और सभाएं की हैं। महबूबा बीते दो दिनों से राजौरी और पुंछ में डेरा जमाए रही हैं, तो उनकी बेटी इल्तिजा भी उनके लिए प्रचार में जुटी रही हैं। 2019 में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतने में सफल रही थी। धारा 370 हटने और नए परिसीमन के बाद इस सीट पर यह पहला चुनाव है, ऐसे में पिछले नतीजे के आधार पर भी कोई भी कयास लगाना बेमानी है।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार और गुज्जर नेता मियां अल्ताफ और अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मन्हास से उन्हें कड़ी चुनौती मिली है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता मोहम्मद सलीम पर्रा के अलावा 10 निर्दलीय भी यहां किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार समाप्त करने के लिए पहाड़ी जनजाति के मतदाताओं पर फोकस किए है, इस सीट अपनी पार्टी के जफर मन्हास का समर्थन कर रही है।

# पूर्वांचल में भाजपा ने चौहान मतदाता साधकर सात सीटों पर किया खेला

विनय जायसवाल, मऊ

- जनवादी पार्टी के साथ आने से भाजपा को कड़े मुकाबले वाली सीटों पर बढ़त के आसार
- सुभासपा और जनवादी पार्टी के साथ सपा के गठबंधन से पिछली बार बिगड़ गया था खेल



जनवादी पार्टी नेता संजय सिंह चौहान।

अमृत विचार। पूर्वांचल की राजनीति में चुनाव के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जनवादी पार्टी के भाजपा के साथ आने से घोसी, गाजीपुर और आसपास की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ मिलने के आसार हैं। पिछले विधानसभा चुनाव सुभासपा और जनवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के साथ होने से भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। सुभासपा पहले से ही भाजपा के साथ है और अब जनवादी पार्टी प्रमुख संजय सिंह चौहान के जुड़ने से पिछड़ी जाति में आने वाले चौहान (नोनिया) जाति के मतदाताओं को साधने में भाजपा को आसानी हो सकती है।

संजय चौहान को इस जाति का बड़ा नेता माना जाता है। आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, भदोही, चंदौली, जौनपुर, मछलीशहर आदि सीटों पर इस जाति के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। 2019 के चुनाव में जनवादी पार्टी का सपा से गठबंधन था। संजय सिंह चौहान सपा के चुनाव निशान पर चंदौली सीट से मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर उन्हें महेंद्र नाथ पांडेय से 13,959 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तब सुभासपा भी भाजपा के साथ नहीं थी। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल सपा के साथ थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की राजभर मतदाताओं पर अच्छी खासी पैठ है तो संजय सिंह चौहान को नोनिया चौहान जाति का प्रभावशाली नेता माना जाता है।

हालांकि भाजपा पहले फागू चौहान के सहारे नोनिया जाति के मतदाताओं को साधती रही। बाद में दारा सिंह चौहान आए तो उनके भरोसे इस तबके को साधने का प्रयास किया गया लेकिन अच्छा परिणाम न आता देख पार्टी ने संजय सिंह चौहान को साथ ले लिया। संजय सिंह चौहान सपा के सिंबल पर घोसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा ने यहां राजीव राय को मैदान में उतार दिया। इससे वे नाराज हो गए और अब भाजपा के साथ चले गए।

## एक नजर

### मनरेगा के कार्य प्रभावित तेजी लाने के निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव के कारण गांवों में मनरेगा के कार्य प्रभावित हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी होने के कारण कार्यों पर फोकस नहीं है। इस वजह से मस्टररोल जारी नहीं हो रहे हैं। इससे श्रमिक प्रभावित हैं और कार्य भी रुके हैं। ग्राम्य विकास मुख्यालय ने समीक्षा में संज्ञान लिया है। नियमित कार्य कराने के निर्देश जिलों के उपायुक्त स्वत: रोजगार श्रम को दिए हैं।

### यूपीएसआईएफएस में आवेदन की तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में छात्रों के प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है। यह जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने दी है।

# 131 इनामी अपराधी गिरफ्तार, 72 अब भी फरार

## साढ़े चार माह में लखनऊ जोन के सभी 10 जिलों में पुलिस ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त करने की घोषणा के बाद लखनऊ जोन की पुलिस ने साढ़े चार महीने में 131 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि 72 इनामी अपराधी फरार हैं। जोन में अंबेडकरनगर एकमात्र जिला है, जिसे पुलिस ने इनामी अपराधियों से मुक्त कर दिया है। बाराबंकी में 14 अपराधी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि, उन्नाव पुलिस एक भी अपराधी नहीं गिरफ्तार कर सकी है।

बता दें कि लखनऊ जोन की पुलिस ने जोन के सभी 10 जिलों से 203 अपराधियों को चिन्हित कर उनपर 25 हजार से लेकर एक लाख तक का इनाम रखा था। लखनऊ परिक्षेत्र के हरदोई जिले में सर्वाधिक 51 अपराधियों पर इनाम रखा गया था। जिसमें से 43 गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्नाव में कुल तीन अपराधियों पर इनाम रखा गया था, साढ़े चार महीने में उन्नाव पुलिस एक भी इनामी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

**▶▶ इनामी अपराधियों से मुक्त हुआ अंबेडकरनगर, हरदोई से अब तक 43 गिरफ्तार**

> शासन अपराधियों को लेकर काफी सख्त है। जोन की पुलिस ने कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनपर इनाम रखा था। 65 फीसदी अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जल्द ही बाकी भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। इसके साथ ही इन अपराधियों का सहयोग करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है
>
> -अमरेंद्र कुमार सेंगर, एडीजी, लखनऊ जोन

### अयोध्या परिक्षेत्र में 25 गिरफ्तार

अयोध्या परिक्षेत्र में बाराबंकी में सर्वाधिक 39 अपराधियों पर इनाम रखा गया था जिसमें 25 को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस परिक्षेत्र में अंबेडकरनगर में कुल पांच इनामी अपराधी चिन्हित थे। यहां सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों परिक्षेत्रों में मिलाकर 72 इनामी अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बता दें कि उक्त अपराधियों में दो की मृत्यु हो चुकी है।

### लखनऊ परिक्षेत्र की स्थिति

पुलिस ने हरदोई में 51, खीरी में 17, रायबरेली में 22, सीतापुर में 30 और उन्नाव में तीन अपराधियों को चिन्हित कर इनाम घोषित किया था। पुलिस के मुताबिक साढ़े चार माह में 78 फीसदी अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं 40 की तलाश की जा रही है।

### अयोध्या परिक्षेत्र की स्थिति

यहां अयोध्या में 21, सुल्तानपुर में 08, बाराबंकी में 39, अंबेडकरनगर में 05 और अमेठी में सात अपराधियों को चिन्हित कर इनाम रखा गया था। इनमें से 60 फीसदी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। 32 की तलाश की जा रही है।

# ललितपुर इकाई नहीं हो पाई चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**▶▶ ऊंचाहार व ओबरा इकाइयों के रात तक चालू होने की संभावना**

**▶▶ बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट पर पहुंची**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी में ज्यादा लोड के कारण उत्पादन बिजलीघरों की बंद हुई इकाइयों के चालू न होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है। ऊंचाहार व ओबरा बिजलीघरों की बंद इकाइयों के गुरुवार की देर रात तक और ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई के 25 मई को चालू होने की संभावना है। इस बीच, गुरुवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट दर्ज हुई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग व उपलब्धता के बीच अंतर बने होने के कारण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती जारी है। गुरुवार को शाम के वक्त प्रदेश में लगभग 25,500 मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी, जबकि इस समय प्रदेश में तापीय बिजलीघरों में 4800 मेगावाट व जलीय परियोजनाओं में उत्पादन 750 मेगावाट उत्पादन हो रहा था। बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी।

सूत्रों ने बताया कि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में ट्रांसफार्मर के फुंकने व लाइनों में खराबी आने से प्रदेश भर में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों को नहीं मिल रही मुफ्त बिजली

कॉरपोरेशन के सूत्रों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों-किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। एक ओर जहां घोषणा के बाद भी सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिल रही हैं, वहीं अघोषित कटौती होने से किसानों के सामने समस्या बढ़ गई है।

# छठे चरण में मेनका गांधी समेत 16 महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में

## भाजपा ने दो, सपा व बसपा ने एक-एक महिला प्रत्याशी पर किया भरोसा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ



मेनका गांधी



नीलम सोनकर



प्रिया सरोज



इंदु चौधरी

**अमृत विचार:** छठे चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा से मेनका गांधी, सपा की प्रिया सरोज, बसपा की इंदू चौधरी समेत कुल 16 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सीटों में केवल लालगंज (सु.) है जहां पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं। कई सीटों पर तो महिला प्रत्याशी ही नहीं हैं।

लालगंज (सु.) सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद नीलम सोनकर व बसपा से प्रोफेसर इंदु चौधरी के सामने निर्दलीय प्रत्याशी सुष्मिता सोनकर चुनाव मैदान में हैं, जबकि सपा ने दरोगा प्रसाद सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है।

सुल्तानपुर सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री मेनका गांधी अकेली महिला प्रत्याशी हैं। विपक्षी दलों ने महिलाओं को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इंडी गठबंधन की ओर से सपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद और बसपा के उदराज वर्मा चुनाव मैदान में हैं।

**▶▶ भाजपा की प्रत्याशी मेनका गांधी और नीलम सोनकर की भी कठिन परीक्षा**

आजमगढ़ सीट पर बसपा से मशहूद साहीबा अंसारी संसद में पहुंचने की कोशिश में हैं, साथ ही, अम्बेडकरनगर सीट पर पीस पार्टी की शबाना खातून और मूल निवासी पार्टी से नीलम सिंह ताल ठोक रही हैं। प्रतापगढ़ सीट पर भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी से गीता देवी चुनाव लड़ रहीं हैं। श्रावस्ती सीट से राष्ट्रीय जनता पार्टी से कुमारी गीता गौतम समेत चार निर्दलीय महिला प्रत्याशियों में एक शांति देवी चुनाव मैदान में हैं। अन्य निर्दलीय महिला प्रत्याशियों में किरन देवी ने डुमरियागंज से और गीता रानी शर्मा इलाहाबाद सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस प्रकार दलवार महिला प्रत्याशियों पर गौर करें तो 16 महिला प्रत्याशियों में चार निर्दलीय हैं। भाजपा के टिकट पर दो और सपा व बसपा समेत अन्य दलों ने केवल एक-एक महिला प्रत्याशी को चुनाव में उतारा है।

### प्रिया सरोज के सामने बीपी सरोज

मछलीशहर (सु.) सीट पर सपा से प्रिया सरोज के मुकाबले में भाजपा ने मौजूदा सांसद बीपी सरोज को मैदान में उतारा है। हालांकि इसी सीट पर समाज परिवर्तन पार्टी की ओर से उर्मिला चुनावी लड़ाई में संघर्ष कर रही हैं। इसके अलावा इलाहाबाद में फूलपुर सीट पर अपनादल (कमेरावादी) से महिमा पटेल और सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी की संगीता यादव किस्मत अजमा रहीं हैं।

# छठे चरण का चुनाव प्रचार थमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में छठे चरण की 14 सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। मतदान के लिए 24 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए समुचित तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा समेत विपक्षी दलों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोक दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी व बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं। इसमें 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को गर्मी से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को शत-प्रतिशत सूचना पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

### मतदान कर्मी मतदाताओं से विनम्र व्यवहार करें



अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान कर्मियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किये हैं। कहा गया है कि मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई दिक्कत न होने पाये। जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति व रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। इसके साथ ही, प्रवेश द्वार पर प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज लगाया जाए। मतदाता सूचना पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण कराते हुए मतदाताओं के नाम व मोबाइल नंबर आदि का विवरण भी लिया जाय।

### आपराधिक व्यक्तियों के लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 28,08,638 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिसमें 26,47,872 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

# ऊर्जा निगमों के संविदा श्रमिक हों नियमित

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आरएस राय ने कहा कि ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा श्रमिकों को नियमित किया जाय। राय गुरुवार को नरही में विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र की प्रादेशिक कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नियमित कार्यों को करने वाले संविदा कर्मियों को क़ानून के अनुसार नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन देने और नियमित करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि साठ हज़ार संविदा कर्मियों को नियमित न कर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। समान कार्य पर समान वेतन नहीं दिया जा रहा है। बैठक का संचालन संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष सुंदर लाल व संचालन प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने किया। इस मौके पर नवल किशोर सक्सेना को संगठन का प्रांतीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।

# देश को लूटना ही इंडी गठबंधन का उद्देश्य



बिहार के पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ योगी आदित्यनाथ ने बिहार की पूर्वी और पश्चिमी चंपारण लोस. सीट के लिए किया प्रचार**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बिहार में प्रचार करते हुए दो लोकसभा सीटों के लिए जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के पूर्वी और पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल का उद्देश्य मिलकर लड़ना और जीतकर लूटना है।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी ने वहां जनसभा में मौजूद बुलडोजर को देखते हुए कहा कि यहां आने से पहले जो बुलडोजर यहां मंगाया गया है, यही माफिया और आतंकवादियों का सबसे अच्छा उपचार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) देश में पर्सनल लॉ के जरिए तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। ऐसे तालिबानी शासन में बेटियां पढ़ने नहीं जा पाएंगी, महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी और बुर्के में कैद हो जाएंगी, जिसे कोई भी हिन्दुस्तानी बर्दाश्त नहीं कर सकता है।

# कैमरे की नजर में रहेंगे आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ 94 में से 70 स्कूलों में लगाए जा चुके सीसीटीवी कैमरे**

**▶▶ एक जुलाई से अध्यापकों पर रखी जाएगी नजर**

**अमृत विचार :** शिक्षकों और विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली पर नजर रखने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके बाद गुरुजन स्कूल से गायब हो सकेंगे और न कक्षाओं से। प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में से 70 में सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं।

बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगने शुरू हुए थे। समाज कल्याण निदेशक ने सभी 94 विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। 70 विद्यालयों में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में होगा। इससे विद्यालयों में अध्यापक समय से आ रहे हैं और कक्षाओं में कितना समय दे रहे हैं इसकी जानकारी भी मिल सकेगी।

तो वहीं दूसरी ओर कैमरे लग जाने से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी।

### अगले चरण में 75 वृद्धाश्रम में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

15 जून तक प्रदेश के सभी 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। एक जिले में एक वृद्धाश्रम है। 40 वृद्धाश्रम के लिए सीसीटीवी कैमरे खरीदे जा चुके हैं। 15 जून तक आश्रम पद्धति विद्यालय और वृद्धाश्रम में काम पूरा किया जाना है। इनका कंट्रोल रूम भी निदेशालय में बनाया जाएगा।


## वर्ग पहेली-79

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण, हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण, अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।




### वर्ग पहेली -78 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | | 2 अ | | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | | |
| | गी | | ले | | | 5 उ |
| 6 छु | | 7 उ | ख | म | | त |
| 8 आ | कं | प | न | | 9 दू | र |
| छू | | वे | | | | वा |
| त | | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | 6 | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | | 7 | |
| | | 5 | | | 1 | | | |

### सुडोकू -157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 19 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष** — आज का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। यदि आवश्यक न हो तो कोई बड़ा निर्णय आज न लें। भाई-बहन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। अपनी रुचि के विषय का गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**वृष** — आज का दिन काफी शुभ रहेगा। अधिकारियों का व्यवहार आपके लिए काफी सहयोगात्मक रहेगा। आप कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। आपको अपनी कमजोरियों को पहचानने और उसे दूर करने का काम करना चाहिए।

**मिथुन** — आज आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। संतान के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नाक, कान या गले में इन्फेक्शन की संभावना हो सकती है।

**कर्क** — आज ऑनलाइन ठगों से सावधान रहें। ज्यादा देर तक बैठकर करने वाले कार्यों को टालना उत्तम रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में नए मित्र मिल सकते हैं। सर्विस प्रदाता सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**सिंह** — आज समाज की बुराइयों को लेकर आप कुछ रुष्ट हो सकते हैं, किंतु आपको किसी से विरोध नहीं लेना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण कुछ जुकाम जैसी समस्या हो सकती है। आप कई दिनों से जिस अवसर की तलाश में थे, वह आपको मिल सकता है।

**कन्या** — आज अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर बन सकता है। यात्रा के दौरान आप कुछ असहज रहेंगे। साइबर ठगों की चपेट में आ सकते हैं। आपकी प्रवृत्ति कुछ नया सीखने की हो सकती है। अपनी पुरानी किताबों की तरफ बढ़ सकते हैं।

**तुला** — आज लोग आपके प्रशंसक बन सकते हैं। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अचानक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ सामंज्य बना रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**वृश्चिक** — आज मेडिकल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नजर बनाकर रखें। छात्रों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिल सकती है।


**धनु** — आज आप जितने सम्मान के पात्र हैं,उतना सम्मान लोग आपको नहीं दे रहे हैं। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बड़बोलेपन के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**मकर** — आज अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें। संपत्ति विवादों के परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा।

**कुंभ** — आज कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक जीवन कुछ अशांत हो सकता है। यदि आप किसी बैठक या साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**मीन** — आज कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना चाहिए। आप अपने शौकों की पूर्ति में लगे रहेंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अनुराधा 10 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
आज का महात्मा — सुबह : 10 .51
चाइना गेट — रात : 07 .00

&pictures
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी — सुबह : 11 .26
जिगर वाला नंबर 1 — शाम : 04 .45

SONY PIX
द शौशैंक रिडेम्पशन — दोपहर : 01 .15
स्पाइडर मैन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
जहर — सुबह : 11 .00
जिस्म — रात : 08 .10

colors CINEPLEX
स्टूडेंट ऑफ द ईयर — सुबह : 08 .06
कभी अलविदा न कहना — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2350-2500 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17000-17100 |
| अरहरस्पेशल1 | 14300-14400 |
| चनादाल | 7800-7900 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7500-7550 |
| उड़ददाल | 9000-13000 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 9500-10500 |
| मूँग धोवा | 10000-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5400-5500 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# आरबीआई लाभांश से घाटा कम होने पर भारत को मिलेगा रेटिंग समर्थन

## रिजर्व बैंक के फैसले को लेकर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के विश्लेषक ने कही बात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत अगर राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश का उपयोग करता है, तो उसे आने वाले समय में 'रेटिंग समर्थन' मिल सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के एक विश्लेषक ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया है। यह अबतक का सर्वाधिक लाभांश है। यह बजट में जताए गए 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से दोगुने से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। एसएंडपी ग्लोबल रेटंग्स के विश्लेषक यीफर्न फ़ुआ ने कहा- आरबीआई से अतिरिक्त लाभांश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 0.35 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद करेगा या नहीं, यह वास्तव में अंतिम बजट पर निर्भर करेगा। यह जून के चुनाव परिणामों के बाद पारित किया जाएगा। इस साल फरवरी में संसद में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के अधिक लाभांश से घाटे में कमी कुछ बातों पर निर्भर है। अंतिम बजट में विनिवेश जैसे क्षेत्रों से राजस्व प्राप्ति कम रहती या व्यय मद में अतिरिक्त आवंटन होता है तो आरबीआई के अतिरिक्त लाभांश से घाटे में बहुत ज्यादा कमी नहीं आएगी।

### पिछले साल एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले साल मई में ने वृद्धि पर स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी। इसके साथ कमजोर वित्तीय प्रदर्शन और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी को जोखिम के रूप में चिह्नित किया था। 'बीबीबी-' निवेश को लेकर सबसे निचले स्तर की रेटिंग है। तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों - फिच, एसएंडपी और मूडीज - ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश स्तर की रेटिंग दी हुई है। निवेशक किसी देश में निवेश करते समय रेटिंग पर गौर करते हैं।

### रिलायंस कैपिटल ने समाधान योजना लागू करने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कर्ज समाधान योजना लागू करने की समयसीमा 90 दिन आगे बढ़ाने की एनसीएलटी से मोहलत मांगी है। स्वीकृत समाधान योजना के कार्यान्वयन की समयसीमा 27 मई, 2024 तय की गई थी। रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने सफल बोली लगाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2018 की धारा 60(5) के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से समयसीमा को 90 दिन के लिए बढ़ाने की अपील करने वाली एक अर्जी दाखिल की गई है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी को कर्ज समाधान योजना को मंजूरी दी थी।

## सोने में 1,050 और चांदी की कीमत में 2,500 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में आक्रामक रुख दिखने के बाद सोने में तेज गिरावट आई। ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से मंदी के संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 42 डॉलर कम है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 95,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,700-56,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,150 |
| चांदी आभूषण | 90,200। |

### प्याज की कमी को रोकने के लिए विकिरण प्रसंस्करण की योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# केंद्रों पर सरकारी खरीद को भाव नहीं दे रहा गेहूं

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **प्रदेश में 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन हुई गेहूं खरीद**

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण इस बार भी सरकारी गेहूं खरीद कार्य समय से पहले बंद होने वाला है। आवक न होने से सरकार के लिए किसानों से लक्ष्य के मुताबिक गेहूं खरीदना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए भंडारण करना मुश्किल है।

प्रदेश में 1 मार्च से 22 मई तक 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन (15.12 प्रतिशत) गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। 43 केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। कारण केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है और बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये में सीधे गांव-गांव गेहूं खरीद रहे हैं। खरीद जून तक होगी लेकिन, आवक न होने के कारण समय से पहले केंद्र दम तोड़ गए हैं। वर्ष 2023-24 में हालात इससे भी खराब थे। 22 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन में 2,09,706 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा गया था। उस समय 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बाजार भाव था। इसी उम्मीद में किसान अधिक मुनाफे के चक्कर में गेहूं घरों पर रोक रखे हैं तो व्यापारी भी डंप करने में पीछे नहीं हैं।

**यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण बिगड़े हालात:** गेहूं का बाजार भाव बढ़ना यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध वजह बताई जा रही है। यूक्रेन गेहूं का अधिक उत्पादन कर अन्य देशों में निर्यात करता है। जो युद्ध के कारण 2022 से नहीं कर सका। उस समय पूर्ति भारत से की गई थी। इस वजह से वर्ष 2022-23 में बाजार भाव 3 हजार से 3200 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा और खरीद 60 लाख मीट्रिक टन में महज 3.35 लाख मीट्रिक टन हो पाई। यही हालात वर्ष 2023-24 में होने के कारण 2.19 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई। जबकि युद्ध से पहले 2021-22 में 56.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। जानकारों की मानें तो पिछले वर्ष हालातों को देखते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई थी।

**राशन वितरण में घटता गया गेहूं:** गेहूं खरीद का असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ना बताया जा रहा है। इस वजह से कार्डों पर गेहूं की मात्रा घटती जा रही है। पहले पात्र गृहस्थी पर प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल मिलता था, जो संशोधन कर 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल किया गया। इसके बाद गेहूं 1 किलो गेहूं, 2 किलो चावल व 2 किलो बाजरा किया गया। इसी तरह अंत्योदय कार्ड पर पहले 20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल मिलता था। जो 21 किलो चावल व 14 किलो गेहूं किया गया। इसके बाद 14 किलो गेहूं व 14 किलो चावल व 7 किलो बाजरा (मोटा अनाज) मिलने लगा। हालांकि इसे मोटे अजान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है।

वहीं राजीव मिश्रा, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग ने बताया कि किसानों को बाजार में अच्छे भाव मिल रहे हैं। इस वजह से खरीद कम हो रही है। लक्ष्य पूर्ति के प्रयास जारी हैं। खाद्यान वितरण के भंडारण के लिए एफसीआई इंतजाम करती है।

## राष्ट्रीय

# स्वाति मालीवाल बोलीं-मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार

## राज्यसभा सांसद ने साक्षात्कार में आपबीती सुनाई, बिभव ने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक साक्षात्कार में 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्ससभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया। इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। सांसद ने कहा कि मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हूं।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर में मौजूद थे। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि घटना वाले दिन वह घर पर नहीं थे। मुझे बताया गया था कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं। वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। मैं मदद के लिए चिल्ला रही थी। लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया था।

वहीं स्वाति मालीवाल ने कहा कि निर्भया से पूछा गया था कि उसने ऑटो से यात्रा क्यों नहीं की, वह रात में बाहर क्यों गई और दिन में क्यों नहीं? विक्टिम शेमिंग हर महिला के साथ होती है।

### आप मेरे बुजुर्ग माता-पिता को क्यों निशाना बना रहे हैं: केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को उन्हें तोड़ने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके सारी हदें पार कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि मेरे पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश और अपील है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्री को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके।

### पुलिस ने मारपीट मामले में केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ टाली

दिल्ली पुलिस आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ करने बृहस्पतिवार को केजरीवाल के आवास पर नहीं जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े और बीमार माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। पुलिस इस मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि पुलिस आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास जा सकती है लेकिन वह बृहस्पतिवार को वहां नहीं जा रही। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आने वाले दिनों में केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं केजरीवाल ने कहा था कल पुलिस ने फोन करके मेरे माता-पिता से पूछताछ के लिए वक्त मांगा था।

### दवाओं की अनुपलब्धता से संबंधित जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजन बाबू फेफड़े एवं क्षय रोग संस्थान में दवाओं की कथित अनुपलब्धता से संबंधित एक जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी है। अदालत को सूचित किया गया है कि शहर में मौजूदा भंडार कुछ सप्ताह तक चलेगा और शेष आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद अदालत ने याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें दिल्ली के भंडारण गृहों में दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी आपूर्ति का विवरण दिया गया है। इस साल की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका में एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन काम नहीं कर रही है।

## ठाणे में रसायन कारखाने में विस्फोट, 8 लोगों की मौत



ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट के कारण लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी। ● एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

- **विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, 48 अन्य घायल**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न विस्फोट होने के बाद आग लग गई, जिसके कारण कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 48 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल कंपनी के एक बॉयलर में अपराह्न करीब 1.40 बजे विस्फोट होने से भीषण आग लग गई और आस-पास के कारखानों में भी फैल गई। कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजल ने कहा कि घटनास्थल से अब तक बरामद किए गए चार शव इतने जले हुए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है।

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में जान गंवाने वाले लोग आस-पास के संयंत्रों में काम कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-दुर्भाग्य से, डोंबिवली घटना में 8 लोगों की जान चली गई, और 48 घायल हो गए। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा-घायलों का इलाज एम्स, नेप्च्यून और ग्लोबल अस्पतालों में किया जा रहा है और हर तरह की सहायता प्रदान की जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव कार्य के लिए विभिन्न टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं।

## एक नजर

### हरियाणा में पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजंसियों ने अब तक कुल 18.56 करोड़ रुपये की नकद राशि के अलावा 56.88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75.44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18.36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुयें जब्त की गई थीं।

### सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

**छपरा।** बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रुप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

## नवोदय अन्य जिले के होने के कारण छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था।

अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है।




उच्च न्यायालय ने घ्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है।

न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है जिससे प्रत्येक छात्र को मुकदमेबाजी के लिए मजबूर न होना पड़े।

## केंद्र रेवन्ना को वापस लाने में सहयोग के लिए तैयार

**कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी**

- **यौन उत्पीड़न मामले में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की एक प्रक्रिया है और केंद्र उसे देश वापस लाने में सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रज्वल कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी हैं।

राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए जोशी ने सवाल किया कि प्रज्वल के विदेश भागने से पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर केंद्र पर दोष मढ़ने और इस मुद्दे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। जोशी मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरा पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करने के सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। जोशी ने कहा-राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की एक प्रक्रिया है...अभी तक सिद्धरमैया,(उपमुख्यमंत्री) डीके शिवकुमार और (गृह मंत्री) परमेश्वर ने मेरे सवाल का जवाब नहीं दिया है।

### अभियुक्तों को छुड़ाने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, दो गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में पुलिस अभिरक्षा से असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन चार अभियुक्तों को छुड़ा कर ले जाने के मामले में जहां जाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है वहीं, पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 20 मई 2024 की रात्रि में जाले थाना पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायाज मजमा लगा कर जाले थाना कांड संख्या-103/24 के चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा से जबरदस्ती छुड़ा लिया गया। मामले के संबंध में 24 नामजद एवं 130-140 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।


# भाजपा संविधान बदलने का सपना न देखे : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले पार्टी और देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि यह सेना के खिलाफ है।



उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया, लेकिन जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।

### हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार : प्रियंका गांधी



**सिरसा (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है जिसकी कीमत यहां के युवाओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा-जनता बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार और भाजपा की अस्थिरता से तंग आ चुकी है और एक बड़ा बदलाव लाने जा रही है। प्रियंका ने कहा-प्रदेश में पार्टी की जबरदस्त लहर है। कांग्रेस राज्य की सभी सीटें भारी अंतर से जीतेगी। प्रियंका ने इससे पहले हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# सनराइजर्स या रॉयल्स किसे मिलेगा फाइनल का टिकट

चेन्नई, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की



- हैदराबाद के बल्लेबाजों और राजस्थान के स्पिनरों के बीच होगी कड़ी टक्कर
- फाइनल मुकाबले विजेता टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स का करना होगा सामना

गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर ने कोई विकेट नहीं लिया। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। रॉयल्स की बात करें तो आरसीबी खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

# टी-20 विश्व कप खिताब की चाह में भारत

## खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी दिग्गजों की नजर, एक दशक पहले फाइनल में पहुंची थी भारतीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है।

भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप की हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।



### भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूतः पार्थिव पटेल

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 446 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।

### टी-20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मैदान

| मैदान | शहर |
|---|---|
| सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम | नॉर्थ साउंड, एंटीगा और बारबुडा |
| केंसिंग्टन ओवल | ब्रिजटाउन, बारबाडोस |
| प्रोविडेंस स्टेडियम | प्रोविडेंस, गयाना |
| डैरेन सैमी स्टेडियम | ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया |
| अर्नोस व्हेल स्टेडियम | किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस |
| ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम | सैन फर्नांडो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो |
| सेंट्रल ब्रोवर्ड पार्क लॉडरहिल | फ्लोरिडा, अमेरिका |
| ग्रैंड प्रीरी स्टेडियम | डलास (टेक्सास), अमेरिका |
| नासाउ काउंटी इंटरनेशनल | लॉन्ग आइलैंड (न्यूयॉर्क), अमेरिका |

### विश्व विजेता

| | |
|---|---|
| 2007 | भारत |
| 2009 | पाकिस्तान |
| 2010 | इंग्लैंड |
| 2012 | वेस्ट इंडीज |
| 2014 | श्रीलंका |
| 2016 | वेस्टइंडीज |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2022 | इंग्लैंड |

### टी-20 विश्व कप में अब तक के सबसे बड़े रिकॉर्ड

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) 27 मैचों में 1,141 रन। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) ने 2014 विश्व कप में 319 रन बनाए थे। |
| सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर | ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन। |
| सर्वाधिक शतक | क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) ने 2007 और 2016 में 2-2 शतक बनाए। |
| सर्वाधिक विकेट | शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) 36 मैचों में 47 विकेट। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट | वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) 2021 विश्व कप में 16 विकेट। |
| सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े | अजंता मेंडिस (श्रीलंका) 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट। |
| सर्वाधिक शिकार | महेंद्र सिंह धोनी (भारत) 33 मैचों में 32 शिकार। |
| सर्वाधिक कैच (फील्डर) | एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) 30 मैचों में 23 कैच। |
| उच्चतम स्कोर | श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ 6 विकेट पर 260 रन बनाए। |
| न्यूनतम स्कोर | नीदरलैंड्स की टीम 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट। |

## खेल डायरी

### क्वालीफायर में भारत को मिल सकता है कोटाः कुट्टप्पा

नई दिल्ली। मुक्केबाजी कोच सीए कुट्टप्पा का मानना है कि 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। कुट्टप्पा ने बताया थाईलैंड क्वालीफायर से, हमें निश्चित रूप से 4-5 कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है और हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे पास निश्चित मौका है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुक्केबाज को 2-3 स्पैरिंग सत्र मिले और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बहुत सकारात्मक हैं। प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 देशों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस आदि के मुक्केबाजों के साथ स्पैरिंग सत्र ने हमारे मुक्केबाजों को बहुत कुछ दिया इस विश्वास के साथ कि उन्हें पेरिस में बड़े मंच पर चुनौती दी जा सकती है।

### प्रीतिस्मिता ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

लीमा (पेरू)। भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। तुर्की की फातमा कोलकैक कुल 120 किग्रा उठाकर कांस्य जीतने में सफल रहीं। भारत के दो अन्य भारोत्तोलकों ने भी पहले दिन पदक मंच पर जगह बनाई।

### फ्रेंच ओपन से हटीं टेनिस की दिग्गज जेसिका पेगुला

पेरिस। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका दो साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे पांच से सात दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती। निश्चित तौर पर मैं ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र और गर्मियों के बाकी सत्र के लिए वापसी करूंगी।

### फ्रेंच ओपनः पहले दौर में नडाल का मुकाबला ज्वेरेव से

पेरिस। राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन में खेलने का फैसला कर लिया है और गुरुवार को जारी ड्रॉ के मुताबिक 14 बार के चैंपियन खिलाड़ी के सामने पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव की मुश्किल चुनौती होगी। टूर्नामेंट की निदेशक एमेली मौरेस्मो ने कहा नडाल के साथ कुछ भी संभव है। वह इस बात को लेकर असमंजस में थे कि दो सत्रों से चोट के कारण प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बाद रोलां गैरो में प्रतिस्पर्धा करेंगे या नहीं। कूल्हे की सर्जरी के कारण वह पिछले साल फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाए थे। इस महीने इटैलियन ओपन में हार के बाद नडाल ने कहा कि उन्हें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि पेरिस में खेलना है या नहीं। उन्होंने हालांकि लाल बजरी पर अभ्यास जारी रखा था और उनका नाम आधिकारिक तौर पर ब्रैकेट में था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ज्वेरेव के खिलाफ उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल खेला था। ज्वेरेव उस मैच में टखने में चोट के कारण बीच में हट गए थे।

### भारत की महिला-पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

ब्रेडा (नीदरलैंड)। भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे। महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

### भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

दोहा। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को हराया जबकि अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को शिकस्त दी। सेंथिलकुमार अगले दौर में मिस्र के सातवें वरीय ओमान मोसाद से भिड़ेंगे जबकि अभय फ्रांस के छठे वरीय अगस्ते डुसोर्ड के खिलाफ खेलेंगे।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक



जिनेवा। नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया। हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था। सत्र के पहले खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच अगले दौर में डेनिस शापोवालोव और टेलोन ग्रीक्सपूअर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। जिनेवा ओपन का फाइनल शनिवार को होगा जबकि इसके एक दिन बाद रोलां गैरो पर मुख्य ड्रॉ के मुकाबले शुरू होंगे जहां जोकोविच गत चैंपियन हैं।

## मैच फिक्सिंग मामले में एलपीएल फ्रेंचाइजी को रद करने का फैसला बदला

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी के मालिक तमीम रहमान की मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तारी के कारण फ्रेंचाइजी को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद अपने फैसले से पलटते हुए कहा कि उसकी टी20 लीग मैचों की तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगी और इसमें सभी पांच टीमें शामिल होंगी। एसएलसी ने घोषणा की कि फ्रेंचाइजी का एक नया मालिक होगा और टूर्नामेंट एक से 21 जुलाई तक योजना के अनुसार आयोजित किया जाएगा। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र अपनी तय योजना और पांच टीमों के मैचों के तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा। सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक रहमान को अदालत के आदेश के बाद शहर के भंडारनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

# पाकिस्तान में प्रतिभा दिखाएगी चित्रकूट की उन्नति

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

अमृत विचार। चित्रकूट जिले के गांव हन्ना बिनैका की उन्नति त्रिपाठी 25 जून से पाकिस्तान में होने वाली 31 वीं एशियाई इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्नति की इस उपलब्धि से उसके गांव ही नहीं बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। इसके अलावा उसे यूएसए के ह्यूस्टन में होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भी खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 12 जुलाई से होगी।

इस्लामाबाद में 25 जून से एशियाई खिलाड़ियों की स्क्वैश प्रतियोगिता होगी। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से जिन प्रतिभाओं का चयन किया गया है, उसमें उन्नति भी हैं। उन्नति ने दो से छह मई तक के ट्रायल में हिस्सा लिया था और उसमें अव्वल रहने के बाद उनको पाकिस्तान जाने का अवसर मिला। उन्नति की देश में स्क्वैश की अंडर 17 कैटेगरी में छठवीं रैंक है। उन्नति के पिता हरिओम त्रिपाठी भारतीय स्क्वैश टीम के वर्ष 2000 से 2015 तक कोच रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नति पाकिस्तान में अंडर 17 कैटेगरी में चौथे रैंक पर खेलेंगी। उन्नति के भाई अंश भी स्क्वैश के माहिर खिलाड़ी हैं। भाई-बहन छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। 16 वर्षीया उन्नति मुंबई में इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं का खिताब जीत चुकी हैं।



- हन्ना बिनैका गांव की बेटी है होनहार स्क्वैश खिलाड़ी

### 6 साल की उम्र से शुरू किया स्क्वैश खेलना

पिता हरिओम खुद भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह चेन्नई की एकेडमी में प्रशिक्षण दिया करते थे। वह बताते हैं कि उन्नति ने महज छह साल की उम्र में स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था। जब वह देहरादून की एक खेल संबंधी कोचिंग से संबद्ध हुए तो उन्नति भी वहीं पढ़ने और उनसे खेल का गुर सीखने लगी।

**मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चालिहा ने किया उलटफेर**

# सिंधू ने यू जिन को हराया, अशिमता जीतीं

कुआलालंपुर, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झेंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अशिमता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झेंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अशिमता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अशिमता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर मिली।

### ओलंपिक से पहले लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में लेंगी प्रशिक्षण



नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में प्रशिक्षण लेगी। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के तहत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की तैयारी के लिए फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लक्ष्य सेन आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को कार्तिक ने कहा अलविदा

नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतर्राष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया।

आईपीएल में आरसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। 20 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाए रखा।

## बॉलीवुड हलचल

# वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार वेलकम टू द जंगल इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल, तुषार कपूर, कृष्णा सहित करीब 20 कलाकार हैं। फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।



# भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज



मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज, फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज

- कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में देंगी सेवाएं
- 2022 से उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मी बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया। सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक



समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है।

**राज सिंह बधेशा फ्रेस्नो काउंटी में नियुक्त :** इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

# दिल्ली के लेडी श्री राम हंसराज व अन्य कॉलेजों को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक कॉलेजों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लेकिन गहन तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

एक दिन पहले, इसी तरह का एक ई-मेल नॉर्थ ब्लॉक को भेजा गया था, जिसमें उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शाम चार बजकर 38 मिनट पर लेडी श्रीराम कॉलेज में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। इसके कुछ देर बाद अन्य कॉलेजों को भी ऐसे ही धमकी भरे ई-मेल मिले। स्थानीय पुलिस, एक बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ते से लैस बम का पता लगाने वाली एक टीम लेडी श्रीराम कॉलेज पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# प्ले स्टोर की फर्जी ऐप से सावधान बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के मॉडर्न समय में स्मार्ट फोन और उस फोन में मौजूद ढेरों ऐप्स हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये ऐप्स हमारा मनोरंजन तो करते हैं, साथ ही हमें जरूरी सेवाएं भी देते हैं। अब तक हमें लगता था कि प्ले स्टोर में मौजूद ऐप्स तो सुरक्षित हैं। हम किसी भी ऐप को आंख मूंदकर डाउनलोड कर लेते थे। लेकिन सावधान, ठगों और क्रिमिनलों की नजर से अब प्ले स्टोर भी अछूता नहीं है। साइबर क्रिमिनल कुछ ऐसे नकली ऐप बना रहे हैं, जिन्हें इंस्टॉल करने के बाद आपकी पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है या फिर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। इसी को लेकर भारत सरकार के सिक्योरिटी पोर्टल 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने एक इमेज शेयर करते हुए बताया है कि गूगल प्ले स्टोर पर यूनियन-रिवार्ड.एपीके नाम से एक ऐप मौजूद है। ये ऐप देखने में यूनियन बैंक के असली ऐप जैसा लगता है, लेकिन यह एक फेक एंड्रॉयड ऐप है। इससे पहले भी साइबर दोस्त फेक लोन ऐप्स और फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप से अलर्ट रहने की चेतावनी दे चुका है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात फेक ऐप्स की।




### मोबाइल बैंकिंग सुरक्षित पर सावधानी जरूरी

साइबर एक्सपर्ट ईशान सिन्हा बताते हैं कि मोबाइल बैंकिंग पूरी तरह सुरक्षित है, क्योंकि बैंक बेहद सेफ और हाई इन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं। बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। जैसे- मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने की सबसे सुरक्षित जगह आपके बैंक की वेबसाइट है। आपके मोबाइल बैंकिंग ऐप को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड नींव की तरह होता है। इसलिए स्ट्रॉन्ग पासवर्ड जरूर बनाएं। बैंकिंग ऐप्स के इन-ऐप फिंगरप्रिंट डिवाइस का प्रयोग करें।

### फर्जी ऐप्स से फोन को बचाएं

अगर आपने पहले ही कोई संदिग्ध ऐप इंस्टॉल कर लिया है, जिसकी वजह से आपकी डिवाइस स्लो हो गई है या अनचाहे विज्ञापन आ रहे हैं तो ऐसे ऐप्स को तुरंत अनइंस्टॉल कर दें। इसके अलावा अगर आपको स्मार्टफोन के किसी ऐप के संदिग्ध होने की आशंका है तो इन स्टेप्स को फॉलो करें। जैसेकि- अपने फोन या टेबलेट को रीस्टार्ट करें। एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें।

### असली व नकली ऐप्स को इस तरह पहचाने

आमतौर पर जब हमें कोई भी ऐप डाउनलोड करना होता है तो हम गूगल के प्ले स्टोर या एपल के एप स्टोर पर जाकर उसे डाउनलोड करते हैं। इन ऐप स्टोर्स पर कई ऐसे फर्जी ऐप भी मौजूद हैं, जो यूजर्स की निजी जानकारी चोरी करने से लेकर बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल नकली ऐप्स की डिजाइनिंग बेहद सफाई से करते हैं, जिससे आम लोगों के लिए अंतर कर पाना मुश्किल होता है।

### नकली ऐप्स के इंटरफेस असली जैसे होते हैं

नकली मोबाइल ऐप्स ऐसे एप्लिकेशन होते हैं, जो वैलिड ऐप्स के लुक और अंदर के इंटरफेस से काफी मिलते-जुलते होते हैं। जिससे आसानी से यूजर्स को इंस्टॉल करने के लिए धोखा दिया जा सके। इन्हें इतने सलीके से बनाया जाता है कि ज्यादातर यूजर्स के लिए असली और नकली ऐप्स के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होता है। ये वैलिड ऐप स्टोर जैसे ऐपल के ऐप स्टोर या गूगल के प्ले स्टोर पर भी हो सकते हैं। कुछ नकली ऐप्स आपके कैमरे को कंट्रोल करने की परमिशन मांगते हैं।

## एक नजर

### रामास्वामी ने जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है। हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा- जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था।

### ब्रुनेई की जेलों में बंद पांच लोगों में एक भारतीय

**बंदर सेरी बेगवान।** ब्रुनेई की जेल में बंद पांच विदेशियों में एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक शामिल है जिन्हें आव्रजन उल्लंघन के लिए कैद और जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी ब्रुनेई के आव्रजन एवं राष्ट्रीय पंजीकरण विभाग (आईएनआरडी) ने दी। आईएनआरडी के अनुसार 60 वर्षीय भारतीय नागरिक को देश में समय से ज्यादा रुकने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा एक 64 वर्षीय फिलिपिनो को ज्यादा समय तक रुकने पर नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई और कोड़े मारने के बदले में 800 ब्रुनेई डॉलर (590 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

### ऋषि सुनक व विपक्षी दल चुनाव प्रचार में जुटे

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा विपक्षी नेता बृहस्पतिवार से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है। उन्होंने पूर्वी लंदन में एक प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत की।

### गुप्त सूचनाएं लीक करने वाला पाकिस्तानी एजेंट गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नागर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया (21) पिछले चार महीनों से अद्रिका प्रिंस नामके पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है।

### महाराष्ट्र में एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था। अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा कल दो युवक नदी में डूब गए।

# पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश के तटों से टकराएगा भीषण चक्रवात रेमल


## रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की खाड़ी में उठने वाला भीषण चक्रवाती तूफान रेमल पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट से टकराएगा। बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव तेज होता जा रहा है, जिस कारण रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मॉनसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात के नामकरण प्रणाली के अनुसार इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है। भारत मौसम विभाग की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया यह प्रणाली शुक्रवार की सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक दबाव क्षेत्र में केंद्रित हो जाएगा। यह शनिवार की सुबह एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद रविवार शाम तक यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचेगा। आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान के कारण चक्रवाती तूफान तेजी से अपनी गति बढ़ा रहे हैं और लंबे समय तक अपनी शक्ति बरकरार रख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप महासागर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अधिकांश अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर रहे हैं।



चक्रवात की प्रतीकात्मक फोटो।

### बंगाल और अरब सागर बहुत गर्म

वैज्ञानिक राजीवन ने कहा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर इस समय बहुत गर्म हैं, इसलिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसानी से बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह चक्रवात न केवल समुद्र द्वारा नियंत्रित होते हैं, बल्कि इसमें वायुमंडल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई के अनुसार, समुद्र की सतह के गर्म तापमान का मतलब अधिक नमी है, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव प्रणाली को चक्रवात में बदलने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना आवश्यक है। बंगाल की खाड़ी में सतह का तापमान फिलहाल 30 डिग्री सेल्सियस है।

# पन्नू मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ निखिल गुप्ता की याचिका खारिज

**लंदन।** चेक की संवैधानिक अदालत ने अमेरिकी सरजमीं पर एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की साजिश रचने के मामले में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका खारिज कर दी। गुप्ता चेक की राजधानी प्राग की एक जेल में कैद है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता (52) के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में मुकदमा दाखिल किया था।

गुप्ता पर भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप है। पन्नू अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक गणराज्य के प्राग से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जेल में है। अमेरिकी सरकार उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है।



- चेक संवैधानिक अदालत ने की याचिका खारिज

चेक संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बुधवार को एक बयान में कहा कि संवैधानिक अदालत को ऐसी किसी परिस्थिति का भान नहीं हुआ, जिसमें प्रत्यर्पण को मंजूर करने से संवैधानिक मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता हो। संवैधानिक अदालत ने कहा कि इसने इस व्यवस्था दी है कि अधीनस्थ अदालत ने प्रत्यर्पण को रोक सकने वाले सभी पहलुओं पर पूर्ण रूप से विचार किया। इतना ही नहीं इसने इन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि यह मामला राजनीतिक था। संवैधानिक अदालत ने कहा चेक अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई यहां समाप्त होती है।

# ताइवान को चारों तरफ से घेरकर चीन का युद्धाभ्यास

- नए राष्ट्रपति की जीत से नाराज ड्रैगन, कहा- इसकी सजा मिलेगी

बीजिंग/ताइपे, एजेंसी

ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था। साथ ही ताइवानियों को चेतावनी दी थी कि अगर वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें।

हालांकि, चीन की धमकी के बावजूद ताइवान में चीनी विरोधी नेता लाई चिंग-ते को जीत हासिल हुई। उनकी शपथ के बाद चीनी सेना के प्रवक्ता कर्नल ली शी ने कहा था कि ताइवानियों को इसकी सजा मिलेगी। शी ने कहा था कि चीन की थल सेना, नौसेना और वायु सेना इस संयुक्त अभ्यास से ताइवान की आजादी को बढ़ावा देने वाले अलगाववादियों को जवाब देंगे। इस अभ्यास में लड़ाकू विमान और नौसेना के कई युद्धपोत शामिल हैं। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीनी सेना के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने यह युद्धाभ्यास स्थानीय समयानुसार सुबह 7:45 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:15 बजे) शुरू किया। चीन ने इस अभ्यास को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया है।



### ताइवानी राष्ट्रपति बोले- चीन सैन्य अभ्यास रोके

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने को कहा है। लाई ने चीन से अपील की है कि वह अपने आक्रोश को रोककर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश करे। लाई के मुताबिक जिन द्वीपों के पास अभ्यास चल रहा है वे ताइवान के हैं। वहीं, ताइवानी सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है, जिससे पूरे इलाके में शांति बनी रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद लाई चिंग-ते ने भी अपने पहले संबोधन में कहा था कि ताइवान स्वतंत्र देश है, जो देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकता है।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग के दादा से पूछताछ

पुणे, एजेंसी

पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंबवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा नाबालिग के दादा से फिलहाल पुणे पुलिस आयुक्तालय में अपराध शाखा के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्शे कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।



### पोर्शे कार का अस्थायी पंजीकरण होगा रद

**पुणे।** जिस पोर्शे कार की चपेट में आकर दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हुई थी, उसके अस्थायी पंजीकरण को रद करने की प्रक्रिया आरटीओ ने शुरू कर दी है। पोर्शे टायकन कार को अस्थायी पंजीकरण के आधार पर महाराष्ट्र भेजे जाने से पहले मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर ने इसका आयात किया था।

### नाबालिग का दादा डॉन का करीबी, मरवाने को दी थी सुपारी

**पुणे।** पुणे में शिवसेना के पूर्व पार्षद अजय भोसले ने कार हादसे के आरोपी नाबालिग के दादा पर अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध होने का आरोप लगाया है। अजय ने दावा किया है कि 15 साल पहले छोटा राजन गैंग को उसकी हत्या करने की सुपारी दी थी। वह 2009 में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के उम्मीदवार थे, उस समय कोरेगांव पार्क क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर कथित तौर पर गोली चलाई गई थी।

# सिंगापुर में मुस्तफा समूह का बड़े पैमाने पर डेटा लीक

**सिंगापुर।** सिंगापुर के लिटिल इंडिया में शॉपिंग मॉल का संचालन करने सहित कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे मुस्तफा ग्रुप का डेटा बड़े पैमाने पर लीक हो गया है और इस द्विपीय देश की डेटा सुरक्षा एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। चर्चित हैकर मंच ब्रीचफोरम के साइबर हमलावरों ने दावा किया है कि उन्होंने मुस्तफा समूह के ग्राहकों और कर्मचारियों की निजी जानकारी चोरी कर ली है।

हाल के सप्ताह में मंच को बंद कर दिया है। हैकर ने पूर्व में दावा किया था कि उसने कंपनियों द्वारा संभावित अपराधियों की पहचान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैश्विक डेटाबेस से डेटा चोरी की है।

## उत्सव



कोलकाता में बौद्ध भिक्षुओं ने गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी में बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा की।


खगोल विज्ञान | क्षुद्रग्रहों की विविधता उजागर करती है यह खोज

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोल वैज्ञानिकों ने एक जुड़वां क्षुद्रग्रह खोज निकाला है। यह दोनों एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर मौजूद रहकर अपने पथ पर सफर करते हैं। इनसे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह खोज क्षुद्रग्रहों की विविधता बताती है।

क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। इनमें से न जाने कौन कब पृथ्वी से टकरा जाय, इस कारण वैज्ञानिकों की नजर इन पर बनी रहती है। मगर अब जिस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है, वह विचित्र है। पहली बार इस तरह की खोज हुई है। यह ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के लिए नासा के मिशन लुसी द्वारा खोजा गया है। लूसी मिशन अंतरिक्ष में जब डिकिनेश नामक क्षुद्रग्रह से गुजर रहा था, तो उसे नजर आ गई। पहली नजर में देखने पर यह चंद्रमा प्रतीत हो रहा था। मगर से देखने पर इसकी वास्तविकता आश्चर्यजनक लगी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि यह दो वस्तुओं से बना है जो गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से भौतिक रूप से एक दूसरे को छूते हैं, लेकिन पूरी तरह से एक दूसरे में विलय नहीं होते हैं। यह खोज अप्रत्याशित थी। कॉर्नेल कोल्वी मेरिल, कोलोराडो विश्वविद्यालय और बर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। इस क्षुद्रग्रह की प्रकृति को बाइनरी यार्कोव्स्की-ओ''कीफ-रेडज़िएव्स्की-पैडैक प्रभाव कहा जाता है। यह क्षुद्रग्रह लगभग 790 मीटर व्यास का है।



जुड़वां क्षुद्र ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

### अभी और भी प्रकृति के हो सकते हैं क्षुद्रग्रह

इस क्षुद्रग्रह के मिलने के बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विविध प्रकृति के कई अन्य क्षुद्र ग्रह हमारे अपने सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं। आने वाले समय में क्षुद्रग्रहों के अनेक रहस्य खुलेंगे। इसके लिए नई तकनीक इजाद की जा रही हैं।

# ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया

**दुबई।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को देश की सबसे पवित्र शिया दरगाह में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी कुछ दिन पहले हेलीकॉप्टर दुर्घटना में विदेश मंत्री तथा छह अन्य लोगों के साथ मृत्यु हो गई थी। रईसी को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह के अंदर एक कब्र में दफनाया गया है।

इस दरगाह में शिया समुदाय के आठवें इमाम दफन हैं। साल 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद रईसी पहले शीर्ष सरकारी अधिकारी हैं जिन्हें इस दरगाह में दफनाया गया है। वह पहले दरगाह और उससे जुड़े एक परोपकारी फाउंडेशन का जिम्मा संभाल चुके थे। हेलीकॉप्टर हादसे में 63 वर्षीय रईसी, विदेश मंत्री हुसैन आमिर और छह अन्य की मौत हो गई थी।

# विकासशील देशों पर भारी कर्ज कम करने में मदद करने का आग्रह

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की बैठक

वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं से केन्या और अन्य विकासशील देशों को नुकसान पहुंचा रहे भारी कर्ज के बोझ को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस अफ्रीकी देश के किसी नेता द्वारा 15 वर्ष में की गयी यह अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा है। इस कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया जबकि राष्ट्रपति बाइडन अफ्रीकी देशों से अपनी इस अपील पर जोर दे रहे हैं कि अमेरिका आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन की तुलना में बेहतर भागीदार हो सकता है। बीजिंग अफ्रीका महाद्वीप में अपना निवेश बढ़ा रहा है। यह काम अक्सर उच्च-ब्याज दर पर ऋण देकर और अन्य कठिन वित्तीय शर्तों के साथ किया जा रहा है। बाइडन और रूटो चाहते हैं कि ऋणदाता देश उन विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण बाधाओं को कम करें जो उच्च ऋण बोझ की वजह से लाचार हैं।



केन्या के राष्ट्रपति के साथ जो बाइडन।